Page 11

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

Page 10

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



खेल

**इंडिया वर्सेस इंग्लैंड : भारत ने बैजबॉल को चटाई धूल, इंग्लैंड 2 साल बाद हारा टेस्ट सीरीज**

देश

**टनकपुर, काशीपुर व कोटद्वार रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास से आमजन को मिलेंगी...**




मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष तृतीया विक्रम संवत 2080

• औरंगाबाद • मंगलवार • 27 फरवरी 2024 • वर्ष 26 • अंक 78 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 62, 840 | ₹74,500 |



## आज का इतिहास

- **2002 : भारत के गोधरा में ट्रेन के स्टेशन से निकलने के बाद साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में आग लग गई, जिसमें 55 से अधिक हिंदू श्रद्धालु मारे गए।**
- **2002 : गुजरात, भारत में एक हिंसक दंगा, जिसमें कम से कम 1,000 लोग (ज्यादातर मुस्लिम) मारे गए थे, एक ट्रेन में आग लग गई थी।**

## न्यूज बाइट्स

### अगले महीने बिहार में कबड्डी की 2 नेशनल प्रतियोगिता

**पटना (नि.सं.)।** मार्च महीने में पूरे बिहार में कबड्डी के बोल गूंजेगी, क्योंकि बिहार में अगले महीने कबड्डी के दो नेशनल प्रतियोगिताएं आयोजित होगी। एक टूर्नामेंट राजधानी पटना में और दूसरा राजधानी के बाहर आयोजित होगा। इसमें से एक आयोजन होली के पहले और दूसरा होली के बाद होगा। करीब 20-21 साल बाद नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन पटना से बाहर किया जा रहा है। बिहार राज्य कबड्डी संघ की देख-रेख में पूर्वी चंपारण में जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, मोतिहारी में नेशनल सब-जूनियर बालक कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। यह टूर्नामेंट 16 से 19 मार्च तक किया चलेगा। वहीं, बालिका वर्ग की नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होली के बाद 31 मार्च से 3 अप्रैल तक की जाएगी। वर्तमान समय में बिहार नेशनल सब-जूनियर कबड्डी का चैंपियन है। बोकारो में सत्र 2022-23 के लिए आयोजित नेशनल सब-जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता के बालक वर्ग में बिहार के खिलाड़ियों ने हरियाणा को पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था।

19,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 553 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की रखी गयी आधारशिला

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो हजार से अधिक रेल परियोजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन

**भारतीय रेलवे सिर्फ यात्री सुविधा ही नहीं, बल्कि भारत की कृषि और औद्योगिक प्रगति का सबसे बड़ा वाहक भी है : पीएम**

**एजेंसी | नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 41,000 करोड़ रुपये से अधिक की लगभग 2000 रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला रखी और राष्ट्र को समर्पित किया। 500 रेलवे स्टेशनों और 1500 अन्य स्थानों से लाखों लोग विकसित भारत विकसित रेलवे कार्यक्रम से जुड़े।

इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का कार्यक्रम नए भारत की नई कार्य संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने कहा, "भारत आज जो कुछ भी करता है, वह अभूतपूर्व तेजी से और बड़े पैमाने पर करता है। हम बड़े सपने देखते हैं और उन्हें साकार करने के लिए अथक परिश्रम करते हैं। यह संकल्प इस विकसित भारत विकसित रेलवे कार्यक्रम में दिखाई देता है।" उन्होंने उस पैमाने का उल्लेख किया जिसने हाल ही में अभूतपूर्व गति प्राप्त की है। उन्होंने अपने पिछले कुछ दिनों के जम्मू और गुजरात कार्यक्रमों का जिक्र किया जहां से उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र के बुनियादी ढांचे के बड़े पैमाने पर विस्तार की शुरुआत की। इसी तरह, आज भी 12 राज्यों के 300 जिलों में 550 रेलवे स्टेशनों का नवीनीकरण किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में गोमती नगर स्टेशन परियोजना, 1500 से अधिक सड़कों और ओवरब्रिज परियोजनाओं के बारे में बात करते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नए भारत की महत्वाकांक्षा और संकल्प के पैमाने और गति को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज 40,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू हुई। इस अवसर पर उन्होंने कुछ महीने पहले अमृत भारत स्टेशन परियोजना की शुरुआत को याद किया, जहां देश में 500 रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाने का काम शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि आज का कार्यक्रम इस संकल्प को और भी मजबूत करता है और भारत की प्रगति की गति की एक झलक प्रदान करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने आज की रेलवे परियोजनाओं के लिए लोगों को बधाई दी। श्री मोदी ने विकास परियोजना के लिए भारत की युवा शक्ति को विशेष रूप से बधाई दी, क्योंकि वे ही विकसित भारत के वास्तविक लाभार्थी हैं। उन्होंने कहा कि आज की विकास परियोजनाओं से जहां लाखों युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर पैदा होंगे, वहीं स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को भी फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के युवाओं को यह तय करने का अधिकतम अधिकार है कि विकसित भारत कैसे आगे बढ़ेगा। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से विकसित भारत में रेलवे के सपनों को साकार करने के लिए युवाओं के प्रति आभार व्यक्त किया और विजेताओं को बधाई भी दी। उन्होंने युवाओं को आश्वासन दिया कि उनके सपने और कड़ी मेहनत के साथ-साथ प्रधानमंत्री का संकल्प विकसित भारत की गारंटी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस बात पर खुशी व्यक्त की कि ये अमृत भारत स्टेशन विकास और विरासत दोनों के प्रतीक होंगे। उन्होंने बताया कि ओडिशा में बालेश्वर रेलवे स्टेशन को भगवान जगन्नाथ मंदिर की थीम पर डिजाइन किया गया है, सिक्किम के रंगपुर में स्थानीय वास्तुकला की छाप होगी, राजस्थान में सांगनेर स्टेशन 16वीं शताब्दी की हैंड-ब्लॉक प्रिंटिंग प्रदर्शित करेगा, तमिलनाडु में कुंभकोणम स्टेशन चोल प्रभाव को प्रदर्शित करेगा, अहमदाबाद स्टेशन मोढेरा सूर्य मंदिर से प्रेरित है। » शेष पेज 3 पर

### पिछले 10 वर्षों में विकसित भारत का निर्माण विशेष रूप से रेलवे में दिख रहा है : पीएम

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में विकसित भारत का निर्माण विशेष रूप से रेलवे में दिख रहा है। उन्होंने बताया कि जो सुविधाएं कभी दूर की कौड़ी हुआ करती थीं वो पिछले 10 वर्षों में अब वास्तविकता बन गई हैं। उन्होंने वंदे भारत, अमृत भारत, नमो भारत जैसी आधुनिक सेमी हाई-स्पीड ट्रेनों, रेल लाइनों के विद्युतीकरण की तेज गति, और ट्रेनों के अंदर तथा स्टेशन प्लेटफार्मों पर साफ-सफाई का उदाहरण दिया। उन्होंने पहले के हालात से तुलना करते हुए बताया कि कैसे भारतीय रेलवे में मानवरहित फाटक अब आम बात है जबकि रेलवे ओवरब्रिज और अंडरब्रिज ने आज निर्बाध और दुर्घटना-मुक्त आवाजाही सुनिश्चित की है। उन्होंने यह भी बताया कि अब रेलवे स्टेशनों पर भी गरीबों और मध्यम वर्ग को हवाईअड्डों जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं।

# बिहार में आधार से महज 22 फीसदी ही जमीन के दस्तावेज जोड़े गए

- **राज्य में जमीन के दस्तावेजों को इनके मालिकों के आधार कार्ड से जोड़ने का अभियान राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग चला रहा है।**

**निज संवाददाता | पटना**

राज्य में जमीन के दस्तावेजों को इनके मालिकों के आधार कार्ड से जोड़ने का अभियान राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग चला रहा है। पिछले वर्ष अक्टूबर-नवंबर से शुरुआत हुई थी लेकिन अब तक महज 22.68% जमीन के दस्तावेजों को ही आधार से जोड़ा गया है। 3-4 जिलों को छोड़कर अन्य सभी में इसकी प्रगति काफी खराब है। सिर्फ तीन जिला बांका, सुपौल और जहानाबाद को छोड़कर शेष किसी जिले में 50 फीसदी से अधिक आधार सीडिंग का काम नहीं पूरा हुआ है। सबसे खराब स्थिति पटना जिले की है। यहां इसका प्रतिशत सिर्फ 7.44 है। बांका में सबसे ज्यादा 60.09 प्रतिशत जमाबंदी को आधार से जोड़ा जा चुका है। इसके बाद सुपौल में 59.91 और जहानाबाद में 55.62 प्रतिशत आधार सीडिंग का काम हुआ है। बिहार में जमीन की कुल जमाबंदी की संख्या 4 करोड़ 8 लाख 1 हजार 755 है। इनमें 92 लाख 55 हजार 268 दस्तावेजों को आधार से जोड़ा जा चुका है। यह 22.68% है। यहां कुल हलका की संख्या 8 हजार 462 है, जिसमें 8 हजार 439 हलका में यह काम शुरू हो चुका है तथा 23 हलका में अभी तक यह कार्य शुरू नहीं हो सका है। बचे हुए सभी हलका में भी यह कार्य शुरू हो जाएगा। 23 जिले ऐसे हैं, जिनमें आधार सीडिंग का काम 25% से भी कम हुआ है। 8 जिलों में यह प्रतिशत 15 या इससे कम है। सिर्फ 5 जिलों में इसका प्रतिशत 50 फीसदी से कम और 30% से कम है, इनमें किशनगंज, बक्सर, पूर्णिया, अरवल और गया शामिल हैं।

20% या इससे कम प्रतिशत वाले 20 जिलों में खगड़िया, शेखपुरा, वैशाली, नवादा, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, मुंगेर, सारण, रोहतास, गोपालगंज, जमुई, बेगूसराय, सहरसा, अररिया, मधुबनी, कटिहार, पश्चिम चंपारण, दरभंगा, भोजपुर और पटना शामिल हैं। विभाग की तरफ से इस काम को तेजी से लाने का निर्देश सभी जिलों को दिया गया है। पहले इस कार्य के मार्च अंत तक समाप्त होने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था पर अब इसके कुछ माह बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

### यह होगा इससे फायदा

सभी जमाबंदी को आधार नंबर के साथ ही मोबाइल नंबर से भी जोड़ा जा रहा है। ताकि किसी जमाबंदी में किसी तरह की छेड़छाड़ या बदलाव करने पर संबंधित मोबाइल नंबर पर मैसेज चला जाएगा। ऐसे किसी भी तरह की धोखाधड़ी के प्रयास की जानकारी संबंधित व्यक्ति को तुरंत मिल जाएगी। आधार नंबर से जोड़ने से सभी दस्तावेजों का सही तरीके से सत्यापन हो सकेगा। फर्जी या डुप्लिकेट दस्तावेजों की संख्या कम होगी। आधार के जुड़े होने से खरीद-बिक्री में भी सहूलियत होगी। जमाबंदी से आधार सीडिंग की प्रक्रिया पिछड़ने की मुख्य वजह अधिकांश जमीन मालिकों का गांव में नहीं रहना। कई की पुरानी या पुस्तैनी जमाबंदी ही चली आ रही है। नई पीढ़ी के नाम पर इसे ट्रांसफर नहीं किया गया है। इसके अलावा अंचल स्तर के कर्मियों की लापरवाही के कारण भी इस प्रक्रिया की गति धीमी है।

# मैट्रिक की कॉपियों का मूल्यांकन एक से 10 मार्च तक

**पटना(नि.सं.)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से मैट्रिक की कॉपियों का मूल्यांकन एक से दस मार्च तक होगा। इसके लिए समिति की ओर से सभी जिलों में मूल्यांकन से संबंधित निर्देश भेज दिया है। पूरे बिहार में करीब 250 से अधिक मूल्यांकन केंद्र बनाये गये हैं। पटना जिले में 11 मूल्यांकन केंद्र बनाये गये हैं। यहां तीन हजार से अधिक शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति भी कर दी गयी है। विषयवार सह परीक्षकों एवं प्रधान परीक्षकों का चयन कर नियुक्ति पत्र समिति की वेबसाइट https://biharboardonline.bihar.gov.in/ अथवा http://teach.biharboardonline.com/ पर अपलोड किया गया है। साथ ही सह परीक्षाकों एवं प्रधान परीक्षकों के नियुक्ति पत्र की हार्ड कॉपी जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में भेजा जा रहा है।

# बिहार प्रशासनिक सेवा के 10 अफसरों का तबादला

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार सरकार ने बिहार प्रशासनिक सेवा के 10 अफसरों को इधर-उधर किया है। 6 को एडीएम और 4 अफसरों को डीडीसी बनाया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने स्थानांतरण संबंधित आदेश जारी कर दिया है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के उप सचिव मंडल राम को सीतामढ़ी में उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदधिकारी बनाया गया है। आपदा प्रबंधन पूर्णिया एडीएम राजेश्वरी पांडे को कैमूर का उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वेटिंग फॉर पोस्टिंग अमित कुमार को कटिहार उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में तैनात किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग के ओएसडी मुकेश कुमार को सिवान उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बनाया गया है।

वहीं चकिया के एसडीओ शंभू शरण पांडे को सारण एडीएम बनाया है। शिक्षा विभाग उपनिदेशक प्रशासन उपेंद्र प्रसाद सिंह को सिवान एडीएम के रूप में तैनात किया गया है। तेघड़ा पीजीआरओ अमरेंद्र कुमार पंकज को किशनगंज एडीएम की कुर्सी दी गई है। गया सीनियर डिप्टी कलेक्टर आरती को खगड़िया एडीएम के रूप में तैनात किया गया है। मुजफ्फरपुर विभागीय संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार को मुजफ्फरपुर आपदा प्रबंधन एडीएम के रूप में तैनात किया गया है। बेतिया जिला आपूर्ति अधिकारी कुमार रविंद्र को पश्चिम चंपारण विभागीय जांच आयुक्त के रूप में तैनात किया गया है, जबकि इन्हें पश्चिम चंपारण जिला आपूर्ति पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

## 27 और 28 को कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावनाएं

**पटना (नि.सं.)।** 27 और 28 पटना सहित दक्षिण मध्य और दक्षिण पश्चिम बिहार के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावनाएं जताई जा रही है। पिछले 24 घंटे के दौरान 7.5 डिग्री सेल्सियस के साथ मोतिहारी जिला सबसे ठंडा रहा। 29.3 डिग्री सेल्सियस के साथ मधुबनी का अधिकतम तापमान सबसे ज्यादा रहा। मौसम विभाग के अनुसार या बदलाव पश्चिमी विक्षोभ की वजह से देखने को मिल रहा है जो आज 26 फरवरी को हिमालय को प्रभावित करने जा रहा है। इस पश्चिमी विक्षोभ की वजह से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन देखने को नहीं मिलेगा। हालांकि कई जिलों में इस दौरान बारिश और बादल छाए रहने के कारण ठंड महसूस हो सकता है। 27 और 28 को बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद, पटना, गया, नालंदा, शेखपुरा, नवादा, बेगूसराय, लखीसराय और जहानाबाद में कुछ जगहों पर बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर के कारण 27 फरवरी को गरज-चमक के साथ पटना में बारिश हो सकती है। उसके बाद 28 फरवरी से मौसम साफ होने के आसार हैं। इस पूरे हफ्ते पटना का न्यूनतम तापमान 13 से 16 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 26 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहेगा।

BAYC Institute
स्थापित : 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th
DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2
MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS
BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course
PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties
» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com



## संक्षिप्त समाचार

### पड़ोस में युवक व युवती के प्यार में चढ़ा परवान,शादी कर थाना पहुंचा

**रजौली**। थाना क्षेत्र के कुम्हार टोली के युवक एवं पड़ोस की रही एक युवती से वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था।बीते 22 फरवरी को प्रेमी जोड़ों ने घर से भागकर शादी रचा ली।वहीं बीते रविवार को प्रेमी जोड़े ने थाने में हाजिर हो गए।मिली जानकारी के अनुसार युवक की पहचान कुम्हर टोली मोहल्ला निवासी अनिल पंडित के पुत्र प्रदीप पंडित के रूप में हुई है।वहीं युवती पास के ही एक मकान में किराए के घर में अपनी माता-पिता के साथ रहकर पढ़ाई किया करती थी।युवक और युवती में बीते पांच वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था।इस दौरान प्रेमी जोड़े में रहे युवती के 18 वर्ष पूरा होने का इंतजार कर रहा था।जैसे ही युवती कानूनी रूप से शादी के लिए योग्य हुई,वैसे ही अपने प्रेमी के साथ शादी रचा कर दो दिनों बाद रजौली थाना भी पहुंच गए।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि युवक एवं युवती दोनों बालिग हैं।साथ ही कहा कि दोनों लोग एक-दूसरे के साथ रहने को तैयार हैं।थानाध्यक्ष ने कहा कि लड़की पक्ष से किसी प्रकार का आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।जिसको लेकर किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है।प्रेमी जोड़े द्वारा थाने को लिखित आवेदन भी प्राप्त हुआ है।जिसमें युवक एवं युवती ने एकसाथ रहने की सहमती जताई है।

### महागठबंधन नेता तेजस्वी यादव के कार्यक्रम में फेर-बदल अब 28 की जगह 29 फरवरी को उनका होगा रोड शो

**बेगूसराय**। पिछले दिनों महागठबंधन की बैठक में 28 फरवरी को तेजस्वी यादव का बेगूसराय में आगमन तय हुआ था लेकिन इस कार्यक्रम में अब बदलाव हो गया। अब वह 28 फरवरी के बजाय 29 फरवरी को बेगूसराय में रोड शो करेंगे।उपर्युक्त बातों की जानकारी महागठबंधन के बेगूसराय जिला संयोजक पूर्व विधायक व सीपीआई जिला मंत्री अवधेश कुमार राय ने दिया।जानकारी देते हुए पूर्व विधायक अवधेश कुमार राय ने कहा कि कुरहा,रमजानपूर,हरहर महादेव चौक,सुशील नगर,जीरोमाईल,बीहट और थर्मल होते हुए मोकामा की ओर प्रस्थान करेंगे।इन सभी जगह पर महागठबंधन के नेता उनका भव्य स्वागत करेंगे।ज्ञात हो कि महागठबंधन नेता तेजस्वी यादव के कार्यक्रम में फेर बदल होने के बाद महागठबंधन के नेता बेगूसराय में इस तैयारी को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय कार्यानंद भवन में कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष सार्जन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक के दौरान सीपीआई राज्य परिषद सदस्य राजेंद्र चौधरी,राजद जिलाध्यक्ष मोहित यादव,सीपीएम के जिला मंत्री रत्नेश झा इत्यादि थे।

### अमर शहीद जगदेव प्रसाद का 102 जन्म दिवस समारोह मनाया गया

**बखरी (बेगूसराय)**। अर्जक संघ ,शोषित समाज अमर दल ,अंबेडकर फुले विचार मंच के बैनर तले प्रखंड के बाल विकास विद्यालय गंगरहो में अमर शहीद जगदेव प्रसाद का 102 जन्म दिवस समारोह मनाया गया कार्यक्रम कि शुरुआत सर्व प्रथम जगदेव प्रसाद के तैलिय चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए किया गया।इस दौरान शोषित समाज दल के प्रदेश संयुक्त सचिव धर्मेंद्र कुमार, अर्जक संघ जिला अध्यक्ष रामचरण महतो, अंबेडकर फूले विचार मंच के अध्यक्ष कैलाश सदा ने कहा कि जगदेव प्रसाद नब्बे प्रतिशत लोगों के लिए आजीवन संघर्ष करते रहे।वही लोग आज भी जगदेव बाबू के विचारों से अनभिज्ञ है। जगदेव बाबू ने नारा दिया था सौ में नब्बे शोषित है ।शोषितों ने ललकारा है।धन धरती और राज पाठ में नब्बे भाग हमारा है। दस का शासन नब्बे पर नहीं चलेगा, नहीं चलेगा । सौ में नब्बे शोषित है ,शोषित भाग हमारा है। सत्ता छोड़ो ए बेइमानो , नब्बे ने लटकारा है। राष्ट्रपति हो या भंगी की संतान ,सबको शिक्षा एक समान।जगदेव बाबू आजीवन शोषित , वंचित लोगों के लिए सामंतवाद के खिलाफ, पूंजीवाद , पाखंडवाद, अस्पृश्यता, रूढ़िवाद, राजनीतिक विषमता इत्यादि कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष करते रहे ,जिस कारण सामंती लोग तिलमिला गया और तत्कालीन तानाशाही इंदिरा की सरकार के द्वारा जगदेव बाबू की निर्मम हत्या की गई। वे जिस शोषितों नब्बे प्रतिशत लोगों की हक हुक की लड़ाई लड़ते हुए शहीद हो गए ,आज वह लोग जगदेव बाबू के हत्यारों का पिछलगू बना हुआ है, उसके तलवे चाटने में लगा हुआ है और वह चतुर चालाक लोग इस शोषित, वंचितों का बहुमूल्य वोट लेकर सत्ता पर बैठकर अय्याशी कर रहा है ।आज जगदेव बाबू के इस जन्मदिवस समारोह के अवसर पर हमें संकल्प लेने की जरूरत है। कि हम उनके बताए हुए मार्गों पर चलें। तभी यह कार्यक्रम सफल माना जाएगा।समारोह की अध्यक्षता शोषित समाज दल बिहार राज्य संयुक्त मंत्री धर्मेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधान पार्षद प्रो रामबदन राय ,मोहनपुर पंचायत के मुखिया मीरा देवी, उप प्रमुख प्रतिनिधि बलराम सिंह कुशवाहा, शोषित समाज दल के मंडल समिति सदस्य लालो महतो, शंभू महतों, नितीश कुमार, बौएलाल महतों ,मंडल मंत्री संजय पासवान, भीम आर्मी जिला अध्यक्ष सुमन कुमार, वाम सेफ के पूर्व सैनिक सुखदेव मल्लिक, पूर्व डाक मास्टर भिखारी दास, राजद जिला उपाध्यक्ष हरेराम महतों, अर्जक संघ समस्तीपुर के पूर्व शिक्षक रामबहादुर महतों, अनिल महतों , अर्जक संघ बेगूसराय जिला कमेटी के सदस्य अमित कुमार, शिक्षक संजय कुमार सुमन, जगदेव जाग उठा नाटककार शोषित समाज दल खगड़िया जिला के मुल्क राज आनंद ,मोहनपुर पैक्स अध्यक्ष पंकज वर्मा , बागवन पंचायत के उप सरपंच रामबालक रजक ,जनता दल कर्पूरी ठाकुर के विजय कुमार सिंह, नरेश यादव , बेगूसराय से साईकिल से जगदेव बाबू के शहीद स्थल तक यात्रा करने वाले तुलो महतो, विद्यालय के शिक्षक नीतीश कुमार, राजकुमार आदि मौजूद थे।

### शराब मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार भेजे गये जेल

**बखरी (बेगूसराय)**। बखरी थाना पुलिस ने शराब मामले में फरार चल रहे। एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष विकास कुमार राय ने बताया कि बिहार मधनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के नामजद आरोपी बाजार के गोढ़ियारी निवासी स्व.विरंजी सहनी के पुत्र दिलीप सहनी को विधिवत गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया

### चोरों ने पंक्चर दुकान के बाहर रखी 60 किलो वजनी रीम को चुराया

**छौड़ाही बेगूसराय**। सहायक थाना क्षेत्र के ऐजनी पंचायत अंतर्गत राजोपुर चौक पर बीते रविवार की रात चोरों ने पंक्चर दुकान के बाहर रखी लोहे की रीम चोरी कर ली। चोरी के बावत पीड़ित स्थानीय दुकानदार राधे दास पिता स्व जालेश्वर दास ने सोमवार को छौड़ाही पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस को दिए आवेदन में उन्होनें 60 किलो वजनी ट्रैक्टर डाला का रीम चुराने की बात कही है। पीड़ित के अनुसार रात में एक मालवाहक पिकअप उनके दुकान का कई चक्कर लगा रहा था। जिसकी करतूत दुकान के नजदीक लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इधर पुलिस चोरी का आवेदन मिलते ही मामले की छानबीन में जुट गई है।

### एक न्यायालय वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार ,भेजा जेल

**बछवाड़ा ( बेगूसराय )**। बछवाड़ा थाना क्षेत्र के रानी एक पंचायत के नारेपुर पश्चिम गांव में छापेमारी कर बछवाड़ा थाना पुलिस ने एक न्यायालय वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है । मामले को लेकर थानाध्यक्ष बछवाड़ा अमित कुमार कांत ने बताया कि रानी एक पंचायत के नारेपुर पश्चिम गांव निवासी तेज नारायण राय के पुत्र उमाशंकर राय उर्फ मखरु राय को गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार व्यक्ति बछवाड़ा थाना का नामजद प्राथमिकी अभियुक्त है । गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध बछवाड़ा थाना में अपने ग्रामीण के साथ मारपीट करने का मामला दर्ज है । न्यायालय से फरार रहने के कारण न्यायालय द्वारा वारंट निर्गत किया गया था जिसके तहत उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार व्यक्ति को पूछताछ के उपरांत न्यायिक हिरासत बेगूसराय भेज दिया गया है ।

# पीएम ने अमृत भारत स्टेशन योजना कार्यक्रम में देश वासियों को किया संबोधित

निज संवाददाता। **नवादा**

अमृत भारत स्टेशन योजना कार्यक्रम नए भारत की नई कार्य संस्कृति का प्रतीक है। आज भारत जो करता है अभूतपूर्व स्पीड से करता है, आज भारत जो करता है अभूतपूर्व स्केल से करता है। आज के भारत ने छोटे-छोटे सपने देखना छोड़ दिया है। हम बड़े सपने देखते हैं और उन्हें पूरा करने के लिए दिन रात एक कर देते हैं। यही संकल्प इस विकसित भारत-विकसित रेलवे कार्यक्रम में दिख रहा है। उक्त बातें सोमवार को अमृत भारत स्टेशन योजना कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कही। उन्होंने इस कार्यक्रम में देशभर से जुड़े सभी साथियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि हमारे साथ 500 से अधिक रेलवे स्टेशनों और डेढ़ हजार से ज्यादा दूसरी जगहों से लाखों लोग जुड़े हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार में आम हो या खास सभी को सम्मान मिला है और वे लोग हमारे साथ हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी की उपस्थिति में आज एक साथ रेलवे से जुड़ी 2000 से अधिक परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है, जिसमें पूर्व मध्य रेल अंतर्गत दानापुर मंडल के किउल-गया रेलखंड पर स्थित नवादा स्टेशन भी शामिल है। इस दौरान कई विद्यालयों के छात्र व छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गई, वहीं पूर्व में आयोजित की गई प्रतियोगिता में सफल छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मौके पर नवादा सांसद चंदन सिंह, भाजपा के राज्य सभा सांसद विवेक ठाकुर, वारिसलीगंज के भाजपा विधायक अरूणा देवी, नवादा के राजद विधायक विभा देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी कुमारी आदि के अलावा दानापुर मंडल के सिनियर डीईएन गतिशक्ति प्रतीक रस्तोगी, नवादा के एसएसई तारकेश्वर प्रसाद, सीटीआई नवादा अंजन सिवान, डीईएन जावेद अख्तर तथा स्टेशन प्रबंधक अरूण कुमार सहित कई रेल पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। मंच संचालन सीटीआई दानापुर आरके सिन्हा ने किया। प्रधानमंत्री ने लोक सभा चुनाव से पहले ही तीसरे टर्म में एनडीए की सरकार बनने की कह दी बड़ी बात प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि अभी तो इस सरकार के तीसरे टर्म की शुरुआत जून महीने से होने वाली है। अभी से जिस स्केल और जिस स्पीड पर काम होना शुरू हो गया है, वो सबको हैरत में डालने वाला है। कुछ दिन पहले मैंने जम्मू से एक साथ आईआईटी-आईआईएम जैसे दर्जनों बड़े शिक्षा संस्थानों का लोकार्पण किया। कल ही मैंने राजकोट से एक साथ 5 एम्स और अनेक मेडिकल संस्थानों का लोकार्पण किया और अब आज का यह कार्यक्रम में 27 राज्यों के करीब 300 से अधिक जिलों में 550 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प का शिलान्यास हुआ है, जिसमें देष भर के स्टेषनों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सोमवार को 1500 से ज्यादा रोड, ओवरब्रिज, अंडरपास इसकी परियोजनाएं भी इसमें शामिल हैं। 40 हज़ार करोड़ रुपये की यह परियोजनाएं एक साथ जमीन पर उतर रही है। उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले ही हमने अमृत भारत स्टेशन योजना की शुरुआत की थी, तब भी 500 से अधिक स्टेशन्स के आधुनिकीकरण पर काम शुरु हुआ था, अब यह कार्यक्रम इसे और आगे बढ़ा रहा है, जो दिखाता है कि भारत की प्रगति की रेल किस गति से आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं देश के विभिन्न राज्यों के नागरिकों को शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि मोदी जब विकसित भारत की बात करता है, तो इसके सूत्रधार और सबसे बड़े लाभार्थी देश के युवा ही हैं। आज की इन परियोजनाओं से देश के लाखों नौजवानों को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि मैं देश के हर नौजवानों को बताना चाहता हूं कि आपका सपना ही मोदी का संकल्प है। आपका सपना आपकी मेहनत और मोदी का संकल्प, यही विकसित भारत की गारंटी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन उस शहर की विशेषताओं से दुनिया को परिचित कराएगा। इन स्टेशनों के निर्माण में दिव्यांगों और बुजुर्गों की सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया है। एक दषक में एनडीए की केंद्र सरकार में रेल का हो गया कायाकल्प प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल सम्बोधन में कहा कि बीते 10 वर्षों में हम सभी ने एक नया भारत बनते देखा है और रेलवे में तो परिवर्तन साक्षात हम अपनी आंखों के सामने देख रहे हैं। जिन सुविधाओं की हमारे देश के लोग कल्पना किया करते थे, लोगों को लगता था कि काश भारत में ऐसा भी होता, वह आज हम आंखों के सामने होता हुआ देख रहे हैं। एक दशक पहले तक वंदे भारत जैसी आधुनिक सेमी-हाईस्पीड ट्रेन के बारे में कभी सोचा भी नहीं था और सुना भी नहीं था, किसी सरकार ने कभी बोला भी नहीं था। एक दशक पहले तक अमृत भारत जैसी आधुनिक ट्रेन की कल्पना बहुत मुश्किल थी। एक दशक पहले तक नमो भारत जैसी शानदार रेल सेवा के बारे में किसी ने कभी सोचा नहीं था। एक दशक पहले तक विष्वास ही नहीं हो पाता था कि भारतीय रेल का इतनी तेज़ी से विद्युतीकरण होगा, जिसे हमने कर दिखाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक दशक पहले तक मानवरहित फाटक भारतीय रेल की एक पहचान बन चुकी थी, जो एक आम तस्वीर थी। आज ओवरब्रिज, अंडरब्रिज से बे-रोकटोक और दुर्घटना रहित आवाजाही सुनिश्चित हुई है। एक दशक पहले तक लोगों को लगता था कि एयरपोर्ट जैसी आधुनिक सुविधाएं सिर्फ पैसे वालों के ही भाग्य में हैं। आज गरीब और मिडिल क्लास के लोग रेलवे स्टेशन पर भी एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं। वर्चुअल सम्बोधन में प्रधानमंत्री ने पूर्व की सरकार पर किया प्रहार दशकों तक रेलवे को हमारे यहां की स्वार्थ भरी राजनीति का शिकार होना पड़ा। लेकिन अब भारतीय रेलवे, देशवासियों के लिए ईजी ऑफ ट्रेवल का मुख्य आधार बन रही है, जिस रेलवे को हमेशा घाटे में होने का रोना रोया जाता था, आज वही रेलवे परिवर्तन के सबसे बड़े दौर से गुजर रही है। यह सब कुछ इसलिए हो रहा है कि भारत 11वें नंबर से छलांग लगाकर 5वें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गई है। 10 साल पहले जब हम 11वें नंबर पर थे, तब रेलवे का औसत बजट 45 हज़ार करोड़ रुपये के आसपास रहता था, आज जब हम 5वें नंबर की आर्थिक ताकत है, तो इस वर्ष का रेल बजट ढाई लाख करोड़ रुपये से अधिक का है। उन्होंने कहा कि आप कल्पना कीजिए, जब हम दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनेंगे, तो हमारा सामर्थ्य कितना अधिक बढ़ेगा, इसलिए मोदी भारत को जल्द से जल्द दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए जी-जान से जुटा हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा देष में घोटाले बाज नहीं जायेंगे बख्शे वर्चुअल सम्बोधन के दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा आपको एक और बात ध्यान रखनी है। नदी-नहर में पानी चाहे कितना भी क्यों न हो, अगर मेढ़ टूटी हुई हो तो किसान के खेत तक बहुत ही कम पानी पहुंचेगा। इसी तरह बजट चाहे कितना भी बड़ा हो, अगर घोटाले होते रहें, बेईमानी होती रही, तो जमीन पर उस बजट का असर कभी नहीं दिखता। बीते 10 वर्षों में हमने बड़े-बड़े घोटालों और सरकारी पैसों की लूट को बचाया है, इसलिए बीते 10 वर्षों में नई रेलवे लाईन बिछाने की गति दोगुनी हुई। उन्होंने कहा आज जम्मू-कश्मीर से लेकर नॉर्थ ईस्ट तक, ऐसे स्थानों तक भी भारतीय रेल पहुंच रही है, जहां लोगों ने कभी कल्पना भी नहीं की थी। ईमानदारी से काम हुआ, तभी ढाई हज़ार किलोमीटर से अधिक के डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का काम हुआ है, यानि आपने टैक्स और टिकट के रूप में जो पैसा दिया, उसकी पाई-पाई आज रेल यात्रियों के हित में ही लग रही है। हर रेल टिकट पर भारत सरकार करीब-करीब 50 प्रतिषत डिस्काउंट देती है। रेलवे के विकास से रोजगार के बढ़ रहे अवसर प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे बैंक में जमा पैसे पर ब्याज़ मिलता है, वैसे ही इंफ्रास्ट्रक्चर पर लगी हर पाई से कमाई के नए साधन बनते हैं, नए रोजगार बनते हैं। जब नई रेल लाईन बिछती है, तो मजदूर से लेकर इंजीनियर तक अनेक लोगों को रोजगार मिलता है। सीमेंट, स्टील तथा ट्रांसपोर्ट जैसे अनेक उद्योगों व दुकानों में नई नौकरियों की संभावनाएं बनती हैं, यानि आज जो ये लाखों करोड़ रुपए का निवेश हो रहा है, वह हज़ारों प्रकार के रोजगार की गारंटी भी है। जब स्टेशन बड़े और आधुनिक होंगे, ज्यादा ट्रेनें रुकेंगी, ज्यादा लोग आएंगे, तो आसपास रेहड़ी-पटरी वालों को भी इससे फायदा होगा। हमारी रेल छोटे किसानों, छोटे कारीगरों तथा हमारे विष्वकर्मा साथियों के उत्पादों को बढ़ावा देने वाली है। इसके लिए वन स्टेषन वन प्रोडक्ट योजना के तहत स्टेशन पर विशेष दुकानें बनाई गई हैं। हम रेलवे स्टेशनों पर हजारों स्टॉल लगाकर उनके उत्पाद बेचने में भी मदद कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय रेल यात्री की सुविधा ही नहीं है, बल्कि देश की खेती और औद्योगिक प्रगति का भी सबसे बड़ा वाहक है। रेल की गति तेज़ होगी, तो समय बचेगा। इससे दूध, मछली, फल तथा सब्ज़ी जैसे अनेक उत्पादन तेज़ी से मार्केट पहुंच पाएंगे।

इससे उद्योगों की लागत भी कम होगी और इससे मेक इन इंडिया को आत्मनिर्भर भारत अभियान को गति मिलेगी। आज पूरी दुनिया में भारत को निवेश के लिए सबसे आकर्षक माना जा रहा है, इसका एक बड़ा कारण आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर भी है। आने वाले 5 वर्षों में जब ये हज़ारों स्टेशन आधुनिक हो जाएंगे और भारतीय रेल की क्षमता बढ़ जाएगी, तो निवेश की एक और बहुत बड़ी क्रांति आएगी।

## अमृत भारत स्टेशन के शिलान्यास के अवसर पर सम्मानित किए गए मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के विद्यार्थी

### मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अध्यक्ष व शिक्षाविद डॉ. अनुज ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता जाहिर की

निज संवाददाता। **नवादा**



अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नवादा रेलवे स्टेशन को विकसित किए जाने की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा की गई थी| इस योजना का शिलान्यास नवादा रेलवे स्टेशन परिसर में समारोह पूर्वक किया गया| इस समारोह में मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही| कार्यक्रम का शुभारंभ मॉडर्न की छात्राओं वंशिका, रुही परी, साक्षी, आरुषी, रिद्धिमा के स्वागत गीत से हुआ| कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में नवादा के सांसद चंदन सिंह, राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर, नवादा की विधायिका विभा देवी, वारिसलीगंज की विधायिका अरुणा देवी तथा पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल के अधिकारी मंच पर उपस्थित थे| इस आयोजन को देखते हुए गत दिनों जिले के विभिन्न विद्यालयों में निबंध तथा पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी जिसका विषय था 'वर्ष 2047 के विकसित भारत का विकसित रेलवे|' इस प्रतियोगिता में मॉडर्न इंग्लिश स्कूल,न्यू एरिया तथा मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, कुंती नगर के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन रहा| यह कठिन प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई थी जिसमें अंतिम और निर्णायक चरण में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तीन-तीन प्रतिभागियों का चयन किया गया था| निबंध प्रतियोगिता में स्तुति सिन्हा ने प्रथम, निशिता बर्मन ने द्वितीय तथा वैष्णवी राज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तो वहीं पेंटिंग प्रतियोगिता में तान्या कश्यप ने प्रथम, अभ्युदय प्रसाद ने द्वितीय तथा शेजल प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया| इन सभी प्रतिभागियों को समारोह के दौरान मुख्य अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया| मुख्य अतिथियों ने सभी विद्यार्थियों की हौसलाफ़ज़ाई करते हुए इनकी प्रतिभा की सराहना की| कार्यक्रम के मध्य में मॉडर्न की अनुराधा तथा राधा की जोड़ी ने राम सियाराम गीत पर शानदार प्रस्तुति से उपस्थित अतिथियों और हज़ारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया| उपस्थित दर्शक इन बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते दिखे| समारोह में उपस्थित मॉडर्न के विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन भी सुना| मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अध्यक्ष, प्रखर शिक्षाविद व समाजसेवी डॉ.अनुज कुमार ने विद्यार्थियों की सफलता पर उन्हें बधाई दी है| मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के प्राचार्य गोपाल चरण दास, उप प्राचार्य सुजय कुमार, एम.के.विजय एवं धर्मवीर सिन्हा ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं| इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक प्रत्यूष आनंद, अंजना दीक्षित, संगीत शिक्षक पवन कुमार सिन्हा, अनिल कुमार तथा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त खेल प्रशिक्षक अलखदेव प्रसाद विद्यार्थियों के साथ मौजूद रहे|

## आरजेडी का झंडा लगे स्कोर्पियो से एक शराबी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

निज संवाददाता। **रजौली**



थाना क्षेत्र के बाईपास से डायल 112 की पुलिस टीम ने आरजेडी झंडा लगे स्कोर्पियो से एक शराबी को हिरासत में लेकर थाना परिसर ले आई।डायल एफसीआई गोदाम के समीप आरजेडी का झंडा लगे स्कोर्पियो संख्या बीआर01पीएल1809 में कुछ लोग शराब पी रहे थे।जिसकी सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा डायल 112 की टीम को दे दी गई।इसी बीच डायल 112 की टीम को स्कोर्पियो की तरफ आता देख सभी घबरा गए और स्कोर्पियो को सड़क के तरफ भगाने लगा।जिसका पीछा करते हुए डायल 112 की टीम ने बाईपास में धर दबोचा एवं स्कोर्पियो में सवार लोगों को थाना परिसर ले आई।

जहां स्कोर्पियो में सवार तीन लोगों के जांच किये जाने पर एक व्यक्ति के शराब पीये होने की पुष्टि हुई।इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि डायल 112 की टीम द्वारा एक शराबी को पकड़ कर सुपुर्द किया गया था।जिसकी पुष्टि ब्रेथ एनालाइजर से जांच के बाद की गई।

थानाध्यक्ष ने कहा कि गिरफ्तार युवक की पहचान नवादा के नेहालुचक गांव निवासी विकास कुमार के रूप में हुई है। साथ ही कहा कि बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।गिरफ्तार व्यक्ति को मंगलवार को स्वास्थ्य जांचोपरांत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

निज संवाददाता। **बेगूसराय**

थाना क्षेत्र के धर्मपुर चौक के पास बेगूसराय रोसड़ा स्टेट हाइवे पर रविवार को सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक चेरिया बरियारपुर पंचायत के वार्ड पांच निवासी गांगो मेहता के 45 वर्षीय पुत्र अशोक मेहता बताए गए हैं। दरअसल रविवार को मृतक चौक पर खड़ा होकर वाहनों को निकलवा रहे थे। तभी अचानक एक बाइक सवार ने ठोकर मार दी। इसके बाद वो गिर पड़ा। इस दौरान उनके सिर पर गंभीर चोट लगी थी। दुर्घटना के बाद आस पास के लोगों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहां उनकी मौत हो गई है। इसके बाद परिवार सहित मुहल्ले में शोक की लहर है। बताया गया है कि वह एक शांत स्वभाव के विचार के व्यक्ति थे। गांव के सामाजिक व सभी धार्मिक कार्यक्रम में वे भाग लेते थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल भेज दी है। मुखिया रवीश कुमार, सरपंच महेन्द्र राय, पूर्व मुखिया बिपिन कुमार सिंह, रामदेव पोद्दार, अर्जुन चौधरी, रंजीत कुमार, ऋषि कुमार आदि लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## बैंक में ग्राहकों के साथ सेंधमारी करने वाली मध्य प्रदेश की दो चोरनी एवं एक चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

निज संवाददाता। **रजौली**



मुख्यालय के पुरानी बस स्टैंड स्थित पंजाब नेशनल बैंक एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में आने वाले ग्राहकों के साथ सेंधमारी करने वाली मध्य प्रदेश की दो महिला चोर एवं एक पुरुष चोर को एसआई सत्येंद्र सिंह ने पुलिस बलों के सहयोग से हिरासत में लिया।मौके से एक स्विफ्ट वाहन संख्या एमपी09जेडएम4208 को भी जब्त किया गया।पंजाब नेशनल बैंक के मैनेजर ने कहा कि बीते 22 फरवरी को बैंक में पैसे जमा करने आये एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मी के बैग में ब्लेड मारकर पैसों की चोरी की गई थी।जिसका वीडियो फुटेज भी निकाला गया था।किंतु उस समय से ब्लेड मारने वाली महिला की पहचान नहीं हो सकी थी।इसी बीच सोमवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के परिसर में भी दोनों महिला को देखा गया।इस दौरान बैंक कर्मियों द्वारा सीसीटीवी फुटेज से पहचान भी किया गया।उसके बाद स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ करने लगी।वहीं साथ में रहे एक युवक जो वाहन लेकर फरार होने लगा।जिसे पुलिस कर्मियों ने खदेड़ कर पकड़ा एवं तीनों लोगों को थाना परिसर ले आई।इस बाबत थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि गिरफ्त में रही दोनों महिलाओं एवं एक युवक को लेकर पुलिस छानबीन कर रही है।साथ ही उन्होंने कहा कि माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मी जिनके पैसे की चोरी हुई थी।उनके द्वारा अभी आवेदन नहीं दिया गया है।

## श्रद्धा व उत्साह से निकाली संत रैदास की शोभायात्रा

निज संवाददाता। **नारदीगंज**



आदर्श युवा रविदासिया समाज नारदीगंज के सौजन्य से आयोजित संत रैदास जयंती के तीसरे दिन सोमवार को संत रैदास की प्रतिमा का भक्तिभाव से शोभायात्रा का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का आयोजन वार्ड दस में अनुसूचित टोला में किया गया।इसके पूर्व उपस्थित लोगों ने संत रैदास की भक्तिभाव से पूजा अर्चना की।।उसके बाद श्रद्धा व उत्साह के साथ धूम धाम से शोभा यात्रा नारदीगंज बाजार में निकाली गई।इस अवसर पर वाद्ययंत्रों पर श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन में तल्लीन रहे।संत रैदास के जयकारे से सारा वातावरण गूंजता रहा। बाजार में संत रैदास की प्रतिमा को भ्रमण के उपरांत नारदीगंज स्थित ढाढर नदी में श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से विसर्जन किया। उसके बाद उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया। मौके पर रविन्द्र कुमार,अखिलेश कुमार,भूषण कुमार, महेश कुमार,सुबोध कुमार समेत अन्य लोगों ने शोभायात्रा में भाग लिया।

## जन विश्वास यात्रा को लेकर राजद की प्रखंण्ड स्तरीय बैठक

निज संवाददाता। **तेघड़ा बेगुसराय**

राजद प्रखंड की एक अहम बैठक पंचायती राज प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष जनार्दन यादव जी के आवास पर हुआ इस बैठक में जन विश्वास यात्रा को लेकर विस्तार से चर्चा हुई दिनांक 29/ 2/2024 को पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव जी के जन्म विश्वास यात्रा में जीरोमाइल बरौनी आ रहे हैं इसमें जाने की तैयारी को लेकर बैठक की गई और 3 /2/2024 को पटना महा रैला में जाने की तैयारी की गई इस मौके पर उपस्थित पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष जनार्दन यादव ने कहा जन विश्वास यात्रा सफल बनाने के लिए जितने भी कार्य करता है एकजुट होकर जीरोमाइल पहुंचकर जन विश्वास यात्रा को सफल बनावे।

एक का घर के पास संदिग्ध हालत में मिला शव, दूसरे की ट्रेन से कटकर गई जान

# विभिन्न जगहों पर दो लोगों की मौत



निज संवाददाता

**जहानाबाद।** जहानाबाद के शकुराबाद थाना क्षेत्र के सकशवा गांव में संदिग्ध हालत में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान अतुल कुमार के रूप में हुई है। परिजन रंजन कुमार ने बताया कि मैं बाहर नौकरी करता हूं। सूचना मिली कि आपका परिवार के आदमी की गांव के बधार शव पड़ा है। जब अपने घर पहुंचे तो देखा कि अतुल की मृत्यु हो चुकी है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। उसके परिजन का कहना है कि मौत कैसे हुई, इसकी जानकारी हम लोगों की नहीं है, हम लोगों का किसी से लड़ाई झगड़ा नहीं था इसलिए किसी पर कोई शंका भी नहीं हो रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के बारे में स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा। आसपास के लोगों का कहना है कि व्यक्ति की अचानक मौत कैसे हुई इसका कुछ भी अता-पता नहीं चल रहा है।। वहीं, दूसरी घटना गया पटना रेलखंड पर दरधा पुल के पास की है, जहां ट्रेन से कटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। उस व्यक्ति की पहचान नहीं हुई है। रेल थाने की पुलिस और नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। शव के पहचान में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि पहचान के बाद ही घटना के बारे में स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा।

## दो दिनों से लापता युवक का शव बरामद

निज संवाददाता

**चैनपुर (कैमूर)।** कैमूर के चैनपुर थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव के सुलेमान कुरैशी के बेटे मंगरु कुरैशी अपने घर से किसी कार्य के लिए बाहर निकले थे, लेकिन उनका कहीं भी पता नहीं चला। पुलिस को उनका शव गांव के ही खेत से दो दिन बाद सोमवार को बरामद किया है। कागजी कार्रवाई पूरी करते हुए पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की गर्दन में निशान देखकर पुलिस हत्या के पहलू पर जांच करते हुए आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। भभुआ डीएसपी शिव शंकर कुमार ने बताया कि चैनपुर थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव के सुलेमान कुरैशी के बेटे मंगरु कुरैशी के गायब होने की प्राथमिकी परिजनों द्वारा चैनपुर में आवेदन देकर दर्ज कराई थी। पुलिस पूरे मामले का जांच कर ही रही थी तभी चैनपुर थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव के सरसो के खेत से उनका डेड बॉडी देखकर ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को उपलब्ध कराई गई थी।



घटना स्थल पर पुलिस ने पहुंचकर देखा तो उसकी गर्दन पर निशान मिले हैं। मामले का पुलिस जांच कर रही है। कागजी कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया गया है। मंगरु कुरैशी प्रतिदिन घर से बाहर निकलते थे, लेकिन 23 तारीख को जाने के बाद वापस नहीं लौटे। इसके बाद अगले दिन परिजनों ने चैनपुर थाने में आवेदन देकर बरामदगी की गुहार लगाई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का पुलिस इंतजार कर रही है और परिजनों के दीए आवेदन पर कार्रवाई की जा रही है।

# डेहरी रेलवे स्टेशन का 16 करोड़ से होगा विकास

## पीएम ने वर्चुअली किया योजनाओं का शिलान्यास



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा द्वारा सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पूरे देश में 500 से अधिक रेलवे स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत अधिक स्टेशनों के पुनर्विकास हेतु विभिन्न याजनाओं के शिलान्यास किया गया। इसके अंतर्गत् रोहतास जिले में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत डेहरी ऑन सोन स्टेशन पर लगभग 16.12 करोड़ रुपए और बिक्रमगंज स्टेशन पर लगभग 12.25 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया गया। मौके पर स्कूली बच्चों के द्वारा संविधान गीत एवं देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति की गई। मौके पर डेहरी स्टेशन पर सांसद महाबली सिंह, पूर्व विधायक सत्य नारायण यादव एवं बिक्रमगंज स्टेशन पर पूर्व विधायक राजेश्वर राज मौजूद थे। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सह डीडीयू रेल मंडल के वरीय मंडल अभियंता विकेश कुमार ने कहा कि डेहरी आन सोन स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना नाम से आधुनिकीकरण के लिए एक नई नीति तैयार की गयी है। अमृत भारत स्टेशन योजना में दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ निरंतर आधार पर स्टेशनों के विकास की परिकल्पना की गई है। जिस पर 16.12 करोड़ रुपए खर्च होंगे। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत दोनों स्टेशनों पर भविष्य में यात्रियों की सुविधा, सुगमता व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार स्टेशन भवन, प्रवेश एवं निकास द्वार, फुटओवर ब्रिज, कॉनकोर्स, प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग, दिव्यांग सुविधाओं, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता व्यवस्था, पहुंच पथ, संकेत एवं निर्देश बोर्ड, ट्रेन डिस्प्ले और उद्घोषणा प्रणाली, लिफ्ट, 1 एक्सलेटर, मल्टी पर्पस फूट ओवर ब्रिज जिसकी चौड़ाई 12 फीट, मल्टी पर्पस आरक्षण केंद्र, स्टेशन सुंदरीकरण आदि आवश्यक विकास कार्य किया जाएगा।

# उर्स मेला को लेकर प्रशासन अलर्ट, शेरशाह के मकबरे समेत कई स्थानों पर पुलिस बल तैनात

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** जिला मुख्यालय सासाराम के पूर्वी भाग में कैमूर पहाड़ी स्थित चंदन शहीद पहाड़ पर लगने वाले उर्स मेला को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में है। एसडीएम आशुतोष रंजन ने सोमवार को मेला क्षेत्र का दौरा किया। शाम में शेरशाह मकबरे का भी निरीक्षण किया। एसडीएम ने कहा कि उर्स मेला का आयोजन बुधवार को आयोजित होने जा रहा है, जिसमें हजारों की संख्या में जायरीन पहुंचेंगे। इसे लेकर प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जगह-जगह ड्रॉप गेट बनाया गया है। दंडाधिकारी की नियुक्ति की गई है। पेट्रोलिंग पार्टी की नियुक्ति की गई है। पर्याप्त मात्रा पुलिस बल तैनात किए गए हैं। बताया कि उर्स मेला के मौके पर सैकड़ों लोग शेरशाह के मकबरे पर भी आते हैं इसलिए डीएम के स्तर से दो दंडाधिकारी और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है, ताकि लोग जब बड़ी संख्या में मकबरा देखने पहुंचे तो यहां किसी तरह की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

चंदन शहीद पहाड़ी पर शबएबरात पर लगने वाले दो दिवसीय उर्स मेला का आयोजन मंगलवार को होगा। हजारों की तादाद में लोगों ने वहां पहुंचकर चंदन शहीद पीर की मजार पर चादरपोशी की। देश में अमन और सलामती की दुआ मांगने पहुंचेंगे। मेला में जिले के अलावा सीमावर्ती राज्यों से भी भारी संख्या में लोग चादरपोशी के लिए पहुंचते हैं। सुरक्षा और विधि व्यवस्था को लेकर तीन दर्जन प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई थी।

## कार ने बाइक सवार तीन लोगों को रौंदा, घायल

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)।** सासाराम-बक्सर स्टेट हाईवे पर करगहर थाना क्षेत्र में सोमवार को सिरसियां गांव के पास कार ने विपरीत दिशा से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी। घायलों को सीएचसी करगहर ले जाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया। तीनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर ले आया गया है। घटना के बाद कार सवार फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल विजय के पिता झाबर चौधरी ने बताया कि तीनों युवक एक ही बाइक पर करगहर से डिभियां काम पर जा रहे थे। तभी दूसरी दिशा से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिसके बाद तीनों घायल हो गए। जिनका इलाज चल रहा है। बताया कि कार स्पीड से आ रही थी, इसे देख बाइक सवार साइड भी हुए, फिर भी कार इनकी तरफ आ गई और टक्कर मारते हुए पलट गई।

# जिलाधिकारी ने बालिका विद्यालय छात्रावास परिसर में 4.65 करोड़ के जिला शिक्षा कार्यालय भवन का किया शिलान्यास

निज संवाददाता



**अरवल।** जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने जिला मुख्यालय में स्थित अरवल बालिका उच्च विद्यालय छात्रावास परिसर में 4.65 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले जिला शिक्षा विभाग कार्यालय भवन का शिलान्यास किया। इस मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी बिंदु कुमारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नीरज कुमार, दीपक कुमार सिंह मौजूद रहे। गौरतलब है कि जिले में बनने वाले नये शिक्षा भवन भूकंपरोधी और रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सुविधा से युक्त होंगे। जिले में शिक्षा विभाग के लिए डेडिकेटेड बिल्डिंग बन जाने से शिक्षा विभाग का प्रत्येक दफ्तर एक ही भवन में हो जायेंगे। इससे कार्यवाही में गति आयेगी तथा लोगों को अपने काम के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। बताया कि इस चार मंजिला भवन में शिक्षा विभाग का पूरा कार्यालय होगा। साथ ही कहा कि 15 महीने के अंदर भवन का निर्माण करने का समय सीमा दिया गया है,अब निर्माण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाएगी। जिला मुख्यालय के बालिका उच्च विद्यालय स्कूल की जमीन पर चार करोड़ 65 लाख की लागत से 25 गुणा 28 मीटर का चार मंजिला शिक्षा भवन बनेगा। बिहार राज्य आधारभूत शैक्षणिक संरचना पटना के द्वारा यह भवन बनाया जा रहा है। भवन बनाने के लिए अशोक कुमार एजेंसी के माध्यम से कार्य किए जाएंगे। करोड़ कि रुपये की लागत से बनने वाला शिक्षा भवन डेढ़ साल में बनकर पूरी तरह से तैयार हो जाएगा। जिसमे जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय के साथ-साथ, पांच डीपीओ, सर्व शिक्षा अभियान, मध्याह्न भोजन कार्यालय सहित अन्य कार्यालय संचालित होंगे। शिक्षा विभाग कार्यालय में दो सभा कक्ष होंगे। वर्तमान समय में शिक्षा विभाग का कार्यालय अलग अलग जगहों पर संचालित होने के कारण शिक्षक, छात्र छात्राओं को एक जगह से दूसरे जगह तक की दौड़ लगानी पड़ती है। जिला शिक्षा पदाधिकारी बिंदु कुमारी ने बताया कि विगत कई वर्ष पहले से शिक्षा भवन निर्माण को स्वीकृति मिली थी। लेकिन कार्यालय के लिए जमीन की खोजबीन की जा रही थी मुख्यालय के इर्द-गिर्द में जमीन देखा जा रहा था। लेकिन जमीन मुहैया नहीं होने के कारण शिक्षा विभाग के कार्यालय बनने में देरी हो रही थी लेकिन मुख्यालय में स्थित बालिका विद्यालय छात्रावास में जमीन मुहैया करा लिया गया और जिसका शिलान्यास डीएम के द्वारा किया गया है जल्द ही शिक्षा विभाग का कार्यालय बनकर तैयार हो जाएगा। शिक्षा विभाग कार्यालय जहां तहां संचालित हो रही थी जिसके कारण शिक्षक और छात्रों को परेशानी होती है। जल्द ही शिक्षा भवन का निर्माण कार्य शुरू होगा।

# जुलूस में आपत्तिजनक नारा लगाने के मामले में तीन गिरफ्तार

निज संवाददाता



**भभुआ (कैमूर)।** जिले के भभुआ शहर में पिछले दिनों जुलूस में आपत्तिजनक नारे लगाने के वीडियो वायरल हुआ था। इस मामले में पुलिस ने पांच नामजद और 100 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। तीन आरोपियों को भभुआ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया बाकी आरोपियों के गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार आरोपियों में वार्ड संख्या 15 निवासी अशोक चौधरी का बेटा प्रिंस कुमार और ठाकुर चौधरी का बेटा रविंद्र कुमार बताया जा रहा। भभुआ डीएसपी शिव शंकर कुमार ने बताया पिछले दिनों भभुआ शहर में जुलूस निकाला गया था। इसके लिए परमिशन लिया गया था, लेकिन एक वीडियो वायरल हुआ। उस वीडियो में आपत्तिजनक नारे लगाए गए। इसके बाद कार्रवाई करते हुए भभुआ थाने में पांच नामजद और 100 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज की। जहां पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया और बाकी आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। वहीं आम लोगों से अपील है कि आप अपना कार्यक्रम शांतिपूर्वक करें जुलुस शांतिपूर्वक निकाले दूसरे के भावनाओं का भी ख्याल रखें अगर कहीं से भी कोई गड़बड़ी आपके द्वारा की जाएगी तो इस मामले को लेकर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

## हर्ष फायरिंग में एक अधेड़ को पेट में लगी गोली, गंभीर रूप से घायल



निज संवाददाता

**जहानाबाद।** जहानाबाद में हर्ष फायरिंग में एक व्यक्ति को लगी गोली, गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना काको थाना क्षेत्र ऐनवा गांव की है। बताया जाता है कि ऐनवा गांव निवासी अशोक सिंह के पुत्र का तिलक समारोह चल रहा था। तभी इस समारोह में शामिल किसी व्यक्ति ने हर्ष फायरिंग की और गोली विनोद सिंह (50) के पेट में जा लगी। गोली लगने के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया। परिजनों ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया। घटना की सूचना नगर थाने की पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है, लेकिन इस घटना के बारे में परिवार वाले कुछ भी बताने से इंकार कर रहे हैं। अस्पताल में पत्रकार के साथ भी कुछ लोगों गलत व्यवहार किया और रिपोर्ट का मोबाइल भी छीन लिया। नगर थाना अध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने बताया कि एक व्यक्ति की गोली लगने की सूचना प्राप्त हुई है या घटना काको थाना का है लोगों का कहना है कि हर्ष फायरिंग कारण यह घटना हुई है। पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है जांच के बाद ही घटना के बारे में स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा वही एसडीपीओ राजीव कुमार ने काको थाने को इस घटना को जांच करने का आदेश दिया है और कहा है कि जो लोग इस घटना में शामिल है उन पर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर**

**लापताः आवश्यक सूचना**



**गुमशुदा मिथलेश यादव उम्र–करीब 40 वर्ष**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विक्रम कुमार द्वारा अपने पिता **मिथलेश यादव उम्र–करीब 40 वर्ष के गुमशुदगी** के संबंध में संबंधित थाना एम0जी0एम0 को लिखित आवेदन दिये हैं। आवेदन में इनके द्वारा बताया गया कि इनके पिता **गुमशुदा मिथलेश यादव उम्र–करीब 40 वर्ष, पता–भलुआ, पो0–निमाआजन, थाना–मदनपुर, जिला–औरंगाबाद (बिहार)** दिनांक–02.02.2024 को एम0जी0एम0 थाना क्षेत्र में बाबूलाल के गैरेज के पास ट्रक लगाकर ट्रक में ही रात भर रुके परन्तु सुबह वह अपने ट्रक पर नहीं थे। परिवार वालों ने अपने स्तर से काफी खोजबीन किया परन्तु कुछ पता नहीं चल सका। **गुमशुदा का हुलिया निम्न प्रकार है :–कद–05 फीट 07 इंच, रंग–सॉवला, बाल–काला, दाये हाथ पर शंकर का चिन्ह एवं बायें पैर पर जला का निशान।**

अतः आप सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त हुलिये के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त होती है तो इसकी सूचना वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में निम्नांकित फोन नम्बर पर सूचित करें।

| | |
|---|---|
| वरीय पुलिस अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर | : 0657–2431006 |
| पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर | : 9470199228 |
| पुलिस उपाधीक्षक, पटमदा | : 9431706496 |
| थाना प्रभारी, एम0जी0एम0 | : 9431706503 |

वरीय पुलिस अधीक्षक,
पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर

PR 320374 Police(23-24)#D

# छापेमारी कर अवैध नर्सिंग होम को किया गया सील

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** अरवल मोड़ के पास चल रहे अवैध नर्सिंग होम को जिला पदाधिकारी ने बंद करा दिया है। डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि जिला पदाधिकारी को शिकायत मिली थी कि सूर्यदीप हॉस्पीटल नाम से एक अवैध नर्सिंग होम चलाया जा रहा है। इसके बाद उनके निर्देश पर छापेमारी की गई। इस दौरान वहां मौजूद लोग भाग निकले। किसी प्रकार का वैध कागज नर्सिंग होम का संचालन करने वाली गीता कुमारी ने नहीं दिखाया इसलिए फिलहाल इसे सील किया जा रहा है। इसके साथ ही प्राथमिक दर्ज कराई जाएगी। नर्सिंग होम में एक मरीज भी भर्ती था, जिसको सदर अस्पताल में भेजा गया है। इसके अलावा शहर में छापेमारी अभियान लगातार जारी रखने की बात कही गई। किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## 1524 पीस शराब संग पांच तस्करों को दबोचा

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** उत्पाद विभाग की पुलिस ने भारी मात्रा में देसी-विदेशी शराब बरामद कर चार महिला सहित पांच तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्करों में पटना जिला के नौबतपुर थाना क्षेत्र के नौबतपुर गांव निवासी ज्योत ठाकुर के पुत्र कौशल कुमार, औरंगाबाद जिला के बारुण थाना क्षेत्र के बारुए गांव निवासी संतोष चौधरी की पत्नी रिंकू देवी, कृष्णा पासवान की पत्नी मंजू देवी, जितेंद्र राम की पत्नी संध्या देवी, सुरेश चौधरी की पत्नी राखी कुंवर शामिल हैं।

शेष पेज 01

## प्रधानमंत्री ने रेल परियोजनाओं का किया शिलान्यास....

द्वारका स्टेशन द्वारकाधीश मंदिर से प्रेरित है, आईटी सिटी गुरुग्राम स्टेशन आईटी थीम पर आधारित होगा, जिसका अर्थ है कि अमृत भारत स्टेशन उस शहर की विशेषताओं को दुनिया से परिचित कराएगा। उन्होंने कहा कि ये स्टेशन दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों के अनुकूल होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज रेलवे नागरिकों के लिए सुगम यात्रा का मुख्य आधार बन रहा है। रेलवे में हो रहे बदलाव पर टिप्पणी करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक रैंकिंग में अर्थव्यवस्था के 11वें से 5वें स्थान पर पहुंचते ही, रेलवे बजट में 10 साल पहले के 45 हजार करोड़ की तुलना में आज 2.5 लाख करोड़ की भारी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, "ज़रा सोचिए जब हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन जाएंगे तो हमारी ताकत कितनी बढ़ जाएगी। इसलिए, मोदी भारत को जल्द से जल्द दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।"

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने खुद को अपने कार्यकाल में घोटाला नहीं होने के कारण पैसे की बचत का भी श्रेय दिया और कहा कि बचाए गए पैसे का उपयोग नई लाइनें बिछाने की गति को दोगुना करने, जम्मू-कश्मीर से पूर्वोत्तर तक नए क्षेत्रों में रेल ले जाने और 2,500 किलोमीटर के समर्पित माल गलियारे पर काम करने में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि करदाताओं का एक-एक पैसा यात्रियों के कल्याण के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से हर रेलवे टिकट पर 50 फीसदी की छूट है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस तरह बैंकों में जमा धन पर ब्याज मिलता है, उसी तरह बुनियादी ढांचे पर खर्च किया गया हर पैसा आय और रोजगार के नए स्रोत बनाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि नई रेल लाइनें बिछाने से रोजगार के कई अवसर पैदा होते हैं, चाहे वह मजदूर हो या एक इंजीनियर। उन्होंने कहा कि सीमेंट, स्टील और ट्रांसपोर्ट जैसे कई उद्योगों और दुकानों में भी नई नौकरियों की संभावनाएं बनती हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आज किया जा रहा लाखों करोड़ रुपये का निवेश हजारों नौकरियों की गारंटी है। उन्होंने 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' कार्यक्रम के बारे में भी बात की, जहां स्टेशनों पर लगे हजारों स्टालों के जरिए रेलवे छोटे किसानों, कारीगरों और विश्वकर्मा मित्रों के उत्पादों को बढ़ावा दे रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि भारतीय रेलवे सिर्फ एक यात्री सुविधा नहीं है, बल्कि भारत की कृषि और औद्योगिक प्रगति का सबसे बड़ा वाहक भी है। उन्होंने बताया कि तेज ट्रेन से परिवहन में अधिक समय की बचत होने के साथ ही उद्योग की लागत भी कम होगी। इसलिए, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। भारत के आधुनिक बुनियादी ढांचे का श्रेय देते हुए, प्रधानमंत्री ने देश को दुनिया भर में निवेश के लिए सबसे आकर्षक स्थान बताया।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन का समापन अगले 5 वर्षों का रास्ता दिखाते हुए किया। उन्होंने कहा कि रेलवे में भारी निवेश से जब इन हजारों स्टेशनों का आधुनिकीकरण हो जाएगा तो भारतीय रेलवे की क्षमता बढ़ जाएगी। प्रधानमंत्री ने अक्सर रेलवे स्टेशनों पर विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया है। इस प्रयास में एक बड़ा कदम उठाते हुए प्रधानमंत्री ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 553 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैले इन रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास 19,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से किया जाएगा। ये स्टेशन शहर के दोनों किनारों को जोड़ते हुए 'सिटी सेंटर' के रूप में कार्य करेंगे। इनमें रूफ प्लाजा, सुंदर भूदृश्य, इंटर मॉडल कनेक्टिविटी, स्टेशन का बेहतरीन अगला हिस्सा, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, कियोस्क, फूड कोर्ट आदि जैसी आधुनिक यात्री सुविधाएं होंगी। इन्हें पर्यावरण अनुकूल और दिव्यांग अनुकूल के रूप में पुनर्विकसित किया जाएगा। इन स्टेशन भवनों का डिज़ाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित होगा। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने लगभग 385 करोड़ रुपये की कुल लागत से उत्तर प्रदेश में पुनर्विकसित गोमती नगर स्टेशन का उद्घाटन किया। भविष्य में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इस स्टेशन पर आगमन और प्रस्थान सुविधाओं को अलग कर दिया गया है। यह शहर के दोनों किनारों को जोड़ता है। इस केंद्रीय वातानुकूलित स्टेशन में एयर कॉनकोर्स, कंजेशन फ्री सर्कुलेशन, फूड कोर्ट और ऊपरी तथा निचले बेसमेंट में पर्याप्त पार्किंग जैसी आधुनिक यात्री सुविधाएं हैं। प्रधानमंत्री ने 1500 रोड ओवर ब्रिज और अंडरपास का शिलान्यास और उद्घाटन किया। 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैले इन रोड ओवर ब्रिज और अंडरपास पर कुल लागत लगभग 21,520 करोड़ रुपये है। इन परियोजनाओं से भीड़भाड़ कम होगी, सुरक्षा और कनेक्टिविटी बढ़ेगी, रेल यात्रा की क्षमता और दक्षता में सुधार होगा।

## भेकास ने ट्राइब्रेकर में नसेज को 3-0 गोल से हराया

**रामपुर (कैमूर) (नि.सं.)।** प्रखंड के सबार हाई स्कूल के खेल मैदान में सोमवार को फुटबॉल मैच आयोजित हुआ, जिसमें भेकास ने ट्राइब्रेकर में नसेज को 3-0 गोल से हराया। कैमूर फुटबाल क्लब जूनियर द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज हुआ।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल, डालटनगंज**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना, जिसका पी0आर0 नं0– PR 316689 Building (23-24)#D है को क्रमांक 16 एवं 21 को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 320366 Building(23-24).D

**समाहरणालय, लातेहार**
**(निर्वाचन शाखा)**

**लोकसभा/विधानसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संबंधी "आम सूचना" (2nd Call)**

आगामी लोकसभा आम चुनाव एवं विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित 1. टेन्ट शामियाना लाईट एवं साउण्ड 2. मुद्रण सामग्री 3. कार्यालय उपयोगी सामग्री 4. मतदान सामग्री 5. अल्पाहार भोजनादि 6. कम्प्यूटर, फोटोकॉपियर, प्रिंटर, डेस्कटॉप, कार्टिज इत्यादि के दर निर्धारण हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है। दिनांक 05.03.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक इच्छुक निविदादाता ई–निविदा समर्पित कर सकते हैं। प्राप्त ई–निविदा दिनांक 06.03.2024 को अपराह्न 12:30 बजे समाहरणालय सभागार, लातेहार में खोला जायेगा। निविदा संबंधी संपूर्ण विवरणी एवं शर्तें http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।


उप निर्वाचन पदाधिकारी, लातेहार | वरीय पदाधिकारी–सह–अपर समाहर्त्ता, लातेहार | जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लातेहार

PR 320264 Election(23-24)#D

## संक्षिप्त समाचार

### नक्सलियों ने चिपकाया पोस्टर, कहा-प्रतिबंधित जमीन को खरीदना बंद करो

**गया।** गया जिले के गुरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत चाल्हो पहाड़ के आसपास गांव में नक्सलियों ने पोस्टर चिपकाया है। नक्सलियों के द्वारा पोस्टर चिपकाए जाने से ग्रामीणों में दहशत है। नक्सलियों के द्वारा चिपकाए गए पोस्ट में लिखा गया है कि, वीर शहीदों को लाल सलाम। जनता और पार्टी द्वारा प्रतिबंधित ज़मीन को खरीदना बंद करो, प्रतिबंधित ज़मीन बेचने व खरीदने वाले सावधान हो जाएं। फिर लिखा गया पुलिस की दलाली करने वाले लोगों को जन अदालत लगाकर सज़ा दिया जाएगा। अपराधी पुलिस गठजोड़ से शराब की भट्ठी चलाने वाले सहित जंगल में पेड़ काटना बंद करो। फिर नक्सलियों ने लिखा गांव में क्रांतिकारी किसान कमिटी क़ायम करो,चाल्हो ज़ोनल कमिटी भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी माओवादी संगठन। क्या बोली पुलिस इस मामले में गुरुआ थाना के थानाध्यक्ष सरफराज इमाम ने बताया चाल्हो के पास गांव में पर्ची चिपकाया गया है। इसकी सूचना मुझे ग्रामीणों से मिली जिसके बाद मैं खुद दल बल के साथ उक्त स्थान पर गया था। पर्ची को बरामद कर लिया गया है। पर्ची में ज़मीन खरीद बिक्री करने व जंगल में लकड़ी काटने सहित अन्य तरह की बातें लिखी गई है। मामले में जांच पड़ताल की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया संभवतः असमाजिक तत्वों का भी काम हो सकता है। फ़िर भी हर बिंदु पर पुलिस की छानबीन जारी है।



### शिलापट्ट पर नाम नहीं, तो भड़की RJD विधायक मंजू अग्रवाल

**गया।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 7 करोड़ 69 लाख की लागत से डोभी प्रखंड में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का उद्धघाटन किया। इस दौरान उद्घाटन शिलापट्ट पर शेरघाटी RJD विधायक मंजू अग्रवाल का नाम नहीं होने के कारण वह नाराज हो गई। उन्होंने मंच से कहा कि वह अपमानित महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा कि शिलापट्ट में क्षेत्रीय विधायक का नाम नहीं रहना अपमान है। इसका हिसाब आने वाल समय में जनता करेगी। वहीं, कार्यक्रम का विधिवत उद्धघाटन गया सांसद विजय मांझी ने दीप प्रज्वलित कर किया। नवनिर्मित समुदायिक भवन का शेरघाटी विधायक मंजू अग्रवाल ने फीता काट कर शुभारंभ किया। इस मौके पर सांसद विजय मांझी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से रविवार को डोभीवासियों को 30 बेड का नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सौंपा। ऐसे में अब जो लोग अपने मरीज के साथ गया जाते थे, वे अब इसी अस्पताल में इलाज करा सकेंगे। अस्पताल आधुनिक उपकरणों से लैस रहेगा। वर्चुअल माध्यम से समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का उद्धघाटन वहां उपस्थित लोगों ने वर्जुअल के माध्यम से पीएम नरेंद्र मोदी का भाषण और अपने क्षेत्र के समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का उद्धघाटन देखा। इस मौके पर जिला मलेरिया प्रभारी जेई हक, डोभी PHC प्रभारी सुनील कुमार, लोजपा (रा) प्रदेश महासचिव कृष्णा यादव, समाजसेवी राजेन्द्र दुबे, डोभी पीएचसी प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार, प्रखंड अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार, बजौरा मुखिया भुई यादव, एएनएम, सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।



### आज पीएम करेंगे 4 रेल परियोजनाओं का उद्घाटन

**बिहारशरीफ।** आज राज्य के 72 फ्लाईओवर अथवा अंडरपास के अलावा 33 स्टेशन का पीएम नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। इन योजनाओं में जिले से जुड़ीं चार रेल परियोजनाओं का उद्घाटन भी शामिल है। सभी परियोजना स्थल पर भाजपा के सांसद, विधायक के साथ-साथ पार्टी पदाधिकारी कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे।अरियावां-अशरद पुर के पास दनियावां-बिहटा मार्ग एसएच-78 पर बने एलएचएस-वन के स्थल पर भाजपा के जिलाध्यक्ष रविशंकर प्रसाद,नूरसराय के मुजफ्फरपुर के पास एसएच-78 पर बने एलएचएस-10 के स्थल पर जिला महासचिव अविनाश प्रसाद सिंह मौजूद रहेंगे।जबकि चंडी के रंजनबिगहा के पास एसएच-78 पर बने एलएचएस-के निर्माण स्थल पर जिला महासचिव रीना कुमारी तो जगाय-औगारीधाम के पास बने रेल अंडर पास के स्थल पर जिला महासचिव शैलेन्द्र कुमार मौजूद रहेंगे।

### पीएम ने किया सामुदायिक अस्पताल का उद्घाटन

**परवलपुर।** स्थानीय बाजार के डाकबंगला मैदान में सात करोड़ की लागत से निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का पीएम ने वर्चुअल उद्घाटन किया। अब तीस बेड के नवनिर्मित अस्पताल में क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिलेगी। शाम साढ़े चार बजे पीएम ने राजकोट एम्स से एक साथ कई स्वास्थ्य केंद्रों का लोकार्पण किया। इस मौके पर कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### पहाड़पुर स्टेशन पर पटना-रांची जनशताब्दी का ठहराव,10 साल से की जा रही थी मांग




**गया।** गया जिला क्षेत्र अंतर्गत और धनबाद रेल मण्डल के गया-कोडरमा सेक्शन स्थित पहाड़पुर स्टेशन पर 12365/2366 पटना-रांची-पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस का रेलवे बोर्ड द्वारा ठहराव का लिए गए निर्णय पर लोगों मे खुशी की लहर दौड़ गई। साथ ही रेल यात्रियों, रेल प्रशासन, रेल कर्मियों और आरपीएफ के बीच मिठाईयां बांटा। साथ ही एक दूसरे को मुंह मीठा कर खुशी का इजहार करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार जताया।इस दौरान पिछले करीब 10 वर्षों से इस ट्रेन का पहाड़पुर स्टेशन पर ठहराव दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत रहे गया जिले के राजेश कुमार मिक्की का संघर्ष और प्रयास के प्रति आभार जताते हुए उन्हें भी साधुवाद दिया। 20 फरवरी को जारी हुआ था आदेश रविवार दोपहर फतेहपुर प्रखण्ड मुख्यालय सहित पहाड़पुर के लोगो ने पहाड़पुर स्टेशन पर आकर लोगो के बीच खुशी का इजहार करते हुए रसगुल्ले व लड्डू खिलाकर लोगो का मुंह मीठा किया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता नवीन कुमार सिन्हा, श्याम नंन्दन प्रसाद, टुल्लू सिंह, अनूप गुप्ता, इंद्रदेव राजवंशी, मोनू गुप्ता , सहित दर्जनों लोग शरीक हुए। इस अवसर पर लोगों ने बताया कि वर्षों से लगातार प्रयास का परिणाम रहा कि पहाड़पुर स्टेशन की महत्ता को देखते हुए रेल मंत्रालय ने पहाड़पुर स्टेशन पर पटना-रांची जनशताब्दी एक्सप्रेस का निर्णय लिया है। इस संबंध में रेलवे बोर्ड के संयुक्त निदेशक कोचिंग विवेक कुमार सिन्हा द्वारा 20 फरवरी को पत्र जारी किया है। ट्रेन ठहराव की खबर सुनकर क्षेत्र के लोगों में काफी खुशी व्याप्त है।

### ऑटो से 80 लीटर शराब बरामद, धंधेबाज धराया

**नूरसराय।** स्थानीय थाना पुलिस ने नूरसराय-हिलसा चौराहा के समीप ऑटो पर ले जाया जा रहा 80 लीटर शराब के साथ चालक व धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि पुलिस को देख शराब धंधेबाज ऑटो से उतरकर भागने लगा। पुलिस ने उसे खदेड़कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर ऑटो से 80 लीटर शराब बरामद हुआ। पुलिस ने ऑटो को भी जब्त कर लिया है।


---

बोधगया में भारत के नक्शे से छेड़छाड़

# जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान, लद्दाख को चीन का हिस्सा दिखाया

निज संवाददाता। गया

गया से सटे अंतरराष्ट्रीय पर्यटक स्थल बोधगया में भारत के नक्शे से जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को हटा दिया गया। जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान और लद्दाख को चीन के हिस्से में दिखाया गया है। यह कार्यक्रम रविवार को ताइवान की चैरिटी संस्था की तरफ से आयोजित किया गया था। मामला सामने आने के बाद गया के डीएम ने कहा कि जांच की जा रही है। यह कार्यक्रम रविवार को बोधगया के सुजातगढ़ में आयोजित कार्यक्रम किया गया था। हालांकि, जैसे ही स्थानीय अधिकारियों के संज्ञान में मामला आया, वैसे ही बैनर-पोस्टर हटा लिए गए। लेकिन, इस घटना से जुड़ा वीडियो और तस्वीरें सामने आई हैं। इधर, विवाद बढ़ने पर संस्था के सदस्य वहां से चले गए हैं। सोमवार को दैनिक भास्कर की टीम कार्यक्रम स्थल पर पहुंची तो नक्शा हटा दिखा।




**पहले जानिए, क्या है कार्यक्रमः** सुजातगढ़ ऐतिहासिक महत्व की जगह है। माना जाता है कि इस जगह का नाम उस ग्रामीण महिला सुजाता के नाम पर है, जिसने तपस्या के दौरान भगवान बुद्ध को खीर खिलाई थी। यहीं शिलोंजा गांव है। इस गांव में बोधगया में काम कर रही ताइवान के बौद्धों की एक संस्था 'रो हाउसिंग डेवलपमेंट बुद्धिस्ट जू सी चैरिटी फाउंडेशन' की ओर से गरीबों के लिए मकान बनाए जा रहे हैं। यह संस्था इलाके के अनुसूचित जाति के 35 भूमिहीन लोगों को मकान बनाकर देगी। रविवार को संस्था ने इसी का शिलान्यास कार्यक्रम रखा था। इसी कार्यक्रम में रविवार की शाम चारों तरफ बैनर-पोस्टर लगाए गए थे। इसमें भारत का नक्शा दिखाया गया था। उसमें से लद्दाख को प्रमुखता से गायब कर दिया गया और उसे चीन के हिस्से में दिखाया गया। वहीं जम्मू-कश्मीर के साथ भी छेड़छाड़ किया गया है। जम्मू-कश्मीर पाकिस्तान के हिस्से में नजर आ रहा है।

**लद्दाख को नक्शे से हटाना गलतः** मामले में गया कालेज के भूगोल विभाग के एचओडी रहे और वर्तमान में मगध यूनिवर्सिटी के प्रॉक्टर उपेंद्र कुमार से बात की गई। उनका कहना है कि चीन के लोग भारत की अस्मिता पर चोट कर रहे है। लद्दाख भारत का अंग है और अभिन्न हिस्सा है। उसे भारत के नक्शे से काट दिया गया है, जो पूरी तरह से गलत है।

**DM बोले-जांच कराकर सख्त कार्रवाई करेंगेः** मामले में गया के डीएम डॉ त्यागराजन ने कहा कि भारत के नक्शे से छेड़छाड़ गलत है। मामले की जानकारी मिली है। इसकी प्राथमिकता से जांच होगी। तथ्य प्रमाणित होने पर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बालू धंधेबाजों और लोगों के बीच झड़प मामले में छापेमारी

निज संवाददाता। गया

कोतवाली थाना क्षेत्र में रविवार की दोपहर बालू धंधेबाजों और आम लोगों के बीच हुई झड़प और गोलीबारी हुई। घटना में तीन लोग घायल भी गए। अब इस मामले में जिला पुलिस पूरी तरह से एक्शन के मूड में आ गई है। देर रात को एसएसपी और सिटी एसपी बड़ी संख्या में विभिन्न थानों के पुलिस बल के साथ आरोपियों के घरों पर दबिश दी पर उन्हें कोई हाथ नहीं आया। सभी आरोपी अब तक फरार बताए जा रहे हैं। छापेमारी कंडी नवादा क्षेत्र में कई गई। यही नहीं सम्बन्धित घटना की समीक्षा भी देर रात बड़े अधिकारियों ने कोतवाली थाने में बैठ कर की। गौरतलब है कि शबे बारात को लेकर वारिस नगर के लोगों ने बालू से लदे ट्रैक्टर को रविवार को नहीं लेने की बात कही थी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच खासुनिबोर फिर एक पक्ष ने ताबड़तोड़ कई राउंड फायरिंग की थी। फायरिंग की घटना में तीन लोग जख्मी हो गए थे। सभी का इलाज मगध मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। पुलिस की ओर से देर रात बताया गया कि कोतवाली थानाक्षेत्र में हुई घटना में संलिप्त अपराधकमियों



की गिरफ्तारी के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक, स्वयं नगर पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, (नगर), पुलिस उपाधीक्षक (विधि-व्यवस्था), थानाध्यक्ष कोतवाली, डेल्हा और चंदौती और बड़ी संख्या में सशस्त्र बल के साथ कंडी नवादा क्षेत्र में छापामारी की गई। घटनास्थल के आस-पास उपस्थित लोगों से घटना के बाबत जानकारी प्राप्त की गई। इसके अलावा लंबित मामले में वांछित फरार चल रहे अपराधकर्मियों के घर भी छापामारी की गई। छापामारी दल में शामिल पुलिस अफसरों को निर्देशित किया गया कि फरार अपराधकर्मियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करें। फरार रहने की स्थिति में अपराधकर्मियों के विरूद्ध कुर्की जब्ती की कार्रवाई करें।

## आरो का पानी लेने गए युवक पर फायरिंग

निज संवाददाता। गया

गया जिले के रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस लाइन में आरो का पानी लेने गए युवक पर अपराधी ने जान लेवा हमला कर दिया। युवक को पिस्तौल के बट से पहले मारा और फिर फायरिंग भी की। वही, बीच बचाव करने गए आरो पानी के मालिक संजीव चौबे को भी गोली मार दी। जिसमें संजीव चौबे को सीने में गोली लग गई। जिसे इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल ले जाया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। वहीं, युवक प्रिंस कुमार का इलाज जय प्रकाश नारायण अस्पताल में कराया गया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि पुलिस लाइन सिंगरा स्थान डैम के समीप का रहने वाले प्रिंस कुमार पिता लालू प्रसाद अपने घर के बगल में आरो पानी का बोतल ले रहा था। इस दौरान रामपुर के लालू नगर मुहल्ले का रहने वाला प्रेम यादव उर्फ गोलू पिता जयप्रकाश सिंह आया और पानी लेने से मना कर दिया। जब प्रिंस पूछा कि भैया पानी लेने दो मेरा बहनोई आया है, उसी के लिए पानी ले रहा हूं। इस पर गोलू यादव ने दो थप्पड़ जड़ दिया। फिर प्रेम यादव उर्फ गोलू ने अपने कमर से पिस्तौल निकाल कर दो तीन राउंड फायरिंग कर दी।फायरिंग की आवाज सुनकर प्रिंस डर से वहीं गिर गया। तभी आरो पानी मालिक संजीव चौबे उर्फ झुन्ना जी पिता स्वर्गीय योगेन्द्र यादव चौबे पश्चिम पुलिस लाइन के रहने वाले प्रिंस को उठाने लगे, प्रेम यादव उर्फ गोलू यादव हाथ में लिए पिस्टल से संजीव चौबे को सीने में गोली मार दी। जिसमें संजीव कुमार चौबे गंभीर रूप से घायल हो गया।

## मेडिकल छात्राओं से आधी रात में छेड़खानी, PG डॉक्टर पर आरोप, हड़ताल पर गए जूनियर चिकित्सक

निज संवाददाता। गया

गया के मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में मेडिकल छात्राओं से आधी रात में छेड़खानी की गई। छेड़खानी का आरोप PG डॉक्टर रोहित दुबे पर लगा है। इस घटना के खिलाफ जूनियर डॉक्टर हड़ताल पर चले गए हैं, जिससे OPD और इमरजेंसी वार्ड में काम ठप है। इससे इलाज कराने पहुंचे मरीजों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। हड़ताल पर गए जूनियर डॉक्टरों ने सोमवार को हाथों में बैनर लिए अधीक्षक कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों ने कहा कि जब तक आरोपी डॉक्टर पर कार्रवाई नहीं की जाएगी, तब तक काम का बहिष्कार करेंगे। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. विनोद शंकर सिंह ने बताया कि आरोपी डॉक्टर के खिलाफ लिखित शिकायत मिली है। उन्होंने कहा कि घटना की सूचना




कॉलेज प्रिंसिपल और जिलाधिकारी की दी गई है। स्थानीय थाने में भी शिकायत दर्ज कराई गई है।

**किसी तरह बचकर भाग निकली छात्राएंः** जूनियर डॉक्टर प्रणय निधि ने बताया कि शनिवार की देर रात 2:40 बजे के करीब PG डॉ. रोहित दुबे नशे में धुत्त थे। उनके साथ दो-तीन लड़के और थे। सभी ने शराब पी रखी थी। ये सभी ऑन ड्यूटी दो जूनियर डॉक्टर छात्राओं के साथ बदसलूकी करने लगे। दोनों छात्राएं किसी तरह वहां से बचकर भाग निकली। उन्होंने कहा कि रोहित दुबे के खिलाफ कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब आरोपी डॉक्टर पर जब तक कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी, तब तक OPD और इमरजेंसी में काम ठप रहेगा।

**बदसलूकी की मिली है शिकायतः** मगध मेडिकल अस्पताल के अधीक्षक डॉ. विनोद शंकर सिंह ने बताया कि एक इंटर्न छात्रा के साथ पीजी डॉक्टर रोहित दुबे की ओर से बदसलूकी की गई। पीड़ित छात्राओं ने लिखित शिकायत की है। उन्होंने कहा कि आरोपी डॉक्टर के खिलाफ स्थानीय थाने में लिखित शिकायत की गई है।

**आए दिन होते रहती हैं ऐसी घटनाएंः** जूनियर डॉक्टर प्रेसिडेंट अंकित रंजन ने बताया कि इस तरह की घटनाएं आए दिन होती रहती हैं। सुरक्षा को लेकर सिर्फ खानापूर्ति की गई है। इस घटना को लेकर अधीक्षक से कल ही शिकायत की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। आरोपी डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है।

मंत्री श्रवण कुमार का तेजस्वी पर कटाक्ष

## बोले-परिवार के किए गए भ्रष्टाचार को बताएं

निज संवाददाता। नालंदा

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार सोमवार को एक कार्यक्रम के तहत नालंदा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने तेजस्वी यादव और कांग्रेस पर वार किया है। 3 मार्च को महागठबंधन की पटना में होने वाली रैली पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि हर पॉलिटिकल पार्टी स्वतंत्र है। रैली करने के लिए, प्रदर्शन करने के लिए, सभा करने के लिए, सम्मेलन करने के लिए यही लोकतंत्र की खूबसूरती है। लेकिन रैली से कुछ नहीं मिलने वाला है। जब वे सरकार में थे, उस समय उन्होंने जनता के बारे में कुछ नहीं सोचा। उनके हित और उनकी रक्षा के लिए कुछ नहीं किया। तो अब रैली से उनको कुछ हासिल नहीं होने वाला है। उन्होंने




सिर्फ और सिर्फ अपने और अपने परिवार के हित के बारे सोचा है। बिहार की जनता जानती है कि वह अपने परिवार तक सीमित है। लोगों की खिदमत करना नहीं चाहते हैं।

**बिहार में हो रही तरक्कीः** शिक्षक बहाली के प्रश्न पर श्रवण कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार जब से बिहार के शासन में आए हैं। तब से लगभग 7 लाख बहाली हो चुकी है। हम लोगों ने खुद अपने डिपार्टमेंट में बहाली की है। किसी मंत्री के सोचने से कुछ नहीं होता है। बल्कि मुख्यमंत्री की हामी जरूरी है। नीतीश कुमार की सोच का परिणाम है कि आज बिहार में तरक्की भी हो रही है, नौकरी भी मिल रही है। नीतीश कुमार बिहार को आगे बढ़ा रहे हैं। कैबिनेट विस्तार के मामले में मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि यह मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है। दल के बड़े नेताओं का ये मामला है मिल-बैठ कर उसका भी समाधान कर लिया जाएगा। अभी विधानसभा का सत्र चल रहा है, जिससे सारी बातों की जानकारी सदस्यों के द्वारा मिलता रहता है। दरअसल, नूरसराय प्रखंड के विभिन्न गांव में सोमवार को 8 करोड़ की लागत से कई परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार द्वारा किया गया। इस मौके पर एमएलसी रीना यादव समेत अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## तीन पटाखा दुकान सील

निज संवाददाता। गया

गया में अनुमंडल पदाधिकारी सदर ऋसलय श्रीवास्तव एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर पारसनाथ साहू के द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे अवैध रूप से संचालित 3 अलग-अलग पटाखा दुकानों को सील किया गया है। यह सभी पटाखे की दुकान विष्णुपद थाना क्षेत्र के वैतरणी तालाब के समीप अवस्थित थी। इन तीनों 3 अलग-अलग पटाखा दुकानों में एक फैंसी पटाखे बहार दुकान समेत हावो जी पटाखा दुकान एवं पटाखा हाउस दुकान शामिल है। इन तीनों पटाखे की दुकान को पूरी तरह सील कर दिया गया है। दुकान जांच के दौरान पटाखा बिक्री एवं भंडारण के लिए लाइसेंस की मांग दुकानदारों से किया गया। लेकिन इस दौरान कोई भी पटाखा दुकानदारों के द्वारा लाइसेंस नहीं दिखाया गया। सदर एसडीओ कऋष्लय श्रीवास्तव ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया। विष्णुपद



बिना लाइसेंस पटाखा बेचने वालों पर हुई कार्रवाई, विष्णुपद थाने में दर्ज हुआ केस

थाना क्षेत्र अंतर्गत बिना लाइसेंस के तीन अलग-अलग पटाखा दुकानों में पटाखा एवं भारी मात्रा में भंडारण किया गया था। बिना लाइसेंस के शहरी क्षेत्र में पटाखे के दुकान को सील करते हुए विष्णुपद थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की गई। इस अवसर पर जिला अग्निशमन पदाधिकारी, अंचलाधिकारी नगर, थानाध्यक्ष विष्णुपद उपस्थित थे।

## ट्रांसफर-पोस्टिंग के नाम पर तेजस्वी ने लिए 50-50 लाख

निज संवाददाता। गया

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने तेजस्वी यादव पर गंभीर आरोप लगाया है। मांझी ने कहा कि पिछली महागठबंधन की सरकार में तेजस्वी यादव ने ट्रांसफर-पोस्टिंग के नाम पर 50- 50 लाख रुपए लेकर हजारों करोड़ रुपए कमाए हैं। जीतन राम मांझी ने रविवार की शाम बोधगया में यह बातें कही। पूर्व सीएम ने कहा कि तेजस्वी बड़े पैमाने पर ट्रांसफर-पोस्टिंग का खेल करने जा रहे थे, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ऐसा नहीं होने दिया। हालांकि, तेजस्वी ने हजारों करोड़ रुपए जरूर कमा लिए है। सीएम नीतीश की ओर से ट्रांसफर-पोस्टिंग का खेल नहीं होने देने से साबित होता है कि सरकार में मुख्यमंत्री का ही सबकुछ चलता है, ना कि किसी उपमुख्यमंत्री का। मांझी ने कहा कि तेजस्वी यादव शिक्षक नियुक्ति मामले में जो ऊल-जलूल बातें करके वाह-वाही लूटना चाहते हैं, वह गलत है। उनकी बातों में मूर्ख लोग तो आ सकते हैं, पर जानकार लोग सिर्फ हंसते हैं। क्योंकि, उपमुख्यमंत्री का पद कोई संवैधानिक पद नहीं होता है। मांझी ने कहा कि बीते 45 साल से मैं विधानसभा में हूं, लेकिन यह पहली बार देख रहा हूं कि बजट सेशन को छोड़ कर बिहार के प्रतिपक्ष का नेता भाग गया हो। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव के पास राजस्व मंत्रालय भी था। क्यों नहीं उन्होंने उन भूमिहीनों को जमीन दिया, जिनके पास एक धुर भी जमीन नहीं है। सरकार के पास लाखों एकड़ जमीन है। जीतन राम मांझी ने कहा कि बजट सेशन के बाद मंत्रिमंडल का विस्तार हो जाएगा। आप देखेंगे कि मंत्रालय भी बदलेगा और मंत्री भी बदले जाएंगे।

## आगलगी से प्रभावित ग्यारह परिवारों के बीच चेक और खाद्य सामग्री का वितरण

**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर अनुमंडल के शाहपुर प्रखंड क्षेत्र के दामोदरपुर पंचायत के जवइनिया गांव में आगलगी से प्रभावित ग्यारह परिवारों के बीच एसडीएम संजीत कुमार द्वारा मुआवजा राशि का चेक वितरण किया गया। इस दौरान 11 प्रभावित परिवारों को सरकार द्वारा आपदा राहत के तहत दी जाने वाली मुआवजा की राशि एसडीएम संग सीओ समा परवीन द्वारा चेक के रूप में दी गई। साथ ही सभी पीड़ित परिवारों को खाद्यान्न के रुप में 25 किलो चावल और प्लास्टिक शीट उपलब्ध कराया गया था। मुआवजा की राशि और चावल मिलने के बाद सभी अग्नि पीड़ित परिवारों के चेहरे पर छाई उदासी व चिंता की लकीरें कुछ हद तक दूर होते देखी गई।

जगदीशपुर एसडीएम बोले-पीड़ित परिवारों को की जाएगी हर संभव सहायता प्रदान



एसडीएम ने बताया कि जवइनिया गांव के 11 अग्नि पीड़ित परिवारों को आपदा सहायता राशि के रूप में प्रत्येक परिवार को ग्यारह हजार रुपये का चेक और 25 किलोग्राम चावल उपलब्ध कराया गया। उन्होंने बताया कि सभी प्रभावित परिवारों को पॉलीथिन शीट वितरित किया गया। साथ ही साथ आगलगी के दौरान झुलसकर घायल हुए मवेशियों के इलाज के लिए बेहतर व्यवस्था की गई हैं। आगे भी सभी पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। इस दौरान एसडीएम ने पीड़ित परिवारों से घटना की जानकारी ली। साथ ही घूम-घूम कर मवेशियों और जले घर का जायजा लिया।गौरतलब हो कि जवइनिया गांव में अचानक आग लग जाने से ग्यारह परिवारों के घर जलकर राख हो गए थे। इससे उन लोगों के समक्ष भोजन एवं आवास की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई थी। घटना में सभी अनुसूचित जनजाति परिवार के झोपड़ीनुमा मकान जलकर नष्ट हो गए थे।इस मौके पर बीडीओ राकेश कुमार, सीओ समा परवीन, शाहपुर थानाध्यक्ष कुमार रजनीकांत, बहोरनपुर ओपी प्रभारी अभय शंकर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### 65 लीटर महुआ शराब के साथ दो लोग गिरफ्तार

**कोईलवर**। चांदी थाना के थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने पुलिस बल के साथ खनगांव में सोन नदी के पास छापेमारी कर 65 देसी महुआ शराब जब्त किया। दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में कोसिहान के मंटू महतो तथा खनगांव के हेमंत कुमार है। छापेमारी में पुलिस ने गिरफ्तार तस्करों के पास से 65 लीटर देसी महुआ शराब जब्त किया है।थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान दो कारोबारी को देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। उन्होंने उक्त कारवाई थाना क्षेत्र के खनगांव सोन नदी के समीप किए जाने की बात कही। उन्होंने शराब कारोबार के खिलाफ सख्त अभियान जारी रहने की जानकारी देते हुए किसी भी सूरत में धंधेबाज बख्शे नही जाने की बात कही।

### मार्च माह में होगा वीकेएसयू का छठा दीक्षांत समारोह

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय का छठा दीक्षांत समारोह मार्च माह में होगा। सत्र नियमित होने के बाद विश्वविद्यालय ने दीक्षांत समारोह को ले कवायद तेज कर दी है। कुलपति डॉ शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने सत्र नियमित के बाद दीक्षांत समारोह कराने की बात कही थी। ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी दीक्षांत में शामिल हो सकें। कुलपति प्रो शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि दीक्षांत समारोह में राज्यपाल सह कुलाधिपति भी शामिल होंगे। कुलाधिपति के हाथों ही गोल्ड मेडल टॉपर्स को मिलेगा। गौरतलब हो कि विश्वविद्यालय में अंतिम बार वर्ष- 2019 में पांचवां दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ था। उस वक्त तत्कालीन कुलाधिपति शामिल हुए थे। उसके बाद वर्ष 2020 के अंत और वर्ष 2021 की शुरुआत में दीक्षांत समारोह होना था, लेकिन नहीं हो पाया। विद्यार्थियों से दीक्षांत के नाम पर राशि भी ली गयी है। उस वक्त होने वाले दीक्षांत समारोह में पीजी सत्र 2016-18 और 2017-19,एमएड सत्र 2017-19, एमसीए सत्र 2015-18 व 2016-19 एवं एमबीए सत्र 2016-18 व 2017-19 के टॉपर छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल दिया जाना था। पीएचडी डिग्री वाले शोधार्थी जो एक जनवरी 2019 से 31 दिसम्बर 2020 के बीच पीएचडी किए है, उन्हें डिग्री मिलनी थी। हालांकि अब होने वाले दीक्षांत में इसके आगे के सत्र के भी विद्यार्थी शामिल होंगे।

### महारैली के लिए इंडिया गठबंधन की बैठक

**आरा**। इंडिया गठबंधन के घटक दलों की एक बैठक राजद, भोजपुर जिला प्रधान कार्यालय में हुई। मुख्य मुद्दा महागठबंधन का 3 मार्च को पटना के गांधी मैदान में आहूत जन विश्वास महारैली की तैयारी रही।अध्यक्षता राजद के जिलाध्यक्ष वीरबल यादव और संचालन प्रधान महासचिव रामबाबू पासवान ने किया। राजद विधायक राम विशुन सिंह लोहिया ने कहा कि केंद्र की सरकार द्वारा लगातार लोकतंत्र और संविधान पर हमले के खिलाफ इंडिया गठबंधन की यह महारैली महत्वपूर्ण है। पटना के गांधी मैदान में तमाम विपक्षी नेताओं का जुटान होने जा रहा है। जहां से लोकतंत्र और संविधान विरोधी मोदी सरकार के खिलाफ गोलबंदी शुरू होगी। भाकपा-माले के_ विधायक सुदामा प्रसाद ने कहा की यह महारैली मोदी के बुलडोजर राज के खिलाफ है।महारैली को व्यापक बनाने के लिए सभी प्रखंड स्तर पर महागठबंधन की बैठक हो। शहर के प्रमुख जगहों पर नुक्कड़ सभा करना है। राजद के जिलाध्यक्ष वीरबल यादव ने कहा की भोजपुर जिला से हजारों लोग महारैली में शामिल होंगे।

### विपरित परिस्थितियों में धर्म ध्वजा लहराते रहे संत रविदासः राणा

**बक्सर**। भाजपा व महर्षि विश्वामित्र विचार मंच के कार्यकर्ताओं की ओर से शनिवार को स्थानीय सती घाट स्थित लाल बाबा आश्रम परिसर में संत रविदास जयंती मनाई। मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व महर्षि विश्वामित्र विचार मंच के राष्ट्रीय संयोजक राणा प्रताप सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत मन्दिर के पुजारी पंडित सुरेन्द्र तिवारी ने विधिवत पूजा अर्चना कर संत रविदास जी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। राणा प्रताप सिंह ने कहा कि संत रविदास विपरीत परिस्थितियों में भी सनातन धर्म ध्वजा लहराते रहे। यह जयंती खासकर गुरु रविदास को याद करने के लिए मनाई जाती है। जो हम प्रति वर्ष माघी पूर्णिमा को मनाते हैं। रविदास जी एक महान संत, कवि, आध्यात्मिक, दार्शनिक, समाज- सुधाकर और भक्ति प्रेरक गुरु थे। रविदास जी को रोहिदास, रैदास, रूहिदास आदि नामों से जाना जाता है। वो 14वीं और 15वीं शताब्दी में भक्ति आंदोलन के गुरु थे।

### इटाढ़ी रेलवे गुमटी पर लाइट ओवर ब्रिज की आज मिलेगी सौगात : चौबे

**बक्सर**। सांसद सह केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि सोमवार का दिन बक्सर संसदीय क्षेत्र के लिए विशेष है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल माध्यम से क्षेत्र की जनता को रेलवे के क्षेत्र में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने तथा यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। उन्होंने बताया कि इटाढ़ी गुमटी पर लाइट ओवर ब्रिज बनकर तैयार है। इसका प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करेंगे। शीघ्र यहां पर आरओबी भी बनकर तैयार हो जाएगा। केंद्रीय राज्य मंत्री चौबे ने कहा कि अमृत भारत रेलवे स्टेशन के लिए चयनित चौसा में मूलभूत सुविधाओं की बढ़ोतरी के लिए प्रधानमंत्री कल शिलान्यास करेंगे। रघुनाथपुर में आरओबी के निर्माण का भी शिलान्यास होगा। साथ ही रामगढ़ विधानसभा में 4 आरओबी का उद्घाटन हो रहा है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित रहने का आह्वान किया।


### दो पक्षों के बीच मारपीट,चार जख्मी, तेलहन काटने को लेकर हुआ था विवाद



**आरा**। भोजपुर जिले के शाहपुर थाना अंतर्गत बहोरनपुर ओपी के दामोदरपुर गांव के दियारा में तेलहन काटने के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट के दौरान एक पक्ष से चार लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। इसके बाद मारपीट में हुए गंभीर रूप से जख्मी एक अधेड़ को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया । जहां इलाज कराया जा रहा है। जख्मियों में बहोरनपुर ओपी के दामोदरपुर गांव निवासी दीपा राय 46 वर्षीय पुत्र उमेश राय, बृज किशोर के 35 वर्षीय पुत्र बीरेंद्र राय,40 वर्षीय सुरंजन तिवारी समेत चार लोग जख्मी है। इधर,जख्मी उमेश राय ने बताया कि गांव के दियारा इलाके में वो अपने खेत में बीरेंद्र, सुरंजन तिवारी के साथ खेत में तेलहन काट रहे थे। इसी बीच उक्त लोगों अपने पूरे परिवार के साथ आ धमके और तेलहन काटने से मना कर दिया। जब हमलोग ने मना किया तो, उक्त लोगों ने कहा कि जिस खेत में तेलहन काट रहे हो वो तुम्हारा खेत नहीं है। इसी बीच दोनों पक्षों के बीच नोकझोक हुई। देखते ही देखते बात बढ़ गई और दोनों के बीच जमकर मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान चार लोग जख्मी हो गए। वही, उमेश राय ने बताया बिहार–यूपी का बॉर्डर का फायदा उठाकर उक्त लोगों द्वारा मेरे पक्ष के लोगों को यूपी पुलिस से गिरफ्तार करा दिया गया। इस घटना के बाद पीड़ित परिवारों ने इसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की है। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस जांच कर रही है। वही, ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने बताया कि जख्मी के सिर में काफी गंभीर चोट आई है। जिनका इलाज करने के बाद उनका सिटी स्कैन कराया जा रहा है ।

# 2 मॉडल, सिंगर-गीतकार समेत 9 की हुई मौत

निज संवाददाता। कैमूर





कैमूर में रविवार देर शाम एक स्कॉर्पियो बाइक को टक्कर मारते हुए ट्रक से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार समेत 9 की मौत हो गई। मरने वालों में भोजपुरी सिंगर छोटू पांडेय (35), गीतकार सत्यप्रकाश मिश्रा वैरागी (40), 2 मॉडल आंचल तिवारी (23) और सिमरन श्रीवास्तव भी शामिल हैं। स्कॉर्पियो में भोजपुरी गायक-गायिका की पूरी टीम थी, जो एक मांगलिक कार्यक्रम में जा रहे थे और हादसे का शिकार हो गए। कैमूर डीएम सावन कुमार ने बताया कि बाइक को बचाने के चक्कर में स्कॉर्पियो अनियंत्रित हुई और ट्रक से टकरा गई, जिसमें बाइक सवार सहित 9 लोगों की मौत हो गई है। हादसे के बाद पुलिस राहत बचाव कार्य शुरू किया। देर रात जिला अधिकारी सावन कुमार, एसपी ललित मोहन शर्मा और केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे भी सदर अस्पताल पहुंचे। परिजन को सांत्वना दी। अश्विनी चौबे ने कहा कि सभी काफी अच्छे कलाकार थे।

**मॉडल, सिंगर, गीतकार समेत 9 की मौतः** मृतकों में बक्सर गम्हरिया निवासी और स्कॉर्पियों ऑनर प्रकाश राय (32) जो ड्राइव कर रहे थे, बक्सर निवासी भोजपुरी सिंगर छोटू पांडे (35), कानपुर निवासी सिंगर सत्य प्रकाश मिश्रा (40), कानपुर निवासी मॉडल सिमरन श्रीवास्तव, बनारस की रहने वाली मॉडल आंचल तिवारी (23) जिनके आधार कार्ड पर महाराष्ट्र का एड्रेस है, बक्सर निवासी ब्रजेश पांडे (17), बक्सर निवासी शशि पांडे और बाइक सवार दघीवल सिंह शामिल हैं।

**बाइक को टक्कर मारने के बाद ट्रक से टकराई स्कॉर्पियोः** कैमूर में रविवार देर शाम ये भीषण सड़क हादसा हुआ था। जहां तीन गाड़ियों की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने गाड़ी में फंसे लोगों को निकाला। प्रत्यक्षदर्शी गंगा सिंह यादव ने बताया कि मैं बाइक से आ रहा था। देखा कि पीछे से स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी है। स्कॉर्पियो में बैठे सारे लोग मर गए। एक बाइक सवार की भी मौत हुई है।

**सभी अच्छे कलाकार थे- अश्विनी चौबेः** केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने कहा कि मैं पुलों के निरीक्षण के बाद रामगढ़ में तिलक समारोह के लिए गया था। वहां पहुंचा ही था कि डीएम का फोन आया और मामले की जानकारी दी। पहले पहचान नहीं हुई बाद में पता चला गम्हरिया के लोग हैं। गाड़ी में सभी अच्छे कलाकार थे। सभी को मैंने कई बार बुलाया है। छोटू पांडे भोजपुरी गायक थे। वे बक्सर में भक्ति कार्यक्रम में भी हम लोगों का साथ दे चुके हैं।

**सीएम नीतीश ने घटना पर शोक जतायाः** सीएम नीतीश कुमार ने मोहनिया के देवकली में हुए भीषण सड़क दुर्घटना में मृत 9 लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह दुर्घटना काफी दुखद है और मैं इस घटना से मर्माहत हूं। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य रखने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## सड़क हादसे में पुजारी की मौत


निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के सिकरहटा थाना क्षेत्र के सिकरहटा खुर्द गांव के समीप अज्ञात बाइक सवार ने पैदल जा रहे एक पुजारी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई। इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान उन्होंने रास्ते में सोमवार की सुबह दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक सिकरहटा थाना क्षेत्र के सिकरहटा खुर्द गांव निवासी स्व. धर्मदेव चौबे के 61 वर्षीय पुत्र चंद्रमा चौबे हैं एवं वह पेशे से पुजारी थे। इधर,मृतक के छोटे भाई लक्ष्मण चौबे ने बताया कि वह प्रतिदिन नोनाडीह बसरा गांव स्थित मंदिर में सुबह-शाम पूजा करने के लिए जाते थे। रविवार की शाम भी वह नोनाडीह बरसा गांव स्थित मंदिर में पूजा करने के लिए गए थे। पूजा करके जब वह घर वापस लौट रहे थे। उसी दौरान गांव के समीप ही किसी अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना उन्हें मिली। सूचना पाकर फॉरेन वे लोग घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। जिसके बाद परिजन पहले उन्हें शहर में ही स्थित निजी अस्पताल ले गए। वहां से भी उन्हें इलाज के बाद गंभीर हालत में रेफर कर दिया गया। उसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए पटना ले जाया जा रहा था। तभी उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।उसके बाद परिजन उनके शव को वापस सदर अस्पताल लेकर ले आए। इसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व एक बहन में दूसरे स्थान पर थे। मृतक के परिवार में पत्नी गायत्री देवी व पांच पुत्र मुन्ना चौबे,कुंदन चौबे,विक्की चौबे,पवन चौबे,त्रिलोकी चौबे एवं एक बेटी शोभा देवी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है।

## 20 साल में थल सेना में चयन, 22 में कैप्टन, 29 में मेजर बनीं

निज संवाददाता। बक्सर



कहा जाता है कि मंजिल की चाह हो तो सपनों को हकीकत बनने से कोई नहीं रोक सकता। इसी कहावत को चरितार्थ कर दिखाया है जिले के बेटी मेजर नेहा ने किया। 29 वर्ष की उम्र में मेजर नेहा भारतीय मेडिकल कोर एमएनएस में कैप्टन से मेजर बनकर जिले का नाम रौशन किया है। नेहा 20 साल की उम्र में ही 2017 में भारतीय थल सेना में चयनित हुई, जहां दो वर्ष बाद 2019 में वो कैप्टन बनीं। नेहा की प्रारंभिक शिक्षा बक्सर से ही हुई। वह मूल रूप से जिले के सिमरी थानाक्षेत्र के दुल्लहपुर गांव की निवासी है। नेहा की शादी उनके बचपन के मित्र व जिले के तिवारीपुर निवासी स्व नरेंद्र कुमार तिवारी के पुत्र निशांत तिवारी से हुई है। पति लखनऊ में इंजीनियर के पद पर है। नेहा बताती है कि यहां तक लाने में उनके पति का बहुत ही सहयोग रहा। नेहा की दादी सिंगारी देवी बताती हैं कि नेहा शुरू से ही मेधावी रही। माता और पिता का साया बचपन में ही सर से उठ गया, जिससे परिवार की माली स्थिति डगमगा गई। अपितु नेहा ने हार नहीं मानी और उसने सुविधाओं की कमी को अपनी कमजोरी नहीं बनने दी। एजुकेशन लोन के सहारे अपनी पढ़ाई आगे जारी रखते हुए वर्ष 2019 के प्रथम प्रयास में ही भारतीय थल सेना में शामिल हुई। अब उन्हें कैप्टन से मेजर की उपाधि मिली हैं।

## सड़क हादसे में दो दोस्त जख्मी, भाई की शादी के लिए डीजे–नाच का सट्टा करने गए थे

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के पोसवां गांव के समीप रविवार को अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो दोस्तों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों बुरी तरह जख्मी हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के मदद से दोनों को गड़हनी पीएचसी के जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों जख्मियों को बेहतर इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जख्मियों में नारायणपुर थाना क्षेत्र के चासी गांव निवासी गुप्तेश्वर सिंह के 30 वर्षीय बेटे विजय बहादुर एवं स्व राम दयाल सिंह के 17 वर्षीय बेटे पवन कुमार शामिल है। इधर, जख्मी विजय के पिता गुप्तेश्वर सिंह ने बताया की उनके छोटे बेटे अमरेंद्र की शादी इसी साल अप्रैल में होने वाली है। जिसको लेकर विजय अपने दोस्त पवन के साथ बाइक से अपने गांव से शादी डीजे–नाच की सट्टा ठीक करने पहले पीरो इसके बाद चरपोखरी गए हुए थे । जब देर शाम वापस अपने गांव आने के बाद बाजार से घर वापस जा रहे थे, तभी पोसवां गांव के मोड़ के समीप अज्ञात वाहन ने उनके बाइक में टक्कर मार दी । जिससे जख्मी हालत में दोनों सड़क किनारे गिर पड़े। राहगीरों के मदद से इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। वही सदर अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि विजय बहादुर को को काफी गंभीर चोट आई है। दोनों युवकों का प्राथमिक इलाज कर दिया गया है। ऑब्जर्वेशन में रखकर इलाज किया जा रहा है।

## इनामी अपराधी के साथ दो गिरफ्तार, पुलिस कस्टडी से हुआ था फरार, अपराधिक घटना से देने से पहले बदमाश गिरफ्तार

निज संवाददाता। बक्सर



भोजपुर पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में लूट कांड में वांछित एक 25 हजार के इनामी अपराधी के साथ दो को गिरफ्तार किया है। वांछित की गिरफ्तारी जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कौरा गांव के समीप से हो सकी है। पकड़ के अपराधी नीतीश कुमार मूल रूप से उदवंतनगर थाना क्षेत्र के डीहरी गांव का निवासी है,पूर्व में पुलिस का स्टडी से फरार हो चुका था । इधर, पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि पकड़े गए अपराधी का पूर्व का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। उसके आपराधिक इतिहास को देखते हुए 25 हजार का इनाम घोषित हुआ था, साथ ही टॉप टेन की सूची में भी शामिल था। एसपी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शातिर अपराधी कौरा गांव के पास छिपा हुआ है। जिसके बाद जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र एवं थानाध्यक्ष बिगाऊ राम के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया । टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इनामी अपराधी नीतीश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। अपराधी एनएच 319 कौरा गांव के पास से 15 अप्रैल 2023 को पुलिस की अभिरक्षा से फरार हो गया था। पकड़े गए अपराधी पर जगदीशपुर थाना में तीन एवं आरा टाउन थाना में एक केस पूर्व से दर्ज हैं। इसमें अधिकांश मामला लूटकांड से संबंधित है।

**बड़ी घटना को अंजाम देने से पहले गिरफ्तारः** संदेश थाना क्षेत्र के संदेश चौक के पास से पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए देसी पिस्टल और गोली के साथ एक बदमाश को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया बदमाश रंजन कुमार संदेश के अहपुरा गांव का निवासी है।

इधर, एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक बदमाश तीर्थकॉल गांव के पास हथियार लेकर घूम रहा है और किसी वारदात को अंजाम देने वाला है। इसके बाद थानाध्यक्ष आदित्य कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया । टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर रंजन कुमार को संदेश चौक के पास से एक देसी पिस्तौल एवं तीन गोली के साथ गिरफ्तार कर लिया है। इसे लेकर आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिक की गई है। बताया जाता है कि पकड़े के बदमाश पर आरा के नवादा थाना के क्षेत्र उत्पाद अधिनियम से संबंधित केस है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## 2 साल से नहीं हो रहा क्रिकेट लीग, कहां दिखाएं परफॉर्मेंस

निज संवाददाता। बक्सर

जिले में दो दर्जन से अधिक क्रिकेट क्लबों को हर साल जिला क्रिकेट लीग का इंतजार रहता है। बक्सर जिला क्रिकेट एसोसिएशन बीते दो वर्षों से लीग का आयोजन नहीं करा पा रहा है। इससे जहां क्रिकेट खिलाड़ियों की प्रतिभा मर रही है वहीं एसोसिएशन मैदान का रोना रो रहा है। इस संबंध में एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने कहा कि लीग में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर प्रदर्शन करने का अच्छा प्लेटफार्म मिलता है। लीग मैच के आधार पर अंडर 19, 16, 16 और सीनियर खिलाड़ियों का चयन किया जाता है, जिन्हें राज्य स्तर पर चयन के लिए भेजा जाता है। उन्होंने कहा कि दो साल से लीग का आयोजन नहीं हुआ। वहीं इस वर्ष तो क्लबों का रजिस्ट्रेशन तक नहीं हुआ है।

**खेलेंगे नहीं तो कहां दिखाएंगे परफॉर्मेंसः** क्रिकेट खिलाड़ी प्रेम कुमार जायसवाल ने कहा कि जिला क्रिकेट लीग नहीं होने से परफॉर्मेंस दिखाने का मौका नहीं मिल पा रहा है। हर रोज किला मैदान में अभ्यास के दौरान पसीना बहाते हैं, लेकिन इसका कोई मतलब नहीं रह जाता है। बिना लीग कराए ही ट्रॉयल कर वैसे खिलाड़ियों का सलेक्शन कर लिया जाता है, जिसे लोकल खिलाड़ी जानते तक नहीं है। चयन प्रक्रिया में काफी अनियमितता है।

## जिले में प्रधानाध्यापक पद के 460 पदों पर पदस्थापन नहीं

निज संवाददाता। बक्सर

पदस्थापन को लेकर स्नातक शिक्षकों की एक बैठक बुनियादी विद्यालय बक्सर के प्रांगण में की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रोन्नति संघर्ष मोर्चा के संयोजक यतीन्द्र कुमार चौबे ने की। जहां शिक्षकों ने एक स्वर से जिले में प्रधानाध्यापक पद के 460 पदों पर तत्काल पदस्थापन की आवाज उठाई। इस दौरान नव नियुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों से परिचय प्राप्त किया गया। इसके बाद डीईओ व डीपीओ को धन्यवाद दिया गया। जिन्होंने कुछ लोगों के दबाव के बावजूद न्यायालय के आदेश के मद्देनजर 48 शिक्षकों को स्नातक प्रशिक्षित पदों पर पदस्थापन किया। बैठक में प्रोन्नति का विरोध करने वाले एवं पदाधिकारी गण को परेशान करनेवाले लोगों के प्रति काफी नाराजगी दिखी।श्री चौबे ने कहा-प्रोन्नति शिक्षकों का अधिकार है,उसे हर हाल में हम लेकर रहेंगे।बीच में जो भी पदाधिकारियों को परेशान करेगा हम दीवाल बन कर उनकी रक्षा करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से संजीव तिवारी, सुरेन्द्र सिंह, सुधीर कुमार गुप्ता,वीरेंद्र वर्मा,भगवान सत्यनारायण, रमेश चंद्र राम आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

पूर्व रेलवे

**मालदा मंडल में विविध-स्टेटिक-सेवाओं-प्रमोशनल कियोस्क के लिए ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा मंडल, मालदा टाउन कार्यालय भवन, डाकघर झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नामः** मालदा मंडल में मालदा टाउन (एमएलडीटी) एवं जमालपुर (जेएमपी) रेलवे स्टेशनों में विविध-स्टेटिक-सेवाओं-प्रमोशनल कियोस्क की संविदा। बोलीदाताओं को सिर्फ नीचे उल्लेखित वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन बोली लगानी होगी। नीचे उल्लेखित इस निविदा सं. के तहत निविदा दस्तावेज की हॉर्ड कॉपी की बिक्री नहीं की जाएगी। **क्रमांक एवं सिक्वेंस सं., लॉट नं./श्रेणी, विवरण, बयाना राशि, ई-नीलामी शुरू होने की तारीख एवं समय (11:45:00 बजे)** क्रमशः निम्नलिखित हैं: **(1) एए/1;** एमएसएस-एमएलडीटी-जेएमपी-पीआरकियोस्क-9-24-1; नीचे उल्लेखित मनोनित स्टेशनों के चिन्हित स्थानों पर प्रमोशनल कियोस्क के जरिए बैंकिंग/बीमा उत्पादों/सेवाओं का वाणिज्यिक विज्ञापन/प्रोत्साहन; 5%; 11.03.2024 को 12:15:00 बजे। **(2) एए/2;** एमएसएस-एमएलडीटी-एमएलडीटी-पीआरकियोस्क-10-24-1; क्रमांक 1 के समान; 5%; 11.03.2024 को 12:25:00 बजे। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्टः www.ireps.gov.in**, सीनियर डीसीएम/मालदा/पूर्व रेलवे (दोनों क्रमांक के लिए)। (MLD-138/2023-24)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/567, दिनांक 22.02.2024;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित विद्युतीय कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3277; कार्य का नामः** हावड़ा स्टेशन परिसर में एलटी पावर वितरण नेटवर्क के पुनर्विकास के संबंध में सैंडविच बस ट्रंकिंग सिस्टम का प्रावधान। **निविदा मूल्यः** रु. 2,24,56,980; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 2,62,300; **समापन अवधिः** 180 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 15.03.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, निविदा के बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत किसी भी सुविधाजनक दिवस को ऑनलाइन निविदाएं खोली जाएंगी। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है।

(HWH-510/2023-24)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

बीडीओ ने मृतक के स्वजनों को 20-20 हजार रुपए का पारिवारिक दिया लाभ

# सड़क हादसे में दो बाइक सवार युवकों की मौत, तीन लोग गंभीर रूप से घायल



निज संवाददाता

**नालंदा**। नालंदा में सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहार शरीफ राजगीर मुख्य मार्ग के एनएच 120 टोल प्लाजा के समीप की है। मृतकों की पहचान बिहार थाना क्षेत्र के महल पर निवासी मोहम्मद फैजाद का (19) वर्षीय पुत्र मोहम्मद अनस फैजल एवं बनौलिया निवासी एहतेशाम अंसारी का (22) वर्षीय पुत्र मोहम्मद असद आलम के रूप में किया गया है। जबकि घायलों में बनौलिया निवासी मोहम्मद आमिर, मोहम्मद फैयाज एवं मोहम्मद समीर है। घटना के संबंध में उपमेयर प्रतिनिधि दानिश मलिक ने बताया कि दो बाइक पर सवार होकर सभी युवक शबे बरात की रात इबादत को लेकर राजगीर सिलाव गए हुए थे। जहां से लौटने के क्रम में टोल प्लाजा के पास यह हादसा हुआ है। डायल 112 की पुलिस घायलों को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंची, जहां दो युवकों को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि तीन युवक को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। अज्ञात वाहन से टक्कर का कयास लगाया जा रहा है। वहीं घटना की जानकारी मिलने के उपरांत भारी संख्या में लोग सदर अस्पताल पहुँचे। मौत की पुष्टि के उपरांत परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार वालों के चित्कार से अस्पताल परिसर गमगीन हो गया। घटना की जानकारी मिलने के उपरांत बीडीओ अंजन दत्ता सदर अस्पताल पहुंचे और मृतक के स्वजनों को 20-20 हजार रुपए का पारिवारिक लाभ दिया। वहीं पुलिस शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द कर दी है एवं अग्रेतर कार्यवाई में जुट गई है।

## स्कॉर्पियो और पिकअप के बीच हुई टक्कर में एक की मौत, आठ घायल

निज संवाददाता

**समस्तीपुर**। समस्तीपुर स्थित एनएच-28 पर सोमवार को सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। 8 लोग जख्मी हो गए। सभी एक ही परिवार से हैं और सिमरिया से मुंडन संस्कार से वापस दरभंगा लौट रहे थे। हादसा स्कॉर्पियो और पिकअप के बीच टक्कर की वजह से हुआ। घटना दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के धेपुरा गांव के पास की है। मृतक की पहचान दरभंगा जिले के सीहवारा थाने कटक मोहनपुर निवासी रामबाबू यादव का पुत्र रंजन यादव के रूप में की गई। वो स्कॉर्पियो का ड्राइवर था। सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल दलसिंहसराय में भर्ती कराया गया है जबकि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। मोहनपुर के किशोर साह की पुत्री मीनाक्षी कुमारी का मुंडन संस्कार के बाद दो स्कॉर्पियो से सभी लोग वापस दरभंगा के सिंहवाड़ा घर लौट रहे थे। इसी दौरान



रास्ते में दलसिंहसराय थाने के ढेपुरा गांव के पास एनएच 28 पर बरौनी की ओर जा रही आलू लोड पिकअप से टक्कर हो गई। हादसे के बाद पिकअप का ड्राइवर गाड़ी छोड़ भागने में सफल रहा।

इधर, हादसे की सूचना पर थाने से पहुंचे एसआई अन्नू कुमारी और रंजीत सिंह ने घायलों से घटना की जानकारी ली। घायलों में स्व.अरुण साह की बेटी प्रीति कुमारी, पत्नी रामदुलारी देवी, बद्री साह की पत्नी नीलम देवी, बेटी बेबी कुमारी, बंधन कुमारी, सोनाक्षी कुमारी, बेटा अमन कुमार, नागेंद्र साह की बेटी अर्चना कुमारी, मोहन साह की पत्नी अनिता देवी एवं बिनोद साह की पत्नी सोनी देवी शामिल है। इनमें से गंभीर रूप से जख्मी रामदुलारी और रामदुलारी की बेटी प्रीति को प्राथमिक चिकित्सा के उपरांत बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया गया। सभी जख्मी दरभंगा जिले के सिंहवाड़ा थाने के मोहनपुर के रहने वाले हैं। इधर, दलसिंहसराय के डीएसपी नजीब अनवर ने बताया कि पिकअप और स्कॉर्पियो के बीच हुई चक्कर में एक व्यक्ति की मौत हुई है। जबकि इस हादसे में 8 लोगों के घायल होने की सूचना है। सभी का उपचार अनुमंडलीय अस्पताल दलसिंहसराय में चल रहा है।

## पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तीन आरोपी समेत 32 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



निज संवाददाता

**बेतिया (पश्चिमी चम्पारण)**। बेतिया पुलिस अधीक्षक अमरकेश डी के निर्देश पर फरार चल रहे अपराधियों की गिरफ्तारी और मद्य निषेध कानून को पूरी तरह लागू कराने के उद्देश्य से जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष समकालीन अभियान चलाया जा रहा है। अपराध नियंत्रण एवं विधि व्यवस्था के मद्देनजर रखते हुए पुलिस के विशेष समकालीन अभियान में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आर्म्स एक्ट के तीन आरोपी समेत 32 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तारी किया है। पुलिस अधीक्षक अमरकेश डी ने बताया कि पुलिस जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर कुल 32 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें आर्म्स एक्ट के तीन अभियुक्त शामिल हैं। वहीं, पुलिस ने 15.3 लीटर देशी शराब, 1.44 लीटर विदेशी शराब और एक बाइक जब्त की है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार सभी अभियुक्तों से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत वाहन जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से जुर्माने के रूप में 97 हजार रुपए भी वसूले गए है।

## पांच चोर गिरफ्तार, कट्टा-गोली बरामद



निज संवाददाता

**कटिहार**। कटिहार में पिछले कई महीनों से पुलिस के लिए सिर दर्द बने चोरों के गिरोह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सेमापुर थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देने की साजिश बना रहे पांच चोरों को सेमापुर थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चोरों के पास से हाल के दिनों में आभूषण दुकान से चोरी किए गए चांदी के बिछिया, ब्रेसलेट, चेन और अन्य जेवर को भी बरामद किया गया है। इनके पास से चार देसी कट्टा, चार जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। एसपी जितेंद्र कुमार ने कहा कि इसी गिरोह ने 29 जनवरी को एक आभूषण दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जबकि दूसरे दुकान में चोरी की प्रयास किया था। गिरफ्तार सभी अपराधी बरारी थाना क्षेत्र से जुड़े हैं। पुलिस गिरफ्तार सभी अपराधियों की कुंडली खंगाल में जुटी है।

## नाबालिग बेटी की गला घोंटकर हत्या, पिता गिरफ्तार

निज संवाददाता

**मोतिहारी (पश्चिमी चम्पारण)**। मोतिहारी में 16 साल की नाबालिग बेटी की पिता ने हत्या कर दी। प्रेम प्रसंग को लेकर पिता ने यह कदम उठाया। लड़की के पिता ने उसकी शादी कहीं और तय कर दी थी, लेकिन वह घर से भाग गई। पिता ने बेटी का पीछा किया और उसे पकड़ लिया। इसके बाद बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। फिर शव को घर के एक किलोमीटर दूर खेत में फेंक दिया। वारदात दरपा थाना क्षेत्र में गुलरिया के पिपरा की है। नाबालिग 7 फरवरी को गायब हुई थी। आठ को उसकी डेड बॉडी मिली थी। नाबालिग के पिता ने उसके प्रेमी समेत चार लोगों पर हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। एसपी कांतेश मिश्रा ने रक्सौल एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया और वैज्ञानिक तरीके से हत्या की जांच शुरू की। इस दौरान पुलिस की शक की सुई नाबालिग के पिता राम प्रवेश साह पर गई। पुलिस उससे पूछताछ की तो पहले उसने बेटी की हत्या करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने जब सख्ती दिखाई तो एक एक कर पूरे कांड का खुलासा कर दिया। पूछताछ के दौरान राम प्रवेश साह ने बताया कि मेरी बेटी का एक युवक से संबंध था। वह उससे हमेशा फोन पर बात करती थी। कई बार मना किया, लेकिन वह नहीं मान रही थी।

## ट्रक से 540 कार्टन शराब जब्त, एक गिरफ्तार

निज संवाददाता

**मोतिहारी (पश्चिमी चम्पारण)**। मोतिहारी के चकिया में आलू लदे ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त की गई है। इस मामले में एक तस्कर को भी अरेस्ट किया गया है। जबकि दूसरा तस्कर पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। मद्य निषेध विभाग के गुप्त सूचना मिली थी कि अमृतसर से आलू लदे ट्रक में शराब की बड़ी खेत मोतिहारी के रास्ते मुजफ्फरपुर जाने वाली है। सूचना मिलने के बाद मद्य निषेध की टीम मोतिहारी पुलिस से सहयोग से चकिया टॉल प्लाजा के पास ट्रक की जांच की। इस दौरान पुलिस को देख कर ट्रक पर सावर दूसरा तस्कर कूद कर भाग गया, जबकि पुलिस ने एक को पकड़ लिया। पकड़े गए तस्कर की पहचान पंजाब के अवतार सिंह के रूप में हुई है। चकिया थानाध्यक्ष ने बताया कि मद्य निषेद पटना की टीम से सूचना मिली, जिसके बाद दोनों ने संयुक्त कार्रवाई की। ट्रक पर आलू के अंदर विदेशी शराब छिपा की रखी गई थी।ट्रक से 540 कार्टन शराब बरामद किया गया है। इसकी कीमत 70 लाख रुपये बताई जा रही है। वहीं गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ की जा रही है कि शराब की खेप किसके कहने पर लाई जा रही थी और किसको डिलीवरी करनी थी.

## लाठी-डंडे से हुई मारपीट, तीन घायल

निज संवाददाता

मुंगेर। मुंगेर में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई है। इसमें तीन लोग घायल हुए हैं। मारपीट का वीडियो भी सामने आया है। जिला अंतर्गत लड़ैयाटांड़ थाना क्षेत्र के गोविन्दपुर गांव निवासी दयानन्द मंडल और अरविंद राम के बीच जसीडी मुरकट्टा स्थित 4 कट्ठा जमीन को लेकर लगभग तीन वर्षो से विवाद चल रहा है। विवादित जमीन पर एक पक्ष दयानंद मंडल द्वारा मिट्टी गिराई जा रही थी। इसकी जानकारी जब दूसरे पक्ष के अरविंद राम को मिली तो पूरे परिवार के साथ विवादित जमीन पर पहुंचा। अरविंद राम के परिवार को देख एक पक्ष दयानंद मंडल और उसके बेटे बादल कुमार सहित अन्य मिलकर दयानंद राम के परिवार पर लाठी डंडे से हमला कर घायल कर दिया। इसके बाद सभी लोग फरार हो गए।

## डीजे बजाने के विवाद में दो समुदाय में झड़प, नौ घायल



निज संवाददाता

**बगहा (पश्चिमी चम्पारण)**। रामनगर के मुजरा गांव में डीजे बजाने के मामले में दो समुदायों के बीच झड़प और पत्थरबाजी हुई। 9 लोग जख्मी हो गए। 5 लोगों को गंभीर चोटें लगी है। जिन्हें जीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया है। फिलहाल पूरे गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। झड़प कथा मटकोर के दौरान हुई थी, डीजे बजाने के दौरान विवाद हुआ था। घटना के बाद मुजरा गांव में अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस ने गहरी जांच शुरू कर दी है और आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए कड़ी कार्रवाई की जा रही है। घायलों का इलाज जीएमसीएच बेतिया में चल रहा है। बताया जा रहा है कि डीजे बजाने को लेकर दो समुदायों को बीच में विवाद शुरू हुआ था। विवाद झड़प में तब्दील हो गया। रामनगर एसडीपीओ नंद जी प्रसाद ने बताया कि स्थिति सामान्य है, पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## दो पक्षों के बीच मारपीट में पांच घायल

निज संवाददाता

बेगूसराय। बेगूसराय में प्रेम प्रसंग को लेकर लड़की भगाने के एक मामले में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई जिसमें एक ही पक्ष के पांच लोग घायल हैं जिनमें दो की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना मटिहानी थाना क्षेत्र के खरीदी गांव की है।ॉ पीड़ित की पहचान खरीदी गांव निवासी प्रिंस कुमार कन्हैया कुमार एवं उनके ही परिवार के अन्य लोगों के रूप में की गई है। वहीं आरोपी पड़ोस के रहने वाले फरिक राजेश राम सहित अन्य लोग बताये जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार प्रिंस कुमार की बहन एवं राजेश राम के भाई अभिषेक कुमार के बीच लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। 17 फरवरी को अभिषेक कुमार अपनी प्रेमिका के साथ फरार हो गया है। इस बात को लेकर प्रिंस कुमार ने राजेश कुमार से शिकायत की। इसको लेकर गांव में एक पंचायती भी हुई ,जिसमें राजेश कुमार ने एक सप्ताह के अंदर लड़की का पता लगाकर वापस करने की बात कही थी। इसी बात को लेकर आज प्रिंस कुमार अपने परिवार के लोगों के साथ राजेश कुमार के घर पर पूछने के लिए गए थे। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि पंचायती के बाद राजेश कुमार अपने अन्य लोगों के साथ शराब पीकर पहुंचा एवं लाठी डंडे से पिटाई शुरू कर दी। फिलहाल अभी भी लड़की एवं लड़का परिजनों के पकड़ से बाहर हैं। घायलों का इलाज सदर अस्पताल बेगूसराय में चल रहा है।

सांसद, विधायक और मेयर ने दिया आशीर्वाद

## हिंदी रीति-रिवाजों से एक मंडप में 12 जोड़े ने लिए सात फेरे

निज संवाददाता

**बेतिया (पश्चिमी चम्पारण)**। बेतिया शहर के कालीधाम मंदिर परिसर में हिंदी रीति-रिवाजों से सात फेरे लेकर 12 जोड़ा रविवार की रात एक-दूजे के हो गए। वर-वधु ने जीवनभर साथ निभाने को लेकर सात वचन भी लिया। इसके पूर्व शहर के कालीधाम मंदिर परिसर से गाजे-बाजे के साथ बाराती-सराती और विवाह आयोजन समिति के लोग शामिल हुए। बारात काली मंदिर परिसर से निकल कर शहर के मुख्य चौक-चौराहों होते हुए आयोजन स्थल तक पहुंची। देर रात वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सात फेरा लेकर 12 जोड़े प्रणय सूत्र में बंध गए। सभी रस्मों के बाद सोमवार सुबह दूल्हा अपनी जीवन संगनी को



लेकर अपने घर गया।

वर-वधू को आर्शीर्वाद देने के लिए पश्चिम चंपारण के सांसद डॉ. संजय जायसवाल, सदर विधायक रेणु देवी, नगर निगम की महापौर गरिमा सिकारिया आदि मौजूद रहे। मां कालीधाम विवाह सेवा समिति 2005 से लगातार शहर के कालीधाम मंदिर परिसर में सामूहिक विवाह का आयोजन करता आ रहा है। विवाह समिति ने 19 वर्ष में अब तक 298 जोड़ों की शादी करा चुका है।

विवाह समिति के सचिव विजय रंजन ठाकुर ने बताया कि स्वेच्छा व दहेज मुक्त त शादी करने ने के इच्छुक जरूरतमंद परिवार के बच्चों की शादी कराई जाती है। सामूहिक विवाह समारोह में 12 जोड़े शादी की डोर में बंधे। इसमें पूर्वी चंपारण के तेनपुरवा पांडे टोला के पंकज कुमार संग बेरिया खिरिया घाट की नेहा कुमारी, लौकरिया थाना के मुरगही निवासी अजय संग योगापट्टी डुमरी बाजार के विनिता कुमारी, सिक्टा के हरीपुर निवासी संजीत महतो संग नौतन के पुरंदरपुर के पुष्पा कुमारी, रक्सौल के रंजन कुमार संग मैनाटांड़ के बौधवरवा की प्रतिमा कुमारी, बरवत पसरराईन के रूपेश कुमार संग मैनाटांड़ के अशीमवा की जीतू कुमारी, योगापट्टी परेगवा निवासी विद्या कुमार संग बैरिया के जंगीराहा बगीचा टोला टोला की की बबिता बबिता कुमारी तथा बैरिया के तुमकड़िया निवासी अखिलेश चौधरी संग नौतन के बैरापरसौनी की रीमा कुमारी शादी शामिल है।

## नस्तर चुभोती क्षणिकाएं और भावप्रवण रेखांकन की अद्भुत संगम है सिद्धेश्वर की कैनवास पर बिखरे मोती : भगवती प्रसाद द्विवेदी

निज संवाददाता

**पटना**। निराकार में आकार एवं शब्दों में चिंतन को पा लेना बड़ी बात है। ऐसे में सिद्धेश्वर जी का रेखाचित्र एवं साथ में उनकी छोटी छोटी कविताएं,अपने आपमें अनोखा पा रहा हूं1 काव्य एवं कला का यह संगम यानि सिद्धेश्वर की यह नवीन कलाकृति" कैनवास पर बिखरे मोती " देखकर मैं अभिभूत हूं1 सिद्धेश्वर की चित्र शैली भी गजब की है, जो शब्दों के साथ जोड़कर दिखाया गया है। इस पुस्तक को देखकर लगता है कि सिद्धेश्वर जी केवल आत्म केंद्रित कवि ही नहीं बल्कि एक सफल चित्रकार भी है। दोनों विधाओं के बेजोड़ शिल्पी एक चित्रकार कवि की दिशा, दृष्टि और संप्रेषणीयता का गुढ़ सिद्धेश्वर जी की यह संग्रह स्पष्टतः परिलक्षित होता है। जगदंबी प्रसाद यादव प्रतिष्ठान एवं भारतीय युवा साहित्यकार परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित लोकार्पण सह काव्य संध्या साहित्यिक समारोह में, सिद्धेश्वर की नवीन रेखाचित्र काव्य कृति "कैनवास पर बिखरे मोती "के लोकार्पण के अवसर पर, अंतर्राष्ट्रीय चित्रकार आनंदी प्रसाद बादल ने उपरोक्त उद्गार व्यक्त किया। सिद्धेश्वर की पुस्तक कैनवास पर बिखरे मोती का लोकार्पण करते हुए पटना दूरदर्शन के निदेशक डॉ राजकुमार नाहर ने कहा कि कला और साहित्य के अमिट पहचान बन




गए हैं सिद्धेश्वर। 40 वर्षों की उनकी साधना का सफल परिणाम है कैनवास पर बिखरे मोती 1" वरिष्ठ साहित्यकार अरुण शाद्वल ने कहा कि "चित्रकला और साहित्य के क्षेत्र में, सिद्धेश्वर अपनी राष्ट्रीय पहचान रखते हैं। उम्र के इस मुकाम पर भी उनकी सक्रियता उनके भीतर के जुनून को दर्शाता है।" इस पूरे शाश्वत समारोह की अध्यक्षता करते हुए, लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार भगवती प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि - सिद्धेश्वर जी यूं तो बहुआयामी साहित्यिक प्रतिभा के धनी है, और लघुकथा,कहानी, समालोचना के क्षेत्र में भी उन्होंने उल्लेखनीय हस्तक्षेप किया है।

पर कविता और कला के हल्के में सिद्धेश्वर की शोहरत सर्वप्रिय रही है 1 और इसका जीत जागता नमूना है, दोनों ही विधाओं का बेजोड़ समन्वित रूप " कैनवास पर बिखरे मोती ",जिसके मार्फत बूंद में समुद्र भरने की कामयाब कोशिश काबिले तारीफ है 1 एक तरफ देखने में छोटी-छोटी मगर नावक के तीर सी गंभीर घाव करने वाली, नस्तर चुभोती क्षणिकाएं है, वहीं उसी कथ्य भूमि पर विचारों की भावप्रवण रेखांकन भी अद्भुत है 1 उनकी इस पुस्तक में कविता सागर से चुन चुन कर मोती भी अनायास ही हासिल हो जाते हैं।

"लोकार्पण समारोह, सिद्धेश्वर की चित्रकला प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि डॉ बीरेंद्र कुमार यादव ने कहा कि सिद्धेश्वर की यह नवीन चित्रात्मक काव्यकृति, साहित्य एवं कला के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है 1 जबकि बिहार सरकार,उद्योग विभाग के विशेष सचिव एवं कवि दिलीप कुमार ने कहा कि सिद्धेश्वर की कलाकृतियों में मैं अंतरराष्ट्रीय छवि देखता हूं 1 रेखाचित्र के कला संसार में पूरे देश भर में सिद्धेश्वर बिहार का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। विख्यात लघुकथाकार रामयतन यादव ने कहा कि सिद्धेश्वर की कलाकृतियां अन्य कलाकारों से अलग और विशिष्ट है 1 उनकी छोटी-छोटी कविताओं में भी गजब का तीखापन और तेजाबी छुअन का एहसास है। विख्यात लघुकथाकार रामयतन यादव ने कहा कि सिद्धेश्वर की कलाकृतियां अन्य कलाकारों से अलग और विशिष्ट है। उनकी छोटी-छोटी कविताओं में भी गजब का तीखापन और तेजाबी छुअन का एहसास है। इस साहित्यिक समारोह का आरंभ चर्चित लोक गायिका नीतू नवगीत की सरस्वती वंदना से हुई। पूरे समारोह का संचालन करते हुए सुधा पांडे ने कहा कि सिद्धेश्वर के रेखाचित्र देशभर की प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में नियमित प्रकाशित होती रही है, और यह उनकी पहचान बन गई है। इसके पश्चात काव्य संध्या का संचालन कर रही युवा कवयित्री राज प्रिया रानी ने कहा कि-" सिद्धेश्वर जी की कलाकृतियां अनायास हमारे हृदय को स्पर्श करती है। हमारा सौभाग्य है कि उनसे भेंटवार्ता लेने का, हमें अवसर प्राप्त हुआ और वह भेंटवार्ता इस पुस्तक में भी प्रकाशित है 1" इनके सुमधुर और सशक्त संचालन में दो दर्जन से अधिक कवियों ने गीत गजल से समां बांध दिया। काव्य गोष्ठी में भाग लेने वाले कवियों में प्रमुख थे- सर्वश्री अविनाश बंधु, अरुण शाद्वल, समीर परिमल, जयंत, रूबी भूषण, अपूर्ण कुमार, रामयतन यादव, रेखा भारती मिश्रा, डॉ शिवनारायण, विजय गुंजन, राजेश शुक्ल, पुष्प रंजन आदि। पुस्तक लोकार्पण एवं काव्य संध्या के इस यादगार आयोजन में सिद्धेश्वर की एक दर्जन से अधिक कलाकृतियां भी प्रदर्शित की गई, जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी। अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया चर्चित कथाकार जयंत ने।

## एक हजार लीटर स्प्रिट बरामद, एक गिरफ्तार

**गोपालगंज (नि.सं.)**। कुचायकोट थाना के बलथरी चेक पोस्ट पर पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक बड़े कंटेनर से भारी मात्रा में स्प्रिट बरामद किया है। स्प्रिट खाली कैरेट के नीचे छुपा कर रखी गई थी। इस मामले में एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया शख्स की पहचान बरेली निवासी फुरकान खान के रूप में हुई है। दरअसल, कुचायकोट थाना पुलिस बलथरी चेक पोस्ट पर वाहन जांच कर रही थी।

## ट्रेन में किन्नरों ने यात्रियों को पीटा, तीन किन्नर हिरासत में

निज संवाददाता

**बेगूसराय**। बरौनी-कटिहार रेलखंड पर कटिहार-पटना इंटरसिटी में किन्नरों ने एक यात्री की बेहरमी से पिटाई कर दी। दरअसल, खगड़िया से किन्नरों का जत्था चढ़ा और यात्रियों से जबरदस्ती पैसा वसूलने लगा। जिसके बाद उमेश नगर और साहेबपुर कमाल के बीच पैसा नहीं देने वाले यात्रियों की इन किन्नरों ने बेहरमी से पिटाई कर दी। वही, इसका एक वीडियो भी समाने आया है। वीडियो में देखा जाता है कि किन्नर आते हैं, पहले पैसा मांगते हैं और पैसा देने का विरोध करने पर सभी मिलकर यात्रियों के साथ मारपीट शुरू कर देते हैं। बीच-बचाव के बाद किसी तरह मामला शांत हुआ। हालांकि, किसी ने इसका वीडियो बना लिया और वीडियो वायरल होने के बाद रेलवे सुरक्षा बल खगड़िया की टीम ने तीन किन्नरों को गिरफ्तार कर लिया तथा पूछताछ कर रही है।

## खाना बनाने के दौरान घर में आग लगने से 50 हजार नगद सहित डेढ़ लाख की संपत्ति जली

निज संवाददाता

**शेखपुरा**। शेखपुरा जिले के चेवाड़ा प्रखंड अंतर्गत करंडे थाना क्षेत्र के बेंगूचा गांव स्थित महादलित टोला में खाना बनाने के दौरान आग लग गई। रसोई गैस से रिसाव हो रहा था। अगलगी से डेढ़ लाख की संपत्ति का नुकसान हुआ है। पीड़ित सुरेश रविदास ने कहा कि मेरी नातिन खाना बना रही थी। गैस लीकेज के कारण खपरैल घर में आग लग गई। गृहस्वामी सुरेश रविदास के 50 हजार रुपए नदद सहित डेढ़ लाख की संपत्ति जल गई। पीड़ित सुरेश रविदास के ने बताया कि ग्रामीणों ने अग्निशमन दस्ता को फोन कर बुलाया। जिसके



बाद आग पर कापू पाया जा सका। पीड़िता का कहना है कि घर में 50 हजार नगद, कपड़ा, किवाड़, दो चौकी, अनाज, ढोल और घर के कागजात सहित लाखों का नुकसान हुआ है। मेरी नातिन ने कुछ दिन पहले मैट्रिक की परीक्षा दी थी। उसका एडमिट कार्ड भी जल गया। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से सरकारी सहायता की गुहार लगाई है। करंडे थाना अध्यक्ष सह पुलिस सब इंस्पेक्टर कुंदन कुमार ने बताया कि घटना के संबंध में उन्हें कोई शिकायत नहीं मिली है। लिखित शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### विदा नरीमन

महान न्यायविद फली सैम नरीमन की विदाई भारत के लिए अपूरणीय क्षति है। वह एक ऐसे न्यायनिष्ठ भारतीय थे, जिनकी रगों में भारतीय संविधान बहता था और जिन्होंने अनगिनत मौकों पर इस देश में न्यायिक जटिलताओं को अपने बुद्धिबल से सुलझा दिया। आधुनिक भारत में जब-जब न्याय का इतिहास लिखा जाएगा, उसमें फली एस नरीमन का नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज किया जाएगा। अब यह इतिहास है कि युवा वय में नरीमन ने अंतिम विकल्प के रूप में विधि क्षेत्र को चुना था। 10 जनवरी, 1929 को रंगून में पैदा हुए नरीमन ने नवंबर 1950 में बॉम्बे हाईकोर्ट के वकील के रूप में अपना न्याय जीवन शुरू किया था। लगभग 22 साल उच्च न्यायालय में रहने के बाद वह सर्वोच्च न्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नियुक्त किए गए थे। साल 1971 से ही वह सर्वोच्च न्यायालय के महत्वपूर्ण फैसलों में हिस्सेदार बनने लगे थे। लोकतंत्र के प्रति समर्पित नरीमन ने 25 जून, 1975 को आपातकाल लगते ही दूसरे दिन एडिशनल सॉलिसिटर जनरल के पद से इस्तीफा दे दिया था। वह समझ गए थे कि अब संविधान की पालना ऐसे होगी, जिसमें आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। नरीमन के उस दोटूक फैसले को हमेशा याद किया जाएगा। उनकी वह स्पष्टवादिता भारतीय न्यायतंत्र में चार चांद लगाती थी। सर्वोच्च न्यायालय में उनका होना हमें यह एहसास दिलाता था कि न्यायपालिका में अच्छे लोग पूरे दमखम के साथ डटे हैं। एक वकील को अपने जीवन में अनेक प्रकार के मुकदमे लड़ने पड़ते हैं और बहुत कम वकील ऐसे होते हैं, जो अपनी कभी गलती मानते हैं। मिसाल के लिए, भोपाल गैस त्रासदी के लिए जिम्मेदार विदेशी कंपनी यूनियन कार्बाइड की पैरोकारी फली नरीमन ने की थी और अदालत के बाहर ही पीड़ितों के लिए भारी मुआवजा लेने की स्थितियां उन्होंने तैयार की थीं। वह समझ गए थे कि अंतिम फैसला आने में बहुत वक्त लगेगा, अतः जल्दी मुआवजा दिलाकर पीड़ितों को समय रहते राहत पहुंचाने का वह प्रयास आज भी याद है। उनकी अच्छाई का किस्सा यहीं खत्म नहीं हो जाता है, बाद के दिनों में उन्होंने यह माना कि उन्हें यूनियन कार्बाइड की पैरोकारी नहीं करनी चाहिए थी।

### जल्द मिला इंसाफ

चंडीगढ़ के मेयर चुनाव में हुई गड़बड़ियों पर आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला जितना सख्त है, उतना ही तेज और सराहनीय। एक नहीं, कई ठोस वजहें हैं, जो इस फैसले की अहमियत को रेखांकित करती हैं। चुनाव की अहमियत ः आम तौर पर किसी शहर के मेयर का चुनाव ऐसा नहीं होता जिस पर पूरे देश की निगाहें टिकें। चंडीगढ़ में अगर ऐसा हुआ तो इसकी पहली वजह यह थी कि यह लोकसभा चुनावों से ठीक पहले के माहौल में हो रहा था। यहां आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने मिलकर लड़ने का फैसला किया, जिससे यह विपक्षी अलायंस इंडिया. और सत्तारूढ़ गठबंधन हृष्ठ के बीच पहले मुकाबले के रूप में देखा जा रहा था। जाहिर है, यह स्थानीय चुनाव मात्र नहीं रह गया था। स्वाभाविक ही यह चुनाव प्रतिष्ठा की लड़ाई माना जाने लगा। ऐसे में जब इसमें धांधली की बात सामने आई तो सवाल देश में चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और प्रामाणिकता का भी उठा। हालांकि महापौर चुनाव में चुनाव आयोग की कोई भूमिका नहीं होती, फिर भी चूंकि लोकसभा चुनाव करीब हैं तो इन संदेहों के निहितार्थ दूर तक जा रहे थे। जाहिर है, ऐसे में किसी तरह के संदेह की गुंजाइश रहने देना खतरनाक हो सकता था। तसल्ली की बात है कि सुप्रीम कोर्ट के सख्त रुख ने पहले दिन से यह साफ कर दिया था कि मामले की जड़ तक पहुंचने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखी जाएगी। वही हुआ भी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने न केवल पुराने रिजल्ट को खारिज किया और उसमें गड़बड़ी करने वाले ऑफिसर के खिलाफ कार्यवाही शुरू करवा दी बल्कि रिजल्ट घोषित करके आगे भी इस मामले में खरीद-फरोख्त से जुड़े आरोपों की गुंजाइश समाप्त कर दी। कहा जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में 'पूर्ण न्याय' सुनिश्चित किया। इस फैसले के मिसाल बनने की एक वजह इसकी रफ्तार भी है। जिस गति से सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में फैसला दिया, वह न केवल असाधारण है बल्कि इस बात का उदाहरण भी है कि चुनावी गड़बड़ियों से जुड़े मामलों में इंसाफ होने जितना ही अहम होता है उसका समय पर होना। इसमें दो राय नहीं कि अपने देश में चुनावी प्रक्रिया की प्रामाणिकता और निष्पक्षता असंदिग्ध रही है। इसका पूरा श्रेय चुनाव आयोग को जाता है। लेकिन आगे भी यह स्थिति बनी रहे उसके लिए जरूरी है कि चुनावी प्रक्रिया से जुड़े सभी व्यक्ति अपनी-अपनी भूमिका को निष्पक्षता के साथ अंजाम दें। यह तभी होगा जब उन्हें पता होगा कि वे अपने फैसलों और कार्यों के लिए जिम्मेदार होंगे।

## विपक्ष के हाथों से फिसलता वक्त

**(राज कुमार सिंह, वरिष्ठ पत्रकार)**

*उत्तर प्रदेश में आरएलडी अलग होकर भाजपा के साथ जा चुकी है, पर किसी तरह से सपा और कांग्रेस के बीच अंतिम समय में सीटों का समझौता हुआ है। उत्तर भारत के एक बड़े क्षत्रप अखिलेश यादव ही साथ हैं, पर दो बड़े क्षत्रप - ममता और नीतीश ने 'इंडिया' को अलविदा कह दिया है। गठबंधन के हित में कांग्रेस को तेज फैसलों के लिए तैयार रहना चाहिए। इसे चुनाव बाद भी याद किया जाएगा कि राहुल गांधी की यात्रा जब उत्तर प्रदेश पहुंच गई थी।*

पांच साल के कार्यकाल वाली संसदीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में दस साल की अवधि कम नहीं होती। दस साल, यानी सत्ता में दो लगातार कार्यकाल। ऐसे में, सत्ता-विरोधी भावना मुखर होने लगती है, विपक्ष हाथ लगे मुद्दों को लेकर आक्रामक नजर आने लगता है और अक्सर सरकार रक्षात्मक मुद्रा में दिखने लगती है। साल 2014 में ऐसा ही दिखा था, पर 2024 में राजनीतिक परिदृश्य चौंकाने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार और भाजपा, दोनों लगातार आक्रामक हैं, जबकि ज्यादातर मौकों पर विपक्ष रक्षात्मक, घबराया हुआ या बिखरा हुआ दिखता है। ऐसा क्यों है? बेशक एनडीए सरकार ने एक सुनियोजित रणनीति के तहत जन-कल्याणकारी योजनाओं के जरिये विशाल लाभार्थी वर्ग तैयार किया है, पर यह भी एक सार्वभौम सच है कि सभी वर्गों की सभी आकांक्षाएं कभी पूरी नहीं हो पातीं। ऐसे में, अधूरे चुनावी वायदों की याद दिलाकर सत्ता-विरोधी भावनाओं के सहारे चुनावी वैतरणी पार कर लेना विपक्ष के लिए आसान हो जाता है। लगातार दो लोकसभा चुनावों में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद 26 विपक्षी दलों ने पिछले साल 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) बनाया, जिसका कुनबा बढ़कर 28 तक पहुंचा, तो लगा कि विपक्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में पूरी तैयारी के साथ उतरना चाहता है। ध्यान रहे, साल 2019 के लोकसभा चुनाव में जिस तरह भाजपा और राजग की सीटें बढ़कर क्रमशः 303 और 352 हो गईं, उसके लिए नरेंद्र मोदी और अमित शाह की चुनावी रणनीति व प्रबंधन शैली की प्रशंसा की जा सकती है, पर तब भी ज्यादा मत विपक्षी खेमे में ही पड़े थे। जी हां, 2019 में भाजपा और राजग की सीटें बढ़ जाने के बावजूद सच यही है कि उन्हें क्रमशः 37.4 और 45 प्रतिशत मत ही मिले, यानी उनसे ज्यादा मत विरोधी दलों को मिले थे। दस साल में उपजने वाली स्वाभाविक सत्ता-विरोधी भावना के अलावा यह वोट-गणित भी शायद विपक्षी एकता में मुख्य प्रेरक रहा होगा। विपक्षी गठबंधन के संक्षिप्त नामकरण की आलोचना के अलावा भी सत्ता पक्ष अचानक जिस तरह आक्रामक हुआ, उससे यही लगा कि 28 विपक्षी दलों के स्वतःस्फूर्त भाव से एक बैनर तले आ जाने से बेचैनी तो है। शिवसेना और शिरोमणि अकाली दल के अलगाव के बाद से ठंडे बस्ते में पड़े एनडीए को अचानक सक्रिय करते हुए जिस तरह उसका कुनबा बढ़ाकर 38 किया गया, उसे भी सत्ता पक्ष की बेचैनी का संकेत माना गया। राजनीतिक प्रेक्षक भी मानने लगे कि 2024 का लोकसभा चुनाव पिछले दो चुनावों से पूरी तरह अलग और कड़े मुकाबले वाला होगा। बेलगाम महंगाई और बढ़ती बेरोजगारी के मुद्दे तो सबके सामने थे ही। इस आकलन के मूल में 'इंडिया' के गठन के वक्त घटक दलों द्वारा व्यक्त व्यापक राष्ट्रहित में निजी महत्वाकांक्षाओं के ही नहीं, बल्कि दलीय हितों के त्याग का भी संकल्प रहा ही होगा, मगर महज सात महीने में विपक्षी गठबंधन ताश के घर की तरह बिखरता नजर आने लगा। इससे विपक्ष के प्रति लोगों का विश्वास कम हो गया। विपक्ष की ओर से बातें तो निजी महत्वाकांक्षाओं और दलीय हितों के त्याग की कही गई थीं, मगर बिखराव का कारण उनके प्रति अति-आग्रह ही बन रहा है। इस अति आग्रह से बचकर ही विपक्ष लाभ में रहेगा। चंडीगढ़ के मेयर चुनाव में क्या हुआ? आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की एकजुटता ने ही भाजपा के पक्ष में हो रही मनमानी को रोक दिया। एकता की ताकत को अरविंद केजरीवाल ने भी माना, पर क्या वह पंजाब में कांग्रेस के लिए लोकसभा सीटें छोड़ने के लिए तैयार होंगे? यह भूलना मुश्किल है कि कांग्रेस ने पिछले साल हुए राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में घटक दलों को भाव नहीं दिया था, जिसके चलते आप, सपा व जद-यू ने अपने-अपने उम्मीदवार उतारे और फिर करारी मात खाने के बाद भी लोकसभा चुनावों के लिए गठबंधन को गति देने के बजाय वह राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में जुट गई। फिर घटक दलों से चर्चा करके इस यात्रा को विपक्ष का संयुक्त चुनावी अभियान बनाने के बजाय कांग्रेस ने उनसे यह अपेक्षा की कि वे अपने-अपने प्रभाव क्षेत्र में इस यात्रा की शोभा बढ़ाएं। एक राजनीतिक दल के रूप में कांग्रेस को अपने कार्यक्रम बनाने और चलाने का पूरा अधिकार है, मगर लोकसभा चुनाव के जिस साझा लक्ष्य के लिए 28 दलों का गठबंधन बनाया गया, उससे ऐन पहले उसी को ताक पर रखकर तो हरगिज नहीं। आश्चर्य नहीं कि उसके बाद से ही विपक्षी गठबंधन बिखरने लगा। अधीर रंजन चौधरी अपनी ही शैली में कटाक्ष करते हुए दो सीट जीतने वाली कांग्रेस के लिए पांच सीटें मांगते रहे और आलाकमान ने सीधे संवाद की जरूरत नहीं समझी, तो तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल की सभी 42 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का एलान कर दिया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के फिर से पाला बदलने में उन्हें 'इंडिया' का संयोजक न बनाए जाने से उपजी नाराजगी भी बड़ा कारण रही। उत्तर प्रदेश में आरएलडी अलग होकर भाजपा के साथ जा चुकी है, पर किसी तरह से सपा और कांग्रेस के बीच अंतिम समय में सीटों का समझौता हुआ है। उत्तर भारत के एक बड़े क्षत्रप अखिलेश यादव ही साथ हैं, पर दो बड़े क्षत्रप - ममता और नीतीश ने 'इंडिया' को अलविदा कह दिया है। गठबंधन के हित में कांग्रेस को तेज फैसलों के लिए तैयार रहना चाहिए। इसे चुनाव बाद भी याद किया जाएगा कि राहुल गांधी की यात्रा जब उत्तर प्रदेश पहुंच गई थी और आधी फरवरी बीत गई थी, तब भी सीटों का बंटवारा और गठबंधन, दोनों का भविष्य पहेली बना हुआ था। महाराष्ट्र एक और बड़ा राज्य है, जहां से 48 लोकसभा सांसद चुने जाते हैं, पर शिवसेना और एनसीपी में विभाजन के झटके के बावजूद 'इंडिया' का वहां भी वही हाल है। घटक दल अभी तक दावेदारी में उलझे हैं, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण और पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा कांग्रेस को अलविदा कह चुके हैं। लोकसभा चुनाव की घोषणा अब बमुश्किल एक पखवाड़ा दूर है, मगर खुद को मजबूत करके भाजपा को कड़ी टक्कर देने का काफी मौका विपक्ष ने गंवा दिया लगता है। महंगाई और बेरोजगारी समेत कई मुद्दे हैं, पर उनका पूरा लाभ उठाकर चुनौती बनने की संभावना विपक्ष के पास कितनी बची है, यह स्वयं विपक्ष को सोचना चाहिए। क्या विपक्षी दल समय रहते अपना घोषणापत्र पेश कर सकते हैं?

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## पश्चिम की मदद के बिना कैसे लड़ेगा यूक्रेन

**(हर्ष वी पंत)**

रूस-यूक्रेन युद्ध के दो साल पूरे होने जा रहे हैं। इस युद्ध की वजह से दोनों पक्षों को और दुनिया के कई देशों को भारी नुकसान हो रहा है, लेकिन युद्ध का अंत दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहा। रूसी सेना ने पिछले दिनों एक बड़ी कामयाबी हासिल की। उसने यूक्रेन के पूर्वी शहर अवदीवका पर कब्जा कर लिया, जहां महीनों से भयंकर लड़ाई चल रही थी। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन ने इसे 'अहम जीत' बताया, जबकि यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने हार का दोष पश्चिमी हथियारों की आपूर्ति में कमी पर मढ़ा है। अमेरिका में घरेलू राजनीतिक विभाजन यूक्रेन को महत्वपूर्ण सैन्य सहायता जारी रखने के प्रयासों को विफल कर रहा है। महीनों के खींचतान के बाद अमेरिकी सीनेट ने पिछले महीने यूक्रेन के लिए 60 अरब की सहायता को मंजूरी दी, लेकिन प्रतिनिधि सभा में अभी भी इसे लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। नैटो के महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने भी माना है कि अमेरिकी सहायता में देरी से यूक्रेन को युद्ध में नुकसान हो रहा है। यूक्रेन के समर्थन में यूरोपीय देशों की ओर से बयानबाजी तो खूब हुई है, लेकिन उसे ठोस मदद बहुत कम दी गई है। नतीजा यह कि जहां पश्चिम समर्थित यूक्रेन को अपने तोपखाने के गोले संभलकर दागने पड़ रहे हैं, वहीं रूस में वॉर इकॉनमी फल-फूल रही है। आलम यह है कि अपनी लष्ठक्क का 2 प्रतिशत रक्षा पर खर्च करने का सीमित लक्ष्य नैटो के 31 सदस्य देशों में से केवल 11 देश ही हासिल कर सके हैं। ऐसे में हैरत की बात नहीं कि यूरोप मार्च तक यूक्रेन को 155 मिलीमीटर तोपखाने के 10 लाख गोले पहुंचाने का अपना वादा पूरा करने की स्थिति में भी नहीं दिख रहा। अमेरिका में नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होंगे। इसके लिए रिपब्लिकन पार्टी की ओर से प्रत्याशी की दौड़ में ट्रंप आगे चल रहे हैं। इससे यूरोप की नींद खुल गई है। ट्रंप ने एक चुनावी रैली में यह कहकर यूरोपीय देशों की धड़कन बढ़ा दी कि वह रूस को उस देश के खिलाफ 'जो मर्जी करने के लिए प्रोत्साहित' करेंगे, जो अपने रक्षा बजट पर खर्च के वादे पर खरा नहीं उतरता। यह बयान नैटो अलायंस की बुनियाद को ही चुनौती देता है। ट्रंप का यह चौंकाने वाला बयान यूरोपीय देशों को इस सचाई का अहसास करा रहा है कि यूक्रेनी चुनौती के बावजूद, वे खुद को हालात का सामना करने लायक नहीं बना पाए हैं। आलम यह है कि अगर नैटो के सभी सदस्य देश अपने रक्षा खर्च के लक्ष्य को पूरा कर लेते हैं, तो भी यूरोप को अमेरिकी समर्थन के बिना खुद का बचाव करने में एक दशक लग जाएगा। पूर्वी यूरोप और बाल्टिक देशों में, रूसी खतरों के मद्देनजर रक्षा क्षमताओं के निर्माण पर खासा जोर है। लेकिन यूरोप का केंद्र माने जाने वाले देश मजबूत डिफेंस इंडस्ट्री के बावजूद महाद्वीप की बदलती जरूरतों के मुताबिक अपनी क्षमता का विस्तार नहीं कर पाए हैं। ट्रंप के बयान ने सबका ध्यान जरूर खींचा है, लेकिन यह सिर्फ ट्रंप से जुड़ी बात नहीं है। जॉर्ज डब्लू बुश के दिनों से वॉशिंगटन में इस मसले पर यूरोप के रुख को लेकर असंतोष रहा है। अपनी तेजी से घटती रक्षा क्षमताओं से उपजी चुनौतियों को पहचानने में यूरोप ने सचमुच काफी देर कर दी है। अगर यूक्रेन की सीमा पर रूस फिर से हमलावर हो रहा है तो उसके पीछे यह बात भी है कि उसने नैटो के भीतर के असंतोष और यूरोप की कमजोरियों को भांप लिया है। यूक्रेन पर ट्रंप के विचारों को रिपब्लिकन हलकों में ठोस समर्थन हासिल है और वह राष्ट्रपति चुनाव नहीं जीत पाते हैं, तब भी ऐसी संभावना नहीं है कि यूक्रेन की मदद को लेकर अमेरिका में उत्साह का माहौल बन जाएगा। इसलिए जिम्मेदारी अब यूरोप पर है। उसे अपने रक्षा उद्योग में सुधार करते हुए जल्द से जल्द इसका पुनर्निर्माण करना होगा। वरना आने वाले समय में उसे सीमा क्षेत्रों में रूसी दखलंदाजी का सामना करते रहना पड़ेगा।

## आज का राशिफल

### मेष

आज का दिन सफलता से भरा होगा। आज कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। संपत्ति का विस्तार और संपत्ति से आय में वृद्धि होगी। क्रोध से बचें और अपने काम पर ध्यान दें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद उत्पन्न हो सकते हैं।सायंकाल के समय धार्मिक आयोजन में भागीदारी या धार्मिक यात्रा हो सकती है।

### वृष

आज भाग्य साथ दे रहा है और सुख समृद्धि में वृद्धि होगी। आपके परिवार में सुख शांति का माहौल होगा। किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं और साथ ही आपकी उन्नति होगी। पारिवारिक जीवन में सरसता बनी रहेगी। अनावश्यक व्यय पर नियंत्रण रखें। शाम से लेकर रात तक का वक्त आनंद में बीतेगा।

### कर्क

आज ग्रहों के बहुत ही शुभ योग बन रहे हैं। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति की संभावना बनी है और शाम तक आपको कोई शुभ समाचार मिल सकता है। आपको ऑफिस में किसी बात को लेकर मन में चिढ़ हो सकती है। आमदनी संतोषजनक रहेगी, मामा पक्ष से धन प्राप्ति के योग हैं। शाम के वक्त किसी सामाजिक कार्यक्रम में जा सकते हैं।

### सिंह

आज का दिन मिश्रित फलकारक है। धर्म-कर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी। घर और अचल संपत्ति के सुधार व रख रखाव में खर्च बढ़ेगा। आज दिन में कुछ निकट के मित्रों व रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। संपत्ति से भी आय के नए स्रोत विकसित होंगे। शुभ समाचार मिलेंगे। राजनीति में बढ़ते जनसंपर्क का लाभ उठाएं। आज यदि संपत्ति और व्यवसाय में निवेश करना पड़े तो करें।

### मिथुन

आज आर्थिक लाभ होगा और कार्यक्षेत्र में कठिनाई व परिश्रम की अधिकता रखेगा। बातचीत में संयत रहें, किसी संपत्ति को लेकर परिवार में विवाद की स्थिति बन सकती है। भाइयों में वैचारिक मतभेद उत्पन्न होंगे। सायंकाल से लेकर आधी रात तक निकट यात्रा पर जाने के योग हैं।

### कन्या

आज लाभ का दिन है और आज आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उत्तम संपत्ति की प्राप्ति होगी। आपके भाग्य का उदय होगा और आपको धन की प्राप्ति होगी। शत्रु चिंताओं का दमन होगा। सफलता की प्राप्ति से हर्ष होगा और कारोबार में मनचाही सफलता मिलने के योग हैं।

### तुला

आज भाग्य में वृद्धि होगी और आपके लिए आज ग्रहों के शानदार योग बने हैं। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी। संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेगा। आपके खानपान के स्तर में सुधार होगा। नए सुन्दर वस्त्रों और आभूषण की खरीद कर सकते हैं। नौकरी तथा व्यवसाय में भी भागीदारी व साथियों का सहयोग पर्याप्त मात्रा में मिलेगा। आलस्य का त्याग कर सक्रिय रहें।

### वृश्चिक

आज आर्थिक लाभ होगा और मन में प्रसन्नता और व्यस्तता रहेगी। अभिन्न मित्रों के सहयोग से व्यवसाय के नए स्रोत बनेंगे और आमदनी भी बढ़ेगी। अकस्मात् बड़ी मात्रा में में पैसा हाथ में आने से मनोबल बढ़ेगा और सुख में वृद्धि होगी। खान-पान पर नियंत्रण रखें। किसी से पैसों का लेनदेन न करें। वरना आपके संबंध खराब हो सकते हैं।

### मकर

आज भाग्य का साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी और आय में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों व लेखन में सुधार होगा। आय अच्छी होगी। क्रोध से बचें। संतान के करियर को लेकर आप काफी खुश रहेंगे। उच्च शिक्षा में शानदार परिणाम मिलेंगे। आपकी संपत्ति में वृद्धि होगी। रात्रि में भाइयों का सहयोग मिलेगा।

### कुंभ

आज आर्थिक लाभ होगा और शुभ योग में आपके प्रभाव में वृद्धि होगी। आपको माता का सानिध्य और आशीर्वाद भी मिलेगा और मन में काफी प्रसन्नता रहेगी। बहुत समय से रुका धन आपको मिल सकता है और इससे आपकी कई रुकी योजनाएं पूर्ण हो जाएंगी। संतान पक्ष से और बौद्धिक क्षेत्र में सुखद परिणाम मिलने से प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

### धनु

आज आर्थिक लाभ होगा और आज जरूरी काम से यात्रा पर जाना पड़ सकता है। संतान सुख में वृद्धि होगी और आपको कहीं से उपहार मिलेगा। उत्तम मित्रों के सहयोग से मन में निराशा का भाव समाप्त होगा। आपका मन पठन और पाठन में लगेगा। रात का वक्त परिवार के साथ आराम में बीतेगा और मन काफी प्रसन्न होगा।

### मीन

आज दिन परेशानी और उलझन वाला रहेगा। आज आपको बिना मन के कुछ काम करने पड़ सकते हैं। परिवार में सर्वत्र सुख शान्ति रहेगी। अकस्मात् अनियोजित खर्च बढ़ सकते हैं। यदि आप नौकरी में हैं तो अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। शाम के वक्त साहित्य में आपकी रुचि बढ़ेगी। रात्रि का समय सामाजिक आयोजन में बीतेगा। कारोबारियों के लिए लाभ का दिन है।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5293

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | | 6 | | 1 |
| | | 7 | 2 | | | | 8 | |
| | | 9 | 3 | | | | | 2 |
| | | | 1 | | | | | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 5 | | 9 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | | | | | 4 | | | |
| 4 | | | | | 3 | 5 | | |
| | 3 | | | | 2 | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | | 3 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5292

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 9 | 6 | 1 | 7 | 3 | 4 | 2 |
| 2 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 8 | 6 | 7 |
| 3 | 7 | 6 | 8 | 4 | 2 | 9 | 5 | 1 |
| 4 | 9 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 3 | 8 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 7 | 1 | 5 | 9 | 3 | 4 | 6 | 2 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 9 | 1 | 5 | 7 | 6 |
| 9 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 |
| 1 | 6 | 4 | 5 | 7 | 3 | 2 | 8 | 9 |

## वर्ग पहेली 5293



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 5 अप्रैल 1908 को भारत के इस प्रथम दलित उपप्रधानमंत्री ने जन्म लिया था (7)
6. किसी देवता आदि से मांगा हुआ मनोरथ (4)
7. कृषक, खेतिहर (3)
8. परमधार्मिक और साधु व्यक्ति, सज्जन और महात्मा (2)
11. मथुरापति कंस के अखाड़े का एक पहलवान (2)
12. पुरानी फिल्मों के दिवंगत खलनायक (1985)(5)
14. जो रिश्तें में पति की बहन के पति हो (4)
16. मिट्टी का घड़ा (3)
17. व्याधि, बाधा, अड़चन (2)
18. अधीर होना, उद्विग्न होना (4)
20. तलब, चाह, इच्छा, लालसा (3)
22. झुकना, लचकना, झुककर प्रणाम करना (3)
23. यह विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है (3)

**ऊपर से नीचे**

1. आर.के.बैनर की फिल्म बरसात की संगीतकार जोड़ी में से एक (5)
2. जिंदगी, प्राणधारण, जीवित दशा (3)
3. दूल्हा (2)
4. गायब, अप्रस्तुत (4)
5. जंघा, जांघ (2)
8. साग आदि की मसालेदार सब्जी (3)
9. हथेली की अंजलि, कटोरे जैसी वस्तु (3)
10. ढंग, प्रकार, उपाय, युक्ति (3)
12. मजदूर दिवस इस माह की पहली तारीख को मनाया जाता है (2)
13. जिसने नमक खाया हो, नमक हलाल, स्वामी भक्त (5)
15. दोहरा होना, पुनरावृत्ति करना (4)
18. बहुत बड़ा हथौड़ा, मेघ, बादल (2)
19. एक विस्फोटक रासायनिक गोला (2)
21. भलाई, उपहार, कल्याण, मंगल (2)

### वर्ग पहेली 5292 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | मा | कि | न | | ए | ट | ना |
| म | स | ल | न | | क | ह | ना |
| ली | | का | | ख | ल | ल | |
| ला | | री | ति | का | ल | | रो |
| | रो | | न | र | | मे | ष |
| रा | जा | का | का | | मो | ह | |
| ज | | न | | प | | न | बी |
| न | य | न | प | ट | | त | |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### निशा बनीं आरजेएसएसपी की महानगर अध्यक्ष

**रांची, एजेंसी।** राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार जायसवाल ने निशा महतो को पार्टी का रांची महानगर महिला मोर्चा का अध्यक्ष मनोनीत किया है। अध्यक्ष बनाए जाने पर निशा को डॉ. सेवक कुमार शर्मा, रामचंद्र साहू, निपू सिंह, मनोहर महतो, अंजू कुमारी, सियाराम यादव, इंदर चौधरी, विक्रम राय, कमला पंडित, बसंती महतो, मंजू देवी, सिकंदर कच्छप, प्रदीप संगा व समीम अंसारी आदि ने बधाई दी है।

### अनगड़ा में 18 एकड़ में लगे पोस्ते की खेती को पुलिस ने किया नष्ट

**अनगड़ा, एजेंसी।** सिल्ली डीएसपी रणवीर सिंह व एसएसबी कमांडेट एसडी शेरखाने के निर्देश व गुप्त सूचना के आधार पर अनगड़ा पुलिस व एसएसबी 26वीं बटालियन ए कंपनी ने संयुक्त अभियान में चलाकर बरवादाग पंचायत के डुमरगढ़ी व सीताफॉल के समीपवर्ती जंगलों में करीब 18 एकड़ में लगे पोस्ते की खेती को नष्ट किया। ग्रामीण अफीम कारोबारियों के प्रभाव व पैसे की लालच में आकर जंगलों में पोस्ता की खेती कर रहे हैं। इस दौरान ग्रामीणों के बीच पोस्ता के खेती से दूर रहने को लेकर जागरूकता चलाई गई। अभियान में ए कंपनी के कमांडर शशि कुमार, सहायक उप निरीक्षक तिलकराज, दीपक सिंह, हरदीप सिंह, सुनील कुमार, एएसआई मो मुख्तार और अन्य जवान थे।

### समाजसेवा के लिए रक्तदान बहुत जरूरी : प्रवीण अग्रवाल

**रांची, एजेंसी।** जेसीआई ने रविवार को कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसमें 54 लोगों ने रक्तदान किया। संस्था के अध्यक्ष विक्रम चौधरी ने कहा कि रक्तदान कर हम दूसरों का जीवन भी बचा सकते हैं। कार्यक्रम संचालक प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान हमारे समाज सेवा के लिए बहुत जरूरी है। शिविर में जेसीआई रांची के सचिव मयंक अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, नटवर बाजोरिया, रोहित दयानी व अन्य सदस्यों ने सहयोग किया।

### रातू के संडे मार्केट से दो बाइक की चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**रातू, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के संडे मार्केट में सब्जी खरीदने आए दो लोगों की बाइक रविवार को चोरी हो गई। जानकारी के अनुसार तिलता चौक निवासी घुरन साहू बाइक जेएच 01 एवाई 4970 व अलकापुरी रातू रोड निवासी विनोद चौधरी जेएच 01एए 4934 को बाजार के समीप खड़ी कर सब्जी खरीदने गए थे। वापस आकर देखा तो बाइक गायब है। इस संबंध में थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### सैकड़ों लोगों ने पीएम के मन की बात का 110वां एपिसोड सिदरौल में सुना

**नामकुम, एजेंसी।** प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का 110वां एपिसोड का प्रसारण हुआ। प्रदेश किसान मोर्चा के कार्य समिति सदस्य सह राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह द्वारा खिजरी मंडल के सिदरौल मे सैकड़ों लोगों के साथ मन की बात का 110वां एपिसोड सुना गया। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी मनोज यादव, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती सिंह, प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, प्रदेश मंत्री अजय मुंडा, सुरेन्द्र नाथ विशेष रूप से उपस्थित हुए।

### अच्छी सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास का पैमाना होती हैं : नवीन जायसवाल

**रातू, एजेंसी।** ग्रामीण विकास विभाग द्वारा रातू में रविवार को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत 7.5 करोड़ की तीन पीसीसी पथ का शिलान्यास हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने नारियल फोड़ कर किया। विधायक ने कहा कि अच्छी सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास का पैमाना होती हैं। उन्होंने अगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में लोगों से भाजपा को वोट देकर डबल इंजन की सरकार बनाने की अपील की। 1.29 करोड़ की राशि से पिर्रा शिवनगर में विभिन्न गलियों में 1.82 किमी पथ, आस्थापुरम पिर्रा रिंग रोड से गोविंद नगर होते ललित ग्राम तक चार करोड़ की राशि का छह किमी पथ तथा फुटकल टोली कमलेशनगर में एक किमी पीसीसी पथ का शिलान्यास किया गया। मौके पर भाजपा नेता सुरेंद्र नाथ पांडेय, रुपेश गोप, जेम्स बोन खलखो, देवेंद्र सिंह, रामधीर तिवारी सहित काफी संख्या में महिला–पुरुष उपस्थित थे।

# झारखंड के लिए बीजेपी ने बना लिया मास्टर प्लान, लोगों को आ रहे पीएम मोदी के मैसेज



**धनबाद, एजेंसी।** प्रिय सोनी सिंह जी, पीएम आवास योजना शहरी के तहत घर के निर्माण की हार्दिक बधाई। आपकी तरह करोड़ों लाभार्थियों के जीवन में ये मकान सुनहरे भविष्य की बुनियाद हैं। अमृत काल में भारत के नव निर्माण में आपका योगदान महत्वपूर्ण है। अभिनंदन पत्र स्वीकार करें।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त अभिनंदन प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को भेजा जा रहा है। धनबाद के साढ़े नौ हजार पीएम आवास लाभुकों को यह अभिनंदन पत्र उनके वाट्सएप पर मिला है।

पीएम आवास योजना शहरी योजना के वर्टिकल तीन में 320 और वर्टिकल-चार के 9123 लाभुकों को पीएम ने अभिनंदन पत्र भेजा है। यह पत्र केंद्रीय आवासन एवं शहरी मंत्रालय के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी के बिजनेस वाट्सएप अकाउंट से भेजा जा रहा है।

आपको व परिवार के सभी सदस्यों को नववर्ष 2024 की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। यह वर्ष आपके जीवन में सुख, शांति समृद्धि और सौभाग्य लेकर आए यही कामना है। प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए घर के निर्माण के लिए मैं आपके पूरे परिवार का अभिनंदन करता हूं। यह घर आपकी दृढ़ इच्छा शक्ति और कठोर परिश्रम का परिणाम है। इस घर के साथ आपने सुख समृद्धि की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाया है।

मुझे खुशी है कि आपके इस सपने को साकार करने में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की क्रेडिट लिंक सब्सिडी स्कीम (सीएलएसएस) का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। शहरों में रह रहे आप जैसे अनेक भाई बहनों ने मकान के लिए कर्ज पर ब्याज में सब्सिडी वाली इस योजना के जरिए अपना घर प्राप्त किया। यह मेरे लिए अत्यंत संतोषजनक है।

एक परिवार अपने घर को केंद्र में रखकर ही जीवन के सपने बुनता है। इस मकान के जरिए वह न केवल अपने आज को सुरक्षित करता है, बल्कि अगली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य की बुनियाद भी तैयार करता है। यह मकान इनमें रहने वाली महिलाओं के सशक्तिकरण और बच्चों के स्वर्णिम भविष्य का विश्वास दिलाते हैं।

देश को विकास की राह पर आगे ले जाने में हमारे महत्वाकांक्षी मध्यम वर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अपने प्रयासों से इस वर्ग को और अधिक सशक्त बनाने का कोई भी अवसर मेरे लिए विशेष मायने रखता है।

आज अगर देश में योजनाओं का सीधा लाभ जन सामान्य तक पहुंच रहा है और उससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है, इससे बड़ी संतुष्टि कुछ और नहीं हो सकती। आपका जीवन सुख, शांति और समृद्धि से परिपूर्ण हो। आपके व परिवार के उत्तम स्वास्थ्य व उज्वल भविष्य की कामना सहित हमारा संकल्प विकसित भारत।

## झारखंड के कई इलाकों में छाए काले बादल, पाकुड़ में हुई बारिश

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में राजधानी रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में आसमान में काले बादल नजर आ रहे हैं लेकिन आज बारिश के आसार नहीं है। पश्चिमी विक्षोभ का असर 25 फरवरी से ही राज्य के कई हिस्सों में नजर आने लगा है।

मौसम विभाग ने आज किसी तरह का अलर्ट जारी नहीं किया है। कल यानी 27 फरवरी को यलो अलर्ट जारी कर वज्रपात की संभावना जाहिर की है। मौसम विभाग के अनुसार आज राज्य के कई हिस्सों में आंशिक बादल छाए रहेंगे लेकिन मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

27 फरवरी को राज्य के पश्चिमी , मध्य और दक्षिणी भाग में गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश के आसार हैं। 28 फरवरी से लेकर 2 मार्च तक मौसम शुष्क रहने की संभावना जाहिर की गई है।राज्य में पिछले 24 घंटे में राज्य के कई हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई है। राज्य में सबसे अधिक बारिश 21.3 एमएम लिट्टीपाड़ा में हुई है जो पाकुड़ जिले में आता है। जमशेदपुर का तापमान राज्य में सबसे अधिक 29 डिग्री सेल्सियस रहा है जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान लोहरदगा में 12.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 27 फरवरी को राजधानी रांची और आसपास के इलाके में भी गर्जन के साथ बारिश का पूर्वानुमान है। इस दौरान हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है। इसको लेकर मौसम केंद्र ने यलो अलर्ट जारी किया है।

झारखंड में पश्चिमी विक्षोभ का असर दिखने लगा है। राज्य में बादल और बारिश के कारण दो दिनों में अधिकतम तापमान में तीन डिग्री तक की गिरावट भी दर्ज की गई है। रविवार को भी रांची समेत राज्य के कई जिलों का अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, राजधानी का न्यूनतम तापमान 14 डिग्री दर्ज किया गया।

बदलते मौसम को ध्यान में रखते हुए बीएयू के वैज्ञानिकों ने किसानों को अलर्ट रहने की सलाह दी है। राज्य में एक-दो दिनों में ओलावृष्टि के भी आसार है जिससे फसल को काफी नुकसान हो सकता है। खड़ी फसल गिर सकती है. फल भी गिर सकते हैं। भारी वर्षा या ओलावृष्टि से सब्जियों की नर्सरी बचाने के लिए पॉलीथिन का कवर लगाने और पुआल से ढाक कर रखने की सलाह दी गई है।

# बिगड़ने वाला है झारखंड का मौसम, 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी हवा, येलो अलर्ट जारी



**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची समेत पूरे राज्य के मौसम में लगातार उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 24 फरवरी को भी राजधानी में दिनभर आंशिक बादल छाए रहे और पूर्वी दिशा से बह रही ठंडी हवा ने न्यूनतम तापमान को 3 डिग्री गिरा दिया है।रात में कनकनी का असर देखने को मिल रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के पूर्वानुमान के अनुसार राज्य के मध्य व निकटवर्ती हिस्से यानी रांची, रामगढ़, खूंटी, हजारीबाग, गुमला, बोकारो और दक्षिणी हिस्से यानी पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला-खरसावां में कहीं-कहीं हल्की वर्षा और मेघगर्जन के साथ वज्रपात की संभावना है।26 और 27 फरवरी को 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ठंडी हवा के चलने और कुछ जगहों पर तेज हवाओं के साथ वर्षा होने की संभावना जताई गई है। इसे लेकर यलो अलर्ट भी जारी किया गया है। सबसे कम गढ़वा का तापमान = पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो राज्य का मौसम शुष्क बना रहा।

### झारखंड में बादलों ने गिराया तापमान, तेज हवा के साथ गिर सकती है बिजली

**रांची, एजेंसी।** राजधानी समेत पूरे राज्य के मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है। 25 फरवरी को भी राजधानी व आसपास के जिलों में दिनभर आंशिक बादल छाए रहे। जिसका असर तापमान में भी देखने को मिला। तापमान में कमी के कारण रात में ठंड बढ़ गई है।

मौसम विज्ञान केंद्र रांची के पूर्वानुमानों की माने तो 26 फरवरी को रांची व आसपास के जिलों में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। मौसम शुष्क बना रहेगा।27 फरवरी को राज्य के पश्चिमी हिस्से पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा के साथ-साथ मध्य व निकटवर्ती हिस्से कहीं-कहीं मेघ गर्जन और 30 से 40 किमी की रफ्तार से तेज हवाओं के झोंके साथ वज्रपात होने की आशंका है।इन जिलों में रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, बोकारो व खूंटी के अलावा दक्षिणी हिस्से यानी पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां भी शामिल है। इसे लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो राज्य में कुछ जगहों पर मध्यम दर्जे की वर्षा हुई। सबसे अधिक वर्षा 21.3 मिमी पाकुड़ के लिट्टीपारा में रिकार्ड की गई। वहीं सबसे अधिक अधिकतम तापमान 29 डिग्री जमशेदपुर का जबकि न्यूनतम तापमान 12.8 डिग्री लोहरदगा का रिकार्ड किया गया। राजधानी रांची की बात करें तो अधिकतम 26.4 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम 14.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## एनडीओ में काम दिलाने के बहाने लड़की को बुलाया होटल, दुष्कर्म के बाद बनाया अश्लील वीडियो

**रामगढ़, एजेंसी।** एनजीओ में काम दिलाने के बहाने बोकारो जिले की एक युवती को रामगढ़ के एक होटल में बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म करने, अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने तथा मारपीट कर जबरन मतांतरण कराने का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

मामले को लेकर पीड़िता ने रविवार को रामगढ़ महिला थाने में घटनाक्रम को लेकर लिखित शिकायत की है। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। आरोपित युवक अजमल अंसारी बोकारो जिले के जरंगडीह, कथारा स्थित सावित्री कालोनी का रहने वाला है। घटना रामगढ़ मेन रोड स्थित होटल पायल की है। एनजीओ की बैठक इसी होटल में बुलाई गई थी। जबकि लोधी, बोकारो में युवती का जबरन मंतातरण करने की बात कही गई है।

पीड़ित युवती ने रविवार को महिला थाने में पुलिस को बताया कि गुरु सारथी हेल्पिंग वेलफेयर फाउंडेशन नामक एनजीओ में उसे काम करने बहाने अजमल अंसारी ने उसे झांसा दिया। इसके बाद अजमल ने उसे अक्सर रामगढ़ में बुलाकर होटल व अन्य स्थानों पर बुलाया। उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाया। रामगढ़ के पायल होटल में भी 8 फरवरी को मीटिंग के बहाने उसे बुलाया और उसके साथ जबरदस्ती की। मतांतरण भी करा दिया।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि अजमल अंसारी ने उसके मोबाइल का सारा डाटा हैक कर लिया है। साथ ही उसके कांटेक्ट व व्हाट्सएप को भी उसने अपने पास रख लिया है। अजमल ने कई बार चुपके से उसका अश्लील वीडियो बनाकर अपने पास रखा है। उसे वह इंटरनेट मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा है। साथ ही उसने यह भी कहा है कि अगर वह उसके खिलाफ जाएगी तो उसे जान से मार दिया जाएगा।

# झारखंड के मालूटी गांव में जलसंकट : एक किमी चलते हैं पथरीली पगडंडी फिर मिलता है थोड़ा पानी

**खूंटी, एजेंसी।** खूंटी को जिला बने 17 साल हो गए। लेकिन खूंटी जिले का एक ऐसा गांव जहां आज भी पीने को पानी और चलने के लिए रास्ता यहां के आदिवासियों को नसीब नहीं हुआ। हम बात कर रहे हैं अड़की प्रखंड की मदहातू पंचायत के मालूटी गांव की। यहां दो टोले हैं ऊपर और नीचे टोली। ऊपरटोली के लोग पीने के पानी की समस्या को लेकर परेशान हैं तो नीचेटोली तक जाने के लिए पहाड़ी की पगडंडी के सिवा दूसरा कोई रास्ता नहीं है।

ऊपरटोली में 17 परिवार हैं, जहां पीने को पानी नहीं हैं। यहां की महिलाएं हर दिन खाली डेकची-बर्तन लेकर पत्थरों से अटे-पटे रास्तों से होकर एक किमी नीचे उतरकर डउडंग डोभा जाती हैं। इस डोभा में सालोंभर पहाड़ के नीचे से पानी आता है। महिलाएं डोभा के पानी में बर्तन धोती हैं और पहाड़ के नीचे जहां से पानी निकलता है, उस पानी का उपयोग पीने के लिए करती हैं। डेकची में पानी भरकर छोटी-छोटी बच्चियां और महिलाएं जब अपने घर की ओर



बढ़ती हैं, तब उनका दर्द उनके चेहरे बयां करते हैं। पथरीली रास्ते पर धीरे-धीरे पानी लेकर महिलाएं एक किमी की दूरी तय कर अपने घर पहुंचती हैं, तो उन्हें लगता है कि वे अमृत लेकर घर आई हैं। ऐसे ही हर दिन पांच बार महिलाएं जब पानी लाती हैं, तब जाकर उनके घर के पानी की जरूरत पूरी होती है। वर्षों से गांव के लोग प्रखंड प्रशासन से पानी की समस्या दूर करने के लिए एक चापाकल मांग रहे हैं, परंतु उनकी कोई सुनता ही नहीं। नेता भी इनकी परवाह नहीं करते। इस कारण इस टोले के लोगों का शासन-प्रशासन से विश्वास उठता जा रहा है।

मालूटी गांव के नीचे टोली की दूरी ऊपरटोली से लगभग दो किमी है। लेकिन यहां चार पहिया वाहन नहीं पहुंच पाता है। नए लोगों के लिए नीचेटोली तक पहुंचना आसान नहीं है। टोली के लोग पगडंडियों से होकर पैदल आना-जाना करते हैं। गांव के लोग बताते हैं कि सबसे ज्यादा परेशानी गर्भवती माताओं को अस्पताल पहुंचाने में होता है। गर्भवती माताओं को गांव के पुरुष खाट पर लादकर ऊपर मालूटी तक लाते हैं, जहां से किसी वाहन के माध्यम से उन्हें अस्पताल तक पहुंचाया जाता है।

बुदू बांदू सोय कहते हैं कि हम लोग मांग करते रहे, परंतु आज तक एक चापाकल नहीं लगा। पांच साल पहले नेता आए थे, चापाकल लगवाने का आश्वासन दिया था, परंतु चापाकल नहीं लगा और फिर चुनाव आ गया। अब नेता फिर आश्वासन देने आएंगे।

ऊपर मलूटी के रहने वाले सोमा स्वांसी कहते हैं कि आज तक गांव में पेयजल विभाग के लोग नहीं आए। एक चलंत पंपसेट गांव में दिया गया है, परंतु पानी नहीं है, पेपसेट फेंका हुआ है। हर दिन सुबह उठकर हमलोग पानी की चिंता करते हैं। बहुत नेता और अफसर हैं, परंतु हम लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है।

### एसएआईएल में निकली बंपर बहाली, इस तारीख से भरे जाएंगे फॉर्म

**बोकारो, एजेंसी।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड में कुल 314 नए कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी। इससे मैनपावर की कमी झेल रहे कंपनी प्रबंधन को बड़ी राहत मिलने वाली है। उम्मीदवारों का चयन ओसीटीटी यानी की आपरेटर कम टेक्निशियन ट्रेनिंग के पद पर एस-3 ग्रेड में किया जाएगा।

पद की अर्हता रखने वाले उम्मीदवारों को 26 फरवरी से 13 मार्च 2024 तक सेल के वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन जमा करना होगा। सामान्य वर्ग के लिए पांच सौ रुपये तो अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लिए दो सौ रुपये बतौर आवेदन शुल्क निर्धारित किया गया है। आवेदन जमा होने के बाद उम्मीदवारों की ऑनलाइन लिखित परीक्षा होगी, जिसमें सफल अभ्यार्थी का कौशल जांच व मेडिकल टेस्ट के बाद नियुक्ति पत्र दे दिया जाएगा। नए नियुक्ति संयंत्रकर्मियों में कुल 84 उम्मीदवार बोकारो इस्पात संयंत्र में बहाल होंगे। उम्मीदवारों की आयु न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 28 वर्ष निर्धारित की गई है, साथ ही उन्हें मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान से डिप्लोमा की डिग्री प्राप्त करना अनिवार्य किया गया है।

### एक ही यात्रा से 12 तीर्थयात्राओं के पुण्यफल की सहज प्राप्ति : रेवती रमण

**रांची, एजेंसी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र चौधरी बगान हरमू रोड के तत्वावधान में डंगराटोली चौक स्थित देव मंदिर में द्वादश ज्योर्तिलिंगम त्रिदिवसीय मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेवी रेवती रमण प्रसाद ने किया।

उन्होंने कहा एक ही यात्रा से 12 तीर्थयात्राओं के पुण्यफल की सहज प्राप्ति होगी। शिव को मुक्तेश्वर और पापकटेश्वर कहा जाता है। शिव आशुतोष हैं। शिव परमात्मा जल्दी और सहज ही उच्च वरदान देने वाले हैं। इसी भावना को लेकर शिव पर जल चढ़ाते हैं और उनकी पूजा करते हैं। केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने द्वादश ज्योर्तिलिंगम त्रिदिवसीय मेले के उद्घाटन समारोह में कहा कि हर व्यक्ति को देव मंदिर डंगराटोली चौक में स्थित इस मेले में आकर आध्यात्मिक लाभ लेना चाहिए। शिव पर तो अक-धत्रा ही चढ़ाया जाता है।

संकट मोचन महाकालेश्वर परमात्मा शिव ने मानवता के कल्याणार्थ हलाहल पान किया था। आज वे पुनः सृष्टि पर विकारों का विषपान कर रहे हैं। मौके पर विकास विजयवर्गीय, चार्टड एकाउंटेट आशीष पखोवाल, अधिवक्ता पूनम कुमारी, समाजसेवी बनवारी खिरवाल व अन्य ने भी अपने विचार साझा किए।

# मातम में बदली खुशियां, बेटी की डोली से पहले उठी पिता की अर्थी; ऐसे हुआ बड़ा हादसा

**बेड़ो, एजेंसी।** बेड़ो प्रखंड के खुरा टोली गांव में शादी की खुशियां मातम में उस समय बदल गई, जब बेटी की डोली उठने से पहले मड़वा के ठीक एक दिन पहले पिता की हाथी के कुचलने से मौत हो गई। जैसे ही किसान की मौत का पता चला तो परिवार में कोहराम मच गया। शादी वाले घर में हुए इस हादसे के बाद से मातम पसर गया है। यहां स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

घटना थाना क्षेत्र की हरिहरपुर जामटोली पंचायत के खुराटोली गांव के मसना दरहागढ़ा के समीप घटी। शनिवार की रात लगभग ग्यारह बजे अपने बैल को खोजने गए 55 वर्षीय किसान मरतू मुंडा को एक विशालकाय जंगली हाथी ने पटक-पटक कर मार डाला। जानकारी मिलते ही रविवार की सुबह पंचायत की मुखिया लक्ष्मी कोया, पूर्व मुखिया सुनील कच्छप व वन विभाग के वनरक्षी सुभाष चंद्र प्रामाणिक, भूपेंद्र प्रसाद, रविशंकर महली व संजय भगत मौके पर पहुंचे। किसान की मौत से पूरे गांव में मातम छा गया है।

इधर, जंगली हाथी द्वारा लगातार जन-धन की हानि से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। वन विभाग के



अधिकारियों ने मृतक के स्वजन को तत्काल 25 हजार रुपये सहायता राशि दी।

स्वजन ने बताया कि शनिवार की शाम तक एक बैल वापस नहीं लौटा, तो उसकी खोज में मरतू मुंडा नदी की ओर निकल गए।तब तक उसे पता नहीं था की जंगली हाथी का इस क्षेत्र में आगमन हो चुका है। इसी दौरान अचानक एक जंगली हाथी ने उसपर हमला कर दिया। इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

घर में मृतक की पत्नी पाल्हो मुंडाईन, उसके तीनों पुत्र रामपाल मुंडा, विजय मुंडा तथा प्रकाश मुंडा व बेटियों शनियारो एवं जीतन की रो-रो कर बुरा हाल है।

प्रति वर्ष लाखों की बर्बादी हाथियों द्वारा ग्रामीणों के प्रत्येक वर्ष लाखों रुपये के घर व फसल को बर्बाद कर दिया जाता है। सबसे दुखद बात यह है कि हाथियों के खौफ से ग्रामीणों को निजात दिलाने के लिए प्रशासन एवं वन विभाग द्वारा कोई सार्थक पहल अब तक नहीं की जा रही है।हाथी ने जमकर मचाया उत्पात खुरा टोली गांव में शनिवार की रात एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। हाथी ने मृतक मरतू मुंडा सहित सात किसानों मनोज मुंडा, लोहरा उरांव, गइंद्र मुंडा, शालू मुंडा, बुतरू मुंडा, मोडल मुंडा की गेहूं की फसल को खाकर व रौंदकर कर बर्बाद कर दिया है।

ग्रामीणों का कहना है कि वे लोग प्रत्येक वर्ष अपने खेत में हाड़-तोड़ मेहनत करके खून-पसीने की कमाई से फसल लगाते हैं, मगर हाथियों द्वारा हर साल फसलों को रौंद दिया जाता है।ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग सिर्फ हाथी भगाने के नाम पर खानापूर्ति करता है। जिस समय हाथी नुकसान पहुंचाता है, उसी समय वन कर्मियों द्वारा ग्रामीणों से सहानुभूति दिखाई जाती है।

# बसपा के चार सांसदों ने बदला पाला, गठबंधन से दूरी पड़ रही भारी

## पश्चिमी यूपी में मुश्किल हुआ मुकाबला

**लखनऊ , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव की आहट के साथ बहुजन समाज पार्टी के सांसद दूसरा ठौर तलाशने लगे हैं। गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी सपा के पाले में जा चुके हैं तो अंबेडकरनगर से सांसद रितेश पांडेय ने रविवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। अमरोहा के सांसद कुंवर दानिश अली और जौनपुर के सांसद श्याम सिंह यादव ने कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होकर खुद को पार्टी से अलग करने का संकेत दे दिया है। सूत्रों की मानें तो लालगंज की सांसद संगीता आजाद भी भाजपा में शामिल हो सकती हैं।

जानकारों के मुताबिक पार्टी के आधे सांसदों का दूसरे दलों में जाना बसपा के लिए बड़ा झटका है। इसकी वजह बसपा का गठबंधन में शामिल नहीं होना बताया जा रहा है। हालांकि बसपा सुप्रीमो मायावती ने छोटे दलों से गठबंधन करने का विकल्प छोड़ रखा है, लेकिन उनके लिए भी बसपा के बजाय इंडिया गठबंधन ज्यादा मुफीद




बना हुआ है। वहीं बचे हुए कई सांसदों को भरोसा नहीं है कि पार्टी उनको दोबारा प्रत्याशी बनाएगी।

रविवार को पार्टी सुप्रीमो ने सांसदों को आईना दिखाने का बयान देकर उनकी बेचैनी को बढ़ा दिया है। बसपा के एक सांसद बताते हैं कि पिछला चुनाव सपा के साथ गठबंधन करके लड़ने से पार्टी को अप्रत्याशित सफलता मिली थी। इस बार किसी भी दल से गठबंधन न होने से चुनौती बढ़ती लग रही है। अकेले विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला लेने का नुकसान पार्टी उठा चुकी है और केवल एक ही विधायक से संतोष करना पड़ा। इन हालात में सभी अपना राजनीतिक भविष्य सुरक्षित रखने के लिए फैसला लेने को स्वतंत्र हैं।

### पश्चिम में मुकाबला हुआ मुश्किल

पश्चिमी उप्र की राजनीति में अपनी गहरी पैठ रखने वाली बसपा के सामने दो बड़ी चुनौतियां है। एक ओर भाजपा और रालोद मिलकर चुनाव लड़ेंगे तो दूसरी तरफ सपा और कांग्रेस।

इन हालात में बसपा प्रत्याशियों के लिए जीत के लायक वोट जुटाना आसान नहीं होगा। वहीं बसपा के कुछ सांसद सपा में अपनी संभावनाएं तलाश रहे हैं। घोसी से बसपा सांसद अतुल राय भी किसी ऐसे दल से चुनाव लड़ सकते हैं, जो बड़े दलों का सहयोगी है। सहारनपुर के सांसद हाजी फजलुर्रहमान को भी ऐसे ही हालातों का सामना करना पड़ रहा है। सहारनपुर की सीट कांग्रेस के पाले में जा चुकी है। कांग्रेस इमरान मसूद को प्रत्याशी बनाएगी, इसे लेकर अभी संशय बना हुआ है। इमरान की सियासी डोर कमजोर हुई तो कांग्रेस हाजी फजलुर्रहमान पर दांव आजमा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### एसआरएन अस्पताल में भर्ती चार मरीजों की हालत बेहद नाजुक, दो घायल खतरे से बाहर

**प्रयागराज, एजेंसी।** कौशाम्बी जिले के भरवारी में पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट के घायलों का एसआरएन अस्पताल में उपचार चल रहा है। यहां पर आठ घायलों को भर्ती कराया गया है। घायलों में दो की हालत खतरे के बाहर बताई जा रही है। एक की हालत नाजुक होने पर परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए हैं। शेष घायलों का उपचार चल रहा है। एसआरएन में प्लास्टिक सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ. मोहित जैन ने बताया कि हादसे में झुलसे चार मरीज नब्बे फीसदी से अधिक जल चुके हैं। उनकी बचने की संभावना न के बराबर है।

### पहले दी लिफ्ट, फिर उतरवाए जेवर, सुंघाकर किया बेहोश, गहने लेकर टप्पेबाज हुए रफूचक्कर

**अलीगढ़ , एजेंसी।** खैर के गौमत चौराहे पर फरीदाबाद निवासी एक महिला को कार सवार टप्पेबाजों ने लिफ्ट देकर कार में बिठा लिया। इसके बाद महिला के जेवर लेकर रफूचक्कर हो गए। फरीदाबाद की एसजीएम नगर कॉलोनी निवासी मुन्नी देवी पत्नी कुंवरपाल के अनुसार 19 फरवरी को वह मऊ गांव में अपनी बहन से मिलकर वापस जाने के लिए गौमत चौराहे के पास खड़ी थीं। कार सवार चार युवकों ने लिफ्ट देकर उन्हें कार में बिठा लिया। इसके बाद सोफा चौकी से उनसे सोने की चेन, अंगूठी आदि जेवर उतरवा लिए। फिर कुछ सुंघा दिया जिससे वह बेहोश हो गईं। इसके बाद कुछ दूर जाकर कार की चेकिंग होने की बात कहते हुए उन्हें नीचे उतार दिया। वह सड़क किनारे पड़ी रहीं। होश में आने पर देखा कि उनके जेवर लेकर टप्पेबाज जा चुके थे। पीड़िता की तहरीर पर क्राइम इंस्पेक्टर अनुज कुमार शर्मा ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

### नाली को लेकर भिड़े दो पक्ष, चले लाठी-डंडे, छह लोग घायल

**अलीगढ़ , एजेंसी।** बरौठा गांव में नाली को पीछे हटाने के विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान लाठी-डंडे चलने से छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराते हुए दोनों पक्षों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की है। बरौठा गांव में एक पक्ष ने मकान बनाते समय सीलन के डर से नाली से हटकर दीवार और मकान बना लिया। वहीं पड़ोसी ने सड़क को चौड़ा करने की दलील देकर नाली को दीवार के सहारे करने का प्रस्ताव रख दिया। इस पर दोनों पक्षों में अनबन हो गई। हलका प्रभारी ने एक पक्ष को 24 फरवरी शाम थाने बुला लिया और सुलह-समझौत की नसीहत दी। इसके बाद 25 फरवरी की सुबह गांव और कस्बे के संभ्रांत लोगों ने दोनों पक्षों से बातचीत की, तभी एक पक्ष वीडियो बनाने पर भड़क गया। देखते ही देखते लाठी-डंड चलने लगे। इसमें छह लोग घायल हुए हैं। घायलों में राकेश कुमार शर्मा, दुष्यंत शर्मा, राज शर्मा, मुन्नालाल शर्मा, विष्णु उर्फ हरिओम शर्मा, तुषार शर्मा शामिल हैं। दोनों पक्षों तहरीर दी गई है। थानाध्यक्ष रवि चंद्रवाल ने बताया कि जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मातम में बदली खुशियां: खड़ी हाइवा में घुसी बरातियों से भरी बोलेरो, एक की मौत; दो घायल

**मिर्जापुर , एजेंसी।** मिर्जापुर के राजगढ़ थाना क्षेत्र के बघौड़ा गांव के पास रविवार की देर रात सड़क किनारे खड़ी हाइवा में तेज रफ्तार बोलेरो पीछे से जा घुसी। बोलेरो में सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से दोनो घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया। जहां दोनों की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने मंडलीय चिकित्सालय मिर्जापुर रेफर कर दिया। सोनभद्र जनपद के बैड़ाड गांव से बारात भावा बाजार जा रही थी। इसमें शामिल होने के लिए जा रहे बोलेरो सवार राजगढ़ थाना क्षेत्र के बघौड़ा गांव के पास सड़क किनारे खड़ी हाइवा में पीछे से टकरा गई। हादसे में बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। बोलेरो में सवार मनीष सिंह (23) पुत्र राम सिंह तथा अंकित (20) पुत्र जमुना निवासीगण इमलिया सोनभद्र तथा चंद्रदेव उर्फ जानू (22) पुत्र रामपोष निवासी जुड़वरियां सोनभद्र गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया।

## नजीबाबाद में वन विभाग के पिंजरे में कैद हुआ गुलदार, कई दिन से दहशत में थे ग्रामीण

**बिजनौर , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जनपद में सोमवार सुबह वन विभाग की टीम को बड़ी कामयाबी मिली। यहां नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर में वन विभाग द्वारा खेत पर लगाए गए पिंजरे में गुलदार कैद हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले काफी दिनों से गुलदार का भय गांव में बना हुआ था। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है।

ग्राम फतेहपुर के प्रधान सोनू सिंह ने बताया कि पिछले दिनों गुलदार ने कई जानवरों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया था। गांव में गुलदार की दस्तक के बाद ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग की टीम ने पदम सिंह के खेत पर एक पिंजरा लगा दिया था।

उन्होंने बताया कि सोमवार की सुबह जब ग्रामीण खेत की तरफ गए तो पिंजरे में गुलदार को कैद देखकर शोर मच गया। बतातें चले कि पिछले साल एक बुजुर्ग महिला पर गुलदार ने हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

गन्ने को हथियार बनाकर महिला गुलदार से भिड़ गई थी और जैसे-तैसे अपनी जान बचा पाई थी। इस घटना के बाद वन विभाग ने कई दिन की कड़ी मशक्कत के बाद गुलदार को पिंजरे में कैद कर लिया था।

अब गांव में दूसरा गुलदार पिंजरे में कैद हुआ है, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। उधर वन दरोगा धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि गुलदार की आयु आदि के बारे में जांच के बाद ही पता चल पाएगा।



## जाम गांव में रंजिश के चलते भिड़े दो पक्ष, एक घंटे तक हुई फायरिंग, सहमे ग्रामीण

**बरेली, एजेंसी।** बरेली के मीरगंज थाना क्षेत्र के जाम गांव में रंजिश के चलते दो पक्ष भिड़ गए। इस दौरान करीब एक घंटे तक फायरिंग हुई। कई राउंड फायरिंग से ग्रामीण सहम गए। दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी गई। पुलिस ने दोनों पक्ष के 18 नामजद व कई अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव की प्रधान के पति समरपाल ने बताया कि शनिवार देर शाम वह अलाव के पास बैठकर परिवार के सदस्यों से बातचीत कर रहे थे। तभी गांव के ही अमर सिंह, अमरपाल, अतर सिंह, बलवंत, कुलदीप, भूपेंद्र, राजीव, राहुल, अनिल, रामचरन, प्रताप, विजयपाल व एक अज्ञात लाइसेंसी बंदूक सहित अन्य हथियार लेकर वहां आ गए।

आरोपियों ने गाली-गलौज की। विरोध करने पर फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली उनकी जैकेट को छूकर निकल गई। परिवार के सदस्यों ने घरों में बंद होकर जान बचाई। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी भाग खड़े हुए। समरपाल ने बताया कि 24 फरवरी को आरोपियों से उनकी कहासुनी हो गई थी। इसी रंजिश में उन्होंने हमला किया।

**दूसरे पक्ष ने भी दी तहरीर :** वहीं, दूसरे पक्ष की मुनीशा देवी ने तहरीर में बताया कि पति बलवंत के साथ वह घर के बाहर खड़ी थीं। इसी दौरान समरपाल अपने भाई विनोद, राजवीर श्यामवीर, शिशुपाल, योगेश व चार से पांच अज्ञात लोगों के साथ वहां आ गए। आरोपियों ने फायरिंग की।

घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक साउथ मानुष पारीक, सीओ दीपशिखा अहिबरन सिंह पुलिस फोर्स के साथ गांव पहुंचे। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। उनके पास से तमंचे बरामद हुए हैं। दोनों पक्ष के कई आरोपी फरार हैं। प्रभारी निरीक्षक कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि गांव में पुलिस तैनात करने के साथ आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

ग्रामीण बोले- 100 से ज्यादा फायर हुए

ग्रामीणों ने बताया कि दोनों ओर से 100 से ज्यादा फायर किए गए। सुबह बड़ी संख्या में खोखे बरामद किए गए। रातभर कई लोग सो नहीं पाए। ग्रामीणों ने बताया कि 1995 से अब तक गांव में हत्या की कई घटनाएं हो चुकी हैं।

### हेलो घर में गंदा काम कराया जा रहा है पहुंचिए... सूचना पर पहुंची पुलिस, फिर वहां जो देखा ; रह गई हैरान

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में घर में ही गंदा काम कराया जा रहा था। लोगों ने परेशान होकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने घर में छापेमारी की। इस मौके पर पांच युवक और दो युवतियों को हिरासत में लिया। उन्हें थाने ले जाकर पूछताछ की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला सिकंदरा थाना क्षेत्र के शास्त्रीपुरम बी ब्लॉक का है। थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार शर्मा ने बताया कि बी ब्लॉक के एलआईजी भवन में देह व्यापार की सूचना दी गई थी। बताया गया कि बाहर से युवक और युवतियां आए हैं। काफी समय से यह काम चल रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम पहुंची थी। पता चला कि नोएडा से कुछ लोग एक घर में आकर रुके थे। वह ताज महोत्सव देखने के लिए आए थे। प्राथमिक जांच में सूचना गलत निकली है। हालांकि युवक और युवतियों से पूछताछ की जा रही है।

## पैरा बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियन बनने पर सीएम योगी ने आईएएस सुहास एल वाई को दी बधाई

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश सरकार में खेल विभाग के सचिव आईएएस सुहास एल वाई ने फिर पैरा बैडमिंटन में अपना कमाल दिखाया है। थाईलैंड के पटाया में बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में उन्होंने गोल्ड मेडल जीतने के साथ ही वर्ल्ड चैंपियन होने का गौरव हासिल किया है।

उन्होंने एमएस एसएल 4 में वर्ल्ड नंबर 2 सीड फ्रेडी सेतियावान को 21-18,21-18 से हराया। उनकी इस उपलब्धि पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी है। सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, पटाया, थाईलैंड में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2024 में विश्व चैंपियन बनने पर सुहास एल वाई को बधाई। फाइनल में आपकी जीत समर्पण और उत्कृष्टता का एक शानदार उदाहरण है। आपके भविष्य के सभी प्रयासों में अद्वितीय सफलता की कामना करता हूं। हम सभी को गर्व है।





सुहास यतिराज देश की ब्यूरोकेसी में पैरा गेम्स में सबसे ज्यादा गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले आईएएस अफसर हैं। पहले भी उन्होंने खेल की दुनिया में भारत का नाम पूरे विश्व में रोशन किया है। सुहास एलवाई उत्तर प्रदेश कैडर में वर्ष 2007 बैच के आईएएस अफसर हैं।

मूल रूप से कर्नाटक के शिमोगा जिले के रहने वाले हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार ने सुहास एलवाई को 3 मार्च 2020 को गौतमबुद्ध नगर का जिलाधिकारी बनाकर भेजा था। सुहास एलवाई महाराजगंज, सोनभद्र, हाथरस, प्रयागराज, जौनपुर और आजमगढ़ के जिलाधिकारी रह चुके हैं। फरवरी 2023 में उनको खेलकूद विभाग का सचिव नियुक्त किया गया था।

## आईबी अधिकारी बता प्रयागराज में नौकरी दिलाने के नाम पर ठग लिए 15 लाख रुपये, केस दर्ज

**गोरखपुर , एजेंसी।** गोरखपुर के कोतवाली थाने में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का केस दर्ज किया गया है। ये मामला, इलाहाबाद विश्वविद्यालय में नौकरी दिलाने के नाम पर 15 लाख रुपये की जालसाजी किए जाने का है। आरोप है कि नौकरी न दिला पाने पर रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी गई। कोतवाली थाने में पुलिस ने केस दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक, कोतवाली इलाके के बक्शीपुर, साहू टोला निवासी सुमित गुप्ता ने एसएसपी को प्रार्थना-पत्र देकर बताया कि कुछ महीने पहले लखनऊ में उनकी मुलाकात अमित प्रकाश पाठक उर्फ शंकर पाठक नाम के एक व्यक्ति से हुई थी, जो अपने आप को आईबी अधिकारी बताया। लखनऊ में अपनी तैनाती होने की बात करते हुए उसने पीड़ित को बताया कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय में नौकरी आई है। वह 15 लाख रुपये में नौकरी लगवा देगा। इसकी जानकारी सुमित ने अपने दोस्त निखिल सिंह को दी। निखिल सिंह ने अपने भाई का फार्म भरवा दिया। नौकरी दिलाने के लिए अमित प्रकाश पाठक से बात फाइनल करके सुमित ने उसे 15 लाख का भुगतान कर दिया। 30 हजार नकद भी दिया। कुल रुपये लेने के बाद आरोपी ने 77 हजार लौटा दिए।

उधर काफी दिनों तक नौकरी नहीं मिलने पर पीड़ित ने तथाकथित आईबी अधिकारी से बात की तो उसने टालमटोल शुरू कर दिया। रुपये वापस मांगने पर जानमाल की धमकी देने लगा। पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

## जमीन के विवाद में मां को पीटा, बेटी की हत्या की कोशिश - मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**गोरखपुर , एजेंसी।** गोरखपुर के बांसगांव थाना क्षेत्र के चरलहां गांव में जमीन के विवाद में मां-बेटी पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पहले मां की पिटाई की। फिर बीचबचाव में आई बेटी को भी पीटने लगे। उसका गला दबाकर हत्या करने की कोशिश की गई।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर रविवार को वायरल हो गया। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने महिला की तहरीर पर केस दर्ज कर दो आरोपियों ऋषिमुनि व नारद को हिरासत में लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, चरलहां गांव में राकेश बेलदार का परिवार वर्षों से मकान बनाकर रहता है। परिवार में किरन अपनी तीन बेटियों और दो बेटों के साथ रहती हैं, जबकि राकेश बाहर रहकर कमाते हैं। शनिवार शाम मनबढ़ों ने उनकी बड़ी बेटी ममता और पत्नी किरन पर हमला कर दिया और गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि वर्षों पहले जमीन खरीदकर राकेश ने अपना मकान बनवाया है। रजिस्ट्री नहीं हुई है और आरोपी उस जमीन पर अपना दावा कर रहे हैं। इसी जमीन पर शनिवार की शाम पीड़ित पक्ष हैं पपंप लगवा रहा था, जिसका दूसरे पक्ष ने विरोध किया और मारपीट हो गई। बीते दिनों महिला का छप्पर भी जला दिया गया था। इतना ही नहीं, महिला और उसकी बेटियों पर तरह-तरह के आरोप लगाकर बदनाम करने की भी कोशिश की गई थी। वायरल वीडियो में तीन लोग युवती को बेरहमी से पीटते साफ नजर आ रहे हैं। आसपास के लोगों ने बीचबचाव की कोशिश की तो उनके साथ भी बदसलूकी की गई। फिलहाल, पुलिस केस दर्ज दो आरोपियों को हिरासत में ले ली है। एसपी साउथ जितेंद्र कुमार ने बताया, वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर पुलिस ने जांच की है। जांच में हैंडपंप लगाने को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है।

## लेखपाल की कार से 10 लाख बरामद मामला, मुकदमे का गवाह दुष्कर्म में भेजा गया जेल

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में लेखपाल भीमसेन के खिलाफ दर्ज भ्रष्टाचार के मुकदमे के गवाह हरभजन राणा को दुष्कर्म में रविवार को जेल भेज दिया गया है, जबकि उसके साथी उमेश राणा पर साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। हरभजन पर दुष्कर्म तो उमेश पर धमकी देने का आरोप लगाया गया है। सोमवार को पीड़िता के कोर्ट में बयान दर्ज कराए जाएंगे।

दिसंबर 2023 में थाना शाहगंज में लेखपाल भीमसेन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। बमरौली कटारा निवासी उमेश राणा का आरोप था कि लेखपाल ने एक मामले में रिश्वत में 10 लाख रुपये लिए हैं। उसने कार का पीछा किया था। लेखपाल कार को छोड़कर चला गया था। बाद में पुलिस ने कार जब्त की थी। कार से 10 लाख रुपये बरामद किए गए थे।

बमरौली कटारा निवासी हरभजन राणा मुकदमे में मुख्य गवाह है। उमेश के साथ ही रहा था। अपने बयान भी पुलिस को दर्ज कराए थे। वहीं, बमरौली कटारा थाने में एक महिला ने शिकायत की थी। आरोप लगाया था कि हरभजन ने ब्लैकमेल कर शोषण किया। उसकी शादी हो गई थी। शादी तुड़वा दी। वह बहन की शादी में आई थी। महिला ने दुष्कर्म, बंधक बनाने, मारपीट, गालीगलौज, जान से मारने की धमकी सहित अन्य आरोप लगाए।मामले में मुकदमा दर्ज किया गया। हरभजन, उमेश राणा, रविंद्र, रवि यादव को नामजद किया।

डीसीपी पूर्वी जोन रवि कुमार ने बताया कि हरभजन पर दुष्कर्म का आरोप था। उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। उमेश राणा पर गालीगलौज और जान से मारने की धमकी का आरोप है। अन्य आरोपियों के संदर्भ में भी साक्ष्य संकलन किया जा रहा है। पीड़िता ने पुलिस को बयान दे दिए हैं। अब सोमवार को कोर्ट में बयान कराएंगे।

## गोलघर मल्टीलेवल पार्किंग संचालन से पहले जमा करने होंगे 33 करोड़ रुपये

**गोरखपुर , एजेंसी।** आत्मनिर्भर बनने की दिशा में नगर निगम ने एक और कदम बढ़ाया है। अब गोलघर में बनी मल्टीलेवल पार्किंग और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का संचालन किराए पर होगा। इसके लिए निगम ने फर्मों से आवेदन मांगे हैं। निर्माण विभाग की ओर से जारी ई-निविदा के मुताबिक 29 फरवरी तक आवेदन किया जा सकता है।

एक मार्च को निविदा खुलेगी। उसके बाद चयनित फर्मों के बीच चार मार्च को खुली बोली लगाई जाएगी। बोली की शुरुआत न्यूनतम प्रीमियम दर 33.82 करोड़ रुपये एवं वार्षिक किराया 1.78 करोड़ से शुरू होगा। सर्वाधिक प्रीमियम और वार्षिक किराया देने वाले को सफल घोषित किया जाएगा।



**स्वयं लेना होगा बिजली कनेक्शन:** चयनित फर्म को मल्टी लेवल पार्किंग सह शापिंग कॉम्प्लेक्स में बिजली कनेक्शन खुद लेना होगा। इसके अलावा सीवर एवं जलकर का व्यवसायिक कनेक्शन लेने के साथ टैक्स भी नियमानुसार देना होगा। चयनित फर्म मल्टी लेवल पार्किंग की छत का भी इस्तेमाल कर सकेगी, लेकिन कोई पक्का निर्माण नहीं कर सकेगी। स्वीकृत किराया डिजिटल माध्यम से प्रत्येक वित्तीय वर्ष में एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक जमा करना होगा।

**28 दुकानें, 605 गाड़ियों की पार्किंग क्षमता:** शापिंग कॉम्प्लेक्स के प्रथम तल पर 14.81 वर्ग मीटर से 66.95 वर्ग मीटर तक की कुल 18 दुकानें हैं। दूसरे तल पर 10 दुकानें और तीसरे तल पर एक बड़ा हॉल है।

पार्किंग में एक साथ 605 गाड़ियां पार्क हो सकती हैं। इनमें 305 चार पहिया और 300 दो पहिया वाहन शामिल हैं। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने कहा निगम को आत्मनिर्भर बनाने की मंशा से गोलघर की मल्टीलेवल पार्किंग सह शॉपिंग कॉम्प्लेक्स को किराए पर देने का फैसला लिया गया है। कांप्लेक्स की ई-निविदा की प्रक्रिया मार्च के प्रथम सप्ताह में पूरी हो जाएगी। 15 साल के लिए निजी फर्म को संचालन एवं रखरखाव सौंपा जाएगा। इससे नगर निगम आय अर्जित करने के साथ शहरवासियों को सुविधाएं भी प्रदान करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### फॉर्च्यूनर के बिना लड़की विदा की तो 1 हफ्ते में मार दूंगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा के रेवाड़ी जिले के गांव लाला से नारनौल के गांव निजामपुर गई बारात को तब बिना दुल्हन के लौटना पड़ा, जब दूल्हे ने कथित रूप से विदाई के समय दहेज में फॉर्च्यूनर गाड़ी की मांग कर डाली। यह सब कुछ उस समय घटा, जब सात फेरे हो चुके थे और विदाई की तैयारी हो रही थी। दूल्हे ने धमकी दी थी कि यदि बिना फॉर्च्यूनर के दुल्हन को विदा कर दिया तो वह अपने घर पर सात दिन में उसे मार देगा। इससे घबराकर बाद में दुल्हन ने खुद ही विदाई से इनकार कर दिया। रविवार को 11 गांवों की हुई पंचायत में लड़की पक्ष को 65 लाख रुपये देने व जुर्माने के तौर पर 11 लाख रुपये गौशाला में देने का फैसला हुआ। गांव लाला के प्रदीप कुमार के बेटे मणि कुमार की शादी नारनौल के गांव निजामपुर की लड़की सुषमा से तय हुई थी। शनिवार को बारात निजामपुर गई थी। राजी-खुशी के माहौल में रात को दूल्हा-दुल्हन के सात फेरे भी हो गए थे। मामले में उस समय नया मोड़ आ गया, जब खाना-खाते समय दूल्हे ने लड़की पक्ष से फॉर्च्यूनर गाड़ी की मांग कर दी। आरोप है कि इस दौरान दूल्हे ने कहा कि यदि फॉर्च्यूनर नहीं दी तो वह घर पर सात दिनों में उसे मार देगा। दूल्हा बोला, गुस्से में कहा : इस बारे में जब लड़की पक्ष ने दूल्हे से बात की तो उसने कहा कि उसने जो भी कहा, गुस्से में कह दिया। उसने केवल इतना कहा था कि यदि उसके पिता को कुछ हो जाए तो क्या वह उनकी सेवा और घर में बंधे पशुओं का कार्य करेगी। लड़की ने जब इनकार कर दिया तो उसने आवेश में आकर ऐसा बोल दिया था। इधर, दुल्हन ने कहा कि खाना खाते समय मणि ने उससे पूछा उसने कितनी पढ़ाई की है। उसने कहा कि वह तो इंग्लिश मीडियम से पढ़ा और वह उससे कम पढ़ी-लिखी है। वह ये शादी नहीं करेगा। सेना से रिटायर होने के बाद हरियाणा पुलिस में कार्यरत दूल्हे के पिता प्रदीप कुमार का कहना है कि उन्होंने दहेज की कोई मांग नहीं की थी। लड़के ने गुस्से में कुछ बोल दिया होगा। वे लड़की को ले जाने के लिए तैयार हैं। लड़की के चाचा कमल भास्कर ने कहा कि बड़े ही चाव के साथ शादी संपन्न हुई थी। हमारे परिवार ने इस विवाह में 15 लाख 51 हजार रुपये नकद और 11 तोला सोने के आभूषण दिए। शादी पर कुल 60 लाख रुपये का खर्चा आया है।

### जन विश्वास यात्रा में मिल रहे जन समर्थन से पूरी तरह घबरा गए हैं एनडीए नेता: तेजस्वी



**समस्तीपुर, एजेंसी।** बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा है कि जन विश्वास यात्रा में मिल रहे जन समर्थन से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेता पूरी तरह घबरा गए हैं। तेजस्वी यादव जन विश्वास यात्रा के दौरान रविवार की देर शाम समस्तीपुर में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जब हम रोजगार देने की बात करते थे तो राजग के नेता कहते थे कि यह असंभव है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के 17 महीनों के कार्यकाल में हमने छह लाख बेरोजगारों को रोजगार दिया जिसमें सभी जाति और धर्मों के लोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमने 10 लाख लोगों को रोजगार देने की चुनाव वादा किया था जिसे पूरा करने की कोशिश की। लेकिन बीच में ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पलटी मार कर भाजपा की गोद में जा बैठे। जन विश्वास यात्रा में मिल रहे जन समर्थन से भाजपा समेत राजग के नेता पूरी तरह घबरा गए है। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने पटना में तीन मार्च को होने वाली महारैली में लोगों एवं युवाओं को शामिल होने का आह्वान किया और कहा कि यह महारैली ऐतिहासिक होगी। इस जन विश्वास यात्रा में पूर्व मंत्री एवं उजियापुर के राजद विधायक आलोक कुमार मेहता, माकपा विधायक दल के नेता अजय कुमार एवं समस्तीपुर के स्थानीय राजद विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन भी शामिल थे। समस्तीपुर में तेजस्वी यादव के पहुंचने पर राजद के जिलाध्यक्ष रोमा भारती, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मो अबू तमीम समेत अन्य नेताओं ने स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने देहरादून से टनकपुर, काशीपुर व कोटद्वार रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास शिलान्यास समारोह में वर्चुअल रूप से किया प्रतिभाग

# टनकपुर, काशीपुर एवं कोटद्वार रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास से आमजन को मिलेंगी अत्याधुनिक सुविधाएं : सीएम धामी

**बोले सीएम :**

- मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव का आभार प्रकट करते हुए कहा आज देश में बना नया कीर्तिमान
- 40 करोड़ से अधिक की लागत से होगा उत्तराखंड के इन तीन रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास

सुनील तिवारी



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को देहरादून स्थित विधानसभा भवन से टनकपुर, काशीपुर व कोटद्वार रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास शिलान्यास समारोह में वर्चुअल रूप से प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव का आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा किये गए 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास शिलान्यास के वृहद कार्य ने देश में आज एक और नया कीर्तिमान बनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में 40 करोड़ से अधिक की लागत से पुनर्विकास के लिए चयनित इन तीनों रेलवे स्टेशनों के पुर्नविकास से कुमाऊं क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी को मिलने के साथ ही लोगों को स्टेशन पर अत्याधुनिक सुविधाएं भी मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हम भारतीय रेल के स्वर्णिम युग की ओर बढ़ रहे हैं तथा भारतीय रेलवे को नए भारत की आकांक्षाओं तथा आत्मनिर्भर भारत की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जहां एक ओर ब्रॉड गेज रेल लाइनों से मानव रहित रेल क्रॉसिंग को खत्म कर भारतीय रेलवे को पहले से कहीं अधिक सुरक्षित बनाया गया है तो भारतीय रेलवे की रफ्तार भी पहले से कहीं अधिक बढ़ चुकी है। आत्मनिर्भरता और आधुनिकता के प्रतीक चिन्ह के रूप में वंदे भारत जैसी मेड इन इंडिया ट्रेनें रेल नेटवर्क का हिस्सा बन रही हैं तथा देश के अछूते हिस्सों को रेल नेटवर्क से जोड़ने का काम भी तेजी से चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और केंद्र सरकार के सहयोग से उत्तरखंड में बहुत से कार्य हुए हैं। उत्तराखंड में आज पहाड़ तक ट्रेन पहुंचाने का सपना सच होने जा रहा है। प्रधनमंत्री जी की दूरदर्शिता और स्पष्ट विजन के कारण ही आज ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेललाइन का 50 फीसदी से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रारंभ की गई अमृत भारत स्टेशन योजना, रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और बदलते भारत का प्रतिबिंब है। आज का नया भारत, एक नई गति और एक नई शक्ति के साथ आगे बढ़ रहा है तथा प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमारी सरकार सभी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को विश्वस्तरीय बना रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जिस प्रकार से न केवल रेलवे, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी इंफ्रास्ट्रक्चर को सशक्त बनाया जा रहा है, वह अभूतपूर्व है।

आज भारतीय रेल, इसका बदलता स्वरूप, विकसित देशों के रेल नेटवर्क को चुनौती देता है। यह देखकर गर्व की अनुभूति होती है जिसका साक्षात् प्रमाण वन्दे भारत ट्रेन है तथा इस ट्रेन की मांग अब दूसरे देश भी करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने उत्तराखंड को भी देहरादून से आनंद विहार के मध्य वंदे भारत ट्रेन के संचालन की सौगात दी है। उन्होंने कहा कि आज रेल आधुनिक हो रही है, सुविधाओं को विश्वस्तरीय बनाया जा रहा है, रेलवे स्टेशन ''मॉडर्न विजन'' के साथ विकसित किए जा रहे हैं, लेकिन इस विकास के बीच भी, हमने अपनी संस्कृति और विरासत को कतई नहीं भुलाया है, जिसको ध्यान में रखते हुए जिन स्टेशनों के पुनर्विकास की नींव आज रखी गई है। उन्हें स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला के आधार पर विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए तमाम योजनाओं को धरातल पर उतारने का निरंतर कार्य कर रही है तथा हम उत्तराखंड को श्रेष्ठ राज्य बनाने के अपने ''विकल्प रहित संकल्प'' के मंत्र को लेकर लगातार आगे बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर संबंधित पदाधिकारी व अधिकारी उपस्थित रहे।

## उत्तराखंड में मानव वन्य जीव संघर्ष मामले पर सीएम धामी ने सख्ती दिखाते हुए विभागीय अधिकारियों को किया तलब

विशेष संवाददाता

**देहरादून।** विधानसभा में मुख्यमंत्री ने वन विभाग के संबंधित अधिकारियों को तलब करते हुए देहरादून में हुई घटना की रिपोर्ट ली। इस दौरान उन्होंने चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन समीर सिन्हा को सख़्त कार्यवाही के निर्देश दिये। साथ ही वन विभाग के अधिकारियों के विदेश दौरों पर भी रोक के आदेश दिए हैं। उत्तराखंड में गुलदार के हमलों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। खास बात यह है कि राजधानी देहरादून में भी एक दिन पहले ही 10 साल के बच्चे को गुलदार ने अपना निवाला बनाया था। इस मामले में मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए अब विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में स्थित अपने कार्यालय में ही विभागीय अधिकारियों को तलब किया।



इस दौरान प्रमुख सचिव वन आरके सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक हॉफ अनूप मलिक और चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन समीर सिन्हा ने इस पूरी घटना की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन को फील्ड में जाने का आदेश मुख्यमंत्री ऐसी घटनाओं को देखते हुए प्रमुख वन संरक्षक आरके सुधांशु को दैनिक रूप से मामलों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इसके अलावा चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन को भी खुद फील्ड में जाने के लिए भी आदेश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने विभाग के अधिकारियों को सख़्त निर्देश दिए,कि किसी भी दशा में जनहानि नहीं होनी चाहिए।इसके लिए जो भी आवश्यक कदम हैं, उठाये जायें। लोगों को जनजागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव वन्य जीव संघर्ष के लिए वन विभाग अलर्ट मोड पर काम करे।

### वन अधिकारियों के विदेश दौरे पर रोक

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रशिक्षित QRT (Quick response team) को तत्काल फील्ड में भेजने के भी निर्देश दिए हैं। बड़ी बात यह है कि मुख्यमंत्री ने वन अधिकारियों के विदेश दौरों पर भी रोक लगाने के आदेश जारी किए हैं। इन घटनाओं के बीच इस तरह के दौरों पर रोक लगा दी गई है।

# भैरों मार्ग अंडरपास की दोनों लेन यातायात के लिए खोली जाएंगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में रिंग रोड से भैरों मार्ग को जोड़ने वाले अंडरपास का रूट प्लान बदला जा रहा है। पहले भैरों मार्ग से रिंग रोड होते हुए सराय काले खां की तरफ जाने वाले वाहनों के लिए ही दो लेन खोलने की योजना थी, लेकिन अब इसको दोनों तरफ के यातायात के लिए खोला जाएगा।

अंडरपास के खुलने पर प्रतिदिन 20-30 हजार वाहनों का आवागमन होने की संभावना है। इससे पूर्वी दिल्ली, गाजियाबाद और नोएडा से आने वाले लोगों का रिंग रोड के रास्ते नई दिल्ली क्षेत्र में आवागमन आसान होगा। रिंग रोड और भैरों मार्ग को अंडरपास से जोड़ने वाली अप्रोच रोड भी बनकर तैयार



लोक निर्माण विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि पहले चरण में टनल की चार लेन में से सिर्फ दो ही लेन खुलनी है। इन दोनों लेन से भैरों मार्ग से सराय काले खां की तरफ जाने वाले और आईटीओ की तरफ से रिंग रोड के रास्ते भैरों मार्ग आने वाले ट्रैफिक को शुरू किया जाएगा। इन दोनों लेन को स्प्रिंग पोस्ट के जरिए दो हिस्सों में बांट दिया गया है। रिंग रोड और भैरों मार्ग को अंडरपास से जोड़ने वाली अप्रोच रोड भी बनकर तैयार है। सड़क सुरक्षा से जुड़े काम बाकी है, जिन्हें अगले चार से पांच दिन में पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद दोनों तरफ का ट्रैफिक शुरू कर दिया जाएगा। इससे लोगों को कई मार्गों पर जाम से भी छुटकारा मिलेगा।

अधिकारियों के अनुसार, चार लेन के अंडरपास में दो लेन को तैयार करने का काम चल रहा है। इसमें अभी दो से तीन महीने लग सकता हैं। इनके तैयार होने के बाद दोनों तरफ के ट्रैफिक के आवागमन को दो-दो लेन उपलब्ध होंगी। अंडरपास को अगस्त 2022 तक पूरा किया जाना था। इसके बाद से 10 से अधिक बार इसकी समय सीमा को बढ़ाया जा चुका है लेकिन अभी तक बनकर तैयार नहीं हुआ है।

## बीमारी ठीक करने के नाम पर जबरन करवाया जा रहा था धर्म परिवर्तन

**भागलपुर, एजेंसी।** जिले से धर्म परिवर्तन का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। भोले भाले लोगों के घरों में जाकर बीमारी ठीक करने के नाम पर जबरन ईसाई धर्म कुबूल करवाया जा रहा था। कमरे में प्रार्थना करवाई जा रही थी। सूचना पर मौके पर पहुंचे लोगों ने धर्म परिवर्तन करवा रहे शख्श की जमकर धुनाई कर दी। सूचना पाकर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और मामले का खुलासा हो गया। मामला कहलगाँव अनुमण्डल के रसलपुर थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार चौंक की है। यहाँ के निवासी पप्पू यादव के मकान में धर्म परिवर्तन के लिए गायन बाजन और प्रार्थना कराया जा रहा था। स्थनीय लोगों ने ईसाई धर्म के मौकिम नामक शख्स को पकड़ कर उसकी धुनाई कर दी। इधर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही उसके पास से बाईबिल की किताबें समेत कई तरह के समान बरामद हुए हैं। जबकि उसके साथ अनीता देवी नाम की एक महिला मौके से फरार हो गई।

**दर्जनों महिलाएं और पुरुष प्रार्थना सभा में हो रहे थे शामिल**

मकान के नीचे अपनी दुकान चलाने वाले मनोज साह ने बताया कि सालभर से दर्जनों महिलाएं और पुरुष अलग-अलग गांव मोहल्ले से आकर प्रार्थना सभा में शामिल हो रहे थे। प्रार्थना सभा में शामिल नीलम देवी और स्नेह लता देवी ने बताया कि मौकीम गांव के लोगों को इनमें जोड़ते और बताते कि अगर कोई बीमार है तो वो इसाई धर्म अपनाकर ठीक हो सकता है। सभी को बीमारी ठीक होने का लालच दिया जाता था, जिससे लोग मजबूरी में धर्म परिवर्तन को मजबूर हो जाते थे, और जो लोग उनकी बातों को नहीं मानते थे उन्हें डराया जाता था।

## सड़क पर नोंचते रहे कुत्ते और चीखती रही बच्ची, डीजे के शोर में दब गई आवाज; मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की राजधानी दिल्ली में आवारा कुत्तों का आतंक जारी है। तुगलक रोड में इस बार इन कुत्तों ने 18 महीने की एक बच्ची को नोंच-नोंच कर मार डाला। इस घटना से इलाके के लोग दहशत में है और इन खूंखार कुत्तों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। घटना के बाद दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की है। शैली ओबेरॉय ने मीडिया से बातचीत में कहा, यह दुख की घड़ी है। एक मां का अपने बच्चे को खोना कोई छोटी बात नहीं है। हम यहां परिवार से मिलने आए थे और हमने देखा कि वो कैसे रो रहे हैं और बिलख रहे हैं। जितने भी आवारा पशु हैं आज की तारीख में दिल्ली के अंदर उससे लोगों को गंभीर संस्याओं से जूझना पड़ रहा है। यह एनडीएमसी का इलाका है। हमने निर्देश दिया है कि यह एनडीएमसी हो या एमसीडी हो सभी मिलकर आवारा पशुओं का समाधान निकालेंगे। इस दौरान पशु प्रेमियों का भी ध्यान रखा जाएगा और बच्चों की सुरक्षा को भी देखा जाएगा। आने वाले समय में ऐसी कोई घटना ना हो उसके लिए हम तैयारी करेंगे और



अभी जिसकी भी लापरवाही है उसपर सख्त से सख्त ऐक्शन लिया जाना चाहिए। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि तुगलक रोड इलाके में शनिवार की देर शाम तीन-चार आवारा कुत्तों ने सड़क पर डेढ़ साल की एक बच्ची पर अचानक हमला कर दिया। अचानक कुत्तों के इस हमले की वजह से डेढ़ साल की बच्ची चीखने लगी। लेकिन उस दौरान पास में ही डीजे पर जोर-जोर से गाना चलाया जा रहा था। इसकी वजह से बच्ची की आवाज गाने की शोर में दब गई। आवारा कुत्ते काफी देर तक बच्ची को नोंचते रहे। इसके बाद कुछ लोगों की नजर इन कुत्तों पर पड़ी। किसी तरह इस बच्ची को कुत्तों के चंगुल से छुड़ाया गया। बताया जा रहा है कि इन आवारा कुत्तों के हमले के बाद बच्ची के परिजन उसे अस्पताल लेकर गए लेकिन चिकित्सकों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। पीड़ित बच्ची का परिवार तुगलक रोड के धोबी घाट में रहता है। मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि एक महिला डॉग-लवर इन कुत्तों को अक्सर खाना देती हैं। इलाके के लोगों का कहना है कि महिला को कई बार इन आवारा कुत्तों को खाना नहीं देने के लिए कहा गया लेकिन वो उल्टे उन्हें धमकाती हैं। बच्ची के पड़ोसी इन आवारा कुत्तों पर लगातार कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## नोएडा में 7000 लोगों को जल्द मिलेगा घर का मालिकाना हक, 9 प्रोजेक्ट के बिल्डरों ने चुकाया 25 प्रतिशत बकाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घर खरीदारों के लिए राहत भरी खबर है। नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में सात हजार लोगों को होली से पहले फ्लैटों का मालिकाना हक मिल जाएगा। नौ परियोजनाओं के बिल्डरों ने 25 प्रतिशत धनराशि के 30 करोड़ रुपये जमा करा दिए हैं। उनके फ्लैटों की रजिस्ट्री शुरू होने जा रही है। इसके अलावा कुल 37 बिल्डरों ने 25 प्रतिशत बकाया जमा कराने की सहमति दी है। राशि जमा कराने के बाद संबंधित प्रोजेक्टों में भी रजिस्ट्री शुरू हो जाएगी।

अमिताभकांत समिति के प्रस्तावों को कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद शासनादेश की शर्तों का पालन कर सहमति देने के लिए नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी बकायेदार बिल्डरों के साथ लगातार बैठकें कर रहे हैं। इस शासनादेश में मुख्य रूप से एक अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2022 तक के काल को कोविड काल मानते हुए जीरो पीरियड का लाभ दिया जाना है।

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने बताया कि अमिताभकांत समिति की सिफारिशों को मानते हुए कुल बकाये की 25 प्रतिशत धनराशि



जमा करने के लिए अभी तक 37 बिल्डरों ने सहमति दे दी है। सात बिल्डरों ने बकाये की धनराशि का 25 प्रतिशत करीब 30 करोड़ रुपया जमा भी करा दिया है। सहमति देने वाले अन्य बिल्डरों को जीरो पीरियड का लाभ देते हुए कुल बकाये के संबंध में जानकारी दे दी गई है।

इन बिल्डरों के द्वारा भी अगले 60 दिनों में जब कुल बकाये का 25 प्रतिशत पैसा जमा करा दिया जाएगा, तब उनके प्रोजेक्टों में भी रजिस्ट्री शुरू होगी।

प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार नोएडा क्षेत्र में कुल 57 ऐसी परियोजनाएं हैं, जिनका न्यायालय में कोई विवाद नहीं है। इन बिल्डरों पर करीब आठ हजार करोड़ रुपये प्राधिकरण के बकाया हैं। इन बिल्डरों में से 37 बिल्डर अमिताभ कांत समिति की रिपोर्ट को स्वीकार कर बकाये का 25 फीसदी जमा करने पर सहमति दी, लेकिन 20 बिल्डर अभी भी ऐसे हैं जिन्होंने सहमति नहीं दी है।

# भारत का गरीबी स्तर 5 प्रतिशत से नीचे आ गया है - नीति आयोग के सीईओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नीति आयोग के सीईओ बी.वी.आर. सुब्रमण्यम ने रविवार को कहा कि नवीनतम घरेलू उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि भारत का गरीबी स्तर 5 प्रतिशत से नीचे गिर गया है और ग्रामीण व शहरी, दोनों क्षेत्रों में लोग अधिक समृद्ध हो रहे हैं। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) द्वारा शनिवार देर रात जारी आंकड़ों के अनुसार, प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू खर्च 2011-12 की तुलना में 2022-23 में दोगुना से अधिक हो गया है, जो देश में समृद्धि के बढ़ते स्तर को दर्शाता है। सुब्रमण्यम ने पत्रकारों से कहा, उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण सरकार द्वारा उठाए गए गरीबी उन्मूलन उपायों की सफलता को भी दर्शाता है।उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण में जनसंख्या को 20 अलग-अलग श्रेणियों में बांटा गया और आंकड़ों से पता चला कि सभी श्रेणियों के लिए औसत प्रति व्यक्ति मासिक व्यय ग्रामीण क्षेत्रों में 3,773 रुपये और शहरी क्षेत्रों में 6,459 रुपये



है।निचले 0-5 प्रतिशत वर्ग का औसत प्रति व्यक्ति मासिक व्यय ग्रामीण क्षेत्रों में 1,373 रुपये और शहरी क्षेत्रों में 2,001 रुपये आंका गया है।नीति आयोग के सीईओ ने कहा, अगर हम गरीबी रेखा को लें और इसे उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के साथ आज की दर तक बढ़ाएं, तो हम देखेंगे कि सबसे निचले 0-5 प्रतिशत वर्ग की औसत खपत लगभग समान है। इसका मतलब है कि देश में गरीबी केवल 0-5 प्रतिशत समूह में है।उन्होंने कहा, यह मेरा आकलन है। लेकिन अर्थशास्त्री इसका विश्लेषण करेंगे और बिल्कुल सही आंकड़े सामने लाएंगे।एनएसएसओ का अनुमान 1.55 लाख ग्रामीण परिवारों और 1.07 लाख शहरी परिवारों से एकत्र किए गए आंकड़ों पर आधारित है।सुब्रमण्यम ने कहा कि आंकड़ों से पता चलता है कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में खपत लगभग 2.5 गुना बढ़ गई है।उन्होंने कहा, इससे पता चलता है कि देश में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में प्रगति हो रही है।सुब्रमण्यम ने कहा कि सर्वेक्षण से यह भी पता चलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में खपत शहरी क्षेत्रों की तुलना में तेजी से बढ़ रही है, जिससे दोनों क्षेत्रों के बीच असमानताएं कम हो रही हैं।सर्वेक्षण में सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के लाभ को भी शामिल किया गया है, जिसने उन गरीब परिवारों की खपत में योगदान दिया है, जिन्हें अपने बच्चों के लिए मुफ्त खाद्यान्न और साइकिल और स्कूल यूनिफॉर्म जैसे सामान मिले हैं।सर्वेक्षण से पता चलता है कि 2011-12 में अंतर 84 प्रतिशत था और 2022-23 में घटकर 71 प्रतिशत हो गया है। 2004-05 में यह अंतर 91 प्रतिशत के अपने चरम पर था।एनएसएसओ सर्वेक्षण देश में ग्रामीण और शहरी दोनों परिवारों के कुल खर्च में अनाज और भोजन की खपत की हिस्सेदारी में उल्लेखनीय गिरावट का भी संकेत देता है।उन्होंने कहा, इसका मतलब है कि लोग अतिरिक्त आय के साथ समृद्ध हो रहे हैं। इस बढ़ी हुई समृद्धि के साथ वे भोजन के अलावा अन्य चीजों पर अधिक खर्च कर रहे हैं। यहां तक कि भोजन में भी, वे अधिक दूध पी रहे हैं, फल और अधिक सब्जियां खा रहे हैं।सुब्रमण्यम ने यह भी कहा सीपीआई मुद्रास्फीति में भोजन का योगदान कम होगा और शायद पहले के वर्षों में भी कम था। इसका मतलब है कि मुद्रास्फीति को बढ़ा-चढ़ाकर बताया जा रहा था और शायद कम है, क्योंकि मुद्रास्फीति में भोजन का प्रमुख योगदान रहा है।

## भगवंत मान ने भाजपा सांसद सनी देओल पर साधा निशाना

**पठानकोट, एजेंसी।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को गुरदासपुर से भाजपा सांसद सनी देओल पर निर्वाचन क्षेत्र से उनकी 'अनुपस्थिति को लेकर निशाना साधा और उन्हें याद दिलाया कि राजनीति का मतलब मतदाताओं की सेवा करना तथा उनके लिए चौबीसों घंटे उपलब्ध रहना है।

मान ने देओल पर कटाक्ष करते हुए कहा, 'यह नौ से पांच की नौकरी नहीं है। मुख्यमंत्री ने यहां एक सभा को संबोधित करते हुए पठानकोट जिले के विकास को गति देने की घोषणा की और कहा कि राज्य सरकार सीमावर्ती शहर को एक विशेष औद्योगिक तथा व्यापार पैकेज देने की व्यवहार्यता तलाशेगी। मान ने 'सरकार-व्यापार मिलनी कार्यक्रम के दौरान सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से पठानकोट हवाई अड्डे से दिल्ली के लिए उड़ानें शुरू करने का मुद्दा केंद्र सरकार के समक्ष उठाएंगे।

मुख्यमंत्री ने देओल पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि गुरदासपुर से निर्वाचित होने के बावजूद भाजपा सांसद को पठानकोट की बुनियादी स्थलाकृति की जानकारी नहीं है। मान ने कहा कि वह शर्त लगा सकते हैं कि देओल को पता नहीं होगा कि पठानकोट में धार कलां या चमरोड कहां स्थित है।

## संक्षिप्त समाचार

### जीत के साथ विश्वनाथन आनंद की विश्व टॉप 10 शतरंज खिलाड़ियों में वापसी



**हेमबर्ग , जर्मनी, एजेंसी।** भारत के महानतम शतरंज खिलाड़ी और पाँच बार के विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद नें 54 वर्ष की उम्र में एक बार फिर से अंतरराष्ट्रीय शतरंज में जोरदार वापसी की है । आनंद नें छह माह बाद कल क्लासिकल मुक़ाबला खेला , आनंद नें जर्मन शतरंज लीग , बुंदसलीगा में ओएसजी बडेन बडेन से खेलते हुए एससी ओटिघ्हेम से खेल रहे अजरबैजान के निजत अबासोव को पराजित किया , आनंद की यह जीत इसीलिए भी मायने रखती है क्यूंकी वह करीब छह माह से क्लासिकल शतरंज नहीं खेल रहे है जबकि अबासोव फीडे कैंडिडैट में जगह बनाने वाले दुनिया के 8 खिलाड़ियों में से एक है । सफ़ेद मोहरो से खेल रहे आनंद नें इस मुक़ाबले में सिसिलियन ओपनिंग में शानदार एंडगेम दिखाया और 47 चालों में शानदार जीत दर्ज की । इस जीत से आनंद विश्व शतरंज रैंकिंग में 2 स्थान के सुधार के साथ 2751.5 अंको से दसवें स्थान पर पहुँच गए है ।

### शुभमन गिल की पारी देख फिदा हुई इंग्लैंड की महिला क्रिकेटर, इंस्टाग्राम पोस्ट पर किया खास कमेंट



**रांची, एजेंसी।** भारतीय टीम ने सोमवार को इंग्लैंड को रांची टेस्ट में मात देकर सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। रांची टेस्ट के चौथे दिन इंग्लैंड ने मैच में वापसी की पूरी कोशिश की लेकिन युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने संयम भरी खेली। उन्होंने ध्रुव जुरेल के साथ अहम साझेदारी करते हुए टीम की जीत तय की। गिल ने दूसरी पारी में 52 रन बनाए। गिल को इस पारी के लिए हर ओर से तारीफें मिल रही है। तारीफ करने वालों में इंग्लैंड की महिला क्रिकेटर भी शामिल हैं।

#### डैनियाल व्याट ने किया कमेंट

गिल ने मैच खत्म होने के बाद इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की। उन्होंने कैप्शन में राहुल द्रविड़ की कही बात लिखी। उन्होंने लिखा, 'तुम नहीं तो कौन, अब नहीं तो कब'। इस पोस्ट पर कई सेलिब्रिटी ने रिएक्शन दिए। इसमें इंग्लैंड की बल्लेबाज डैनियाल व्याट का कमेंट भी शामिल हैं। व्याट ने लिखा, 'शानदार बैटिंग।' इस कमेंट को 350 से भी ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं।

### अशोक गहलोत के बेटे ने छोड़ा राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन का अध्यक्ष पद



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत ने सोमवार को राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें निशाना बनाकर आरसीए में 'अविश्वास का माहौल' बनाने का प्रयास किया जा रहा है। वैभव गहलोत ने अपने त्यागपत्र में लिखा कि राजस्थान में सरकार बदलने के बाद आरसीए के खिलाफ 'दुर्भावनापूर्ण इरादे' से काम किया जा रहा है।

#### अविश्वास का माहौल बनाने की कोशिश-वैभव गहलोत

उन्होंने कहा, 'अब मुझे निशाना बनाकर आरसीए में अविश्वास का माहौल बनाने की कोशिश शुरू कर दी गई है। इससे राज्य में क्रिकेट का सकारात्मक माहौल खराब होने की आशंका है। ऐसे में यह मेरे लिए असहनीय है कि राज्य में आईपीएल मैचों पर कोई संकट आए या क्रिकेट को नुकसान हो, इसलिए राज्य के क्रिकेट और क्रिकेट खिलाड़ियों को इस स्थिति से बचाने के लिए मैं स्वेच्छा से आरसीए के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रहा हूं। यह घटनाक्रम राजस्थान खेल परिषद द्वारा सवाई मान सिंह स्टेडियम, जिसमें आरसीए कार्यालय है, पर कब्ज़ा करने की पृष्ठभूमि में आया है। इसमें आरसीए पर बकाया भुगतान सहित अपनी देनदारियों को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया गया है।

इंडिया वर्सेस इंग्लैंड

# भारत ने बैजबॉल को चटाई धूल

# इंग्लैंड 2 साल बाद हारा टेस्ट सीरीज





#### यशस्वी, सरफराज और जुरेल जैसे युवाओं का उदय

विराट कोहली जैसा दिग्गज खिलाड़ी सीरीज में नहीं खेला। केएल राहुल पहले टेस्ट के बाद चोट के कारण नहीं खेले। चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे जैसे खिलाड़ी पहले ही बाहर हैं। इसके बाद भी भारतीय टीम ने घुटने नहीं टेके। इस सीरीज को यशस्वी जायसवाल, सरफराज खान और ध्रुव जुरेल जैसे युवा खिलाड़ियों की वजह से याद किया जाएगा। तीनों खिलाड़ियों ने छाप छोड़ी है।

**रांची, एजेंसी।** भारत ने सोमवार, 26 फरवरी को रांची टेस्ट में इंग्लैंड को हराकर पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 3-1 से अजेय बढ़त बना ली। बैजबॉल युग यानी बेन स्टोक्स के कप्तान और ब्रेंडन मैकुलम के कोच बनने के बाद इंग्लैंड की टीम पहली बार टेस्ट सीरीज हारी है। पिछले 2 साल से इंग्लैंड की टीम कोई टेस्ट सीरीज नहीं हारी थी।

टीम 6 में से 4 सीरीज वह जीती थी। 7वीं सीरीज में उसे हार का सामना करना पड़ा। मार्च 2022 में वेस्टइंडीज दौरे पर इंग्लैंड की टीम 3 मैचों की सीरीज 1-0 से हारी थी। इसके बाद जो रूट कप्तानी से हटे थे। बेन स्टोक्स को कप्तान बनाया गया था। ब्रेंडन मैकुलम कोच बने थे। इसके बाद बैजबॉल युग की शुरुआत हुई। इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका, पाकिस्तान और आयरलैंड को सीरीज में हराया। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज ड्रॉ कराया, लेकिन भारत से पार नहीं पा सका।

#### भारत के लिए आसान नहीं थी चुनौती

रांची टेस्ट से पहले भारतीय टीम सीरीज में 2-1 से आगे थी। हैदराबाद में पहला टेस्ट हारने के बाद उसने शानदार वापसी की।

विशाखापत्तनम और राजकोट टेस्ट में जीत हासिल की। इसके बाद रांची टेस्ट के साथ-साथ सीरीज अपने नाम किया। भारत टीम भले ही घरेलू सरजमीं पर यह टेस्ट सीरीज खेल रही थी, लेकिन उसके लिए चुनौती आसान नहीं थी।

#### रांची टेस्ट के तीसरे दिन मोमेंटम हुआ शिफ्ट

रांची टेस्ट में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। इंग्लैंड ने जो रूट के शतक की मदद से 353 रन बनाए। इसके जवाब में भारतीय टीम ने 307 रन बनाए। इंग्लैंड को पहली पारी के आधार पर 46 रन की बढ़त मिली थी। इंग्लैंड की टीम के पास पहले 2 दिन बढ़त थी। तीसरे दिन भारत ने पकड़ बनाई और कुछ ही समय में मैच उसकी ओर खिसक गया।

इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में 145 रन पर सिमट गई। इसके बाद वापसी नहीं कर पाई। सीरीज का 5वां टेस्ट मैच धर्मशाला में 7 मार्च से खेला जाएगा।

## ब्रेक पर जाने के बाद विराट ने पहली बार क्रिकेट पर किया ट्वीट, युवा खिलाड़ियों को यूं दी बधाई



**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भारत की जीत को शानदार बताते हुए 'युवा ' टीम के धैर्य, दृढता और लचीलेपन की तारीफ की। भारत ने रांची में चौथे टेस्ट में इंग्लैंड को पांच विकेट से हराकर सीरीज में 3-1 की विजयी बढत बना ली। विराट समेत कई प्रमुख खिलाड़ी अन्य-अन्य वजहों से टीम का हिस्सा नहीं हैं। इसके बाद भी भारत ने अंग्रेजों को धूल चटा दी। टेस्ट सीरीज से निजी कारणों से बाहर होने के बाद क्रिकेट पर अपने पहले ट्वीट में कोहली ने कहा, 'यस, हमारी युवा टीम की शानदार जीत। धैर्य, दृढ़ता और लचीलापन दिखाया।'

#### सचिन ने भी युवाओं को सराहा

महान सचिन तेंदुलकर भी भारतीय टीम की जीत से काफी खुश नजर आए। उन्होंने टीम की जीत पर एक्स पर लिखा, 'भारत ने एक बार फिर दबाव के हालात से निकलकर वापसी की और मैच जीता। इससे हमारे खिलाड़ियों की मानसिक ताकत का पता चलता है।

आकाश दीप ने टेस्ट क्रिकेट में शानदार पहला स्पेल डाला। ध्रुव जुरेल ने दोनों पारियों में गेंद की लेंग्थ को बखूबी भांपा और उसका फुटवर्क बेहतरीन था। पहली पारी में कुलदीप यादव के साथ उसकी साझेदारी अहम थी। दूसरी पारी में कुलदीप का स्पेल महत्वपूर्ण था।

## ध्रुव जुरेल की बैटिंग देख भावुक हुए रिंकू सिंह

### सोशल मीडिया पर दोस्त के लिए बरसाया प्यार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** रांची टेस्ट मैच में भारतीय टीम ने इंग्लैंड पर अपना शिकंजा कस लिया है। टीम इंडिया के लिए पहली पारी में विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेली थी। ध्रुव की इस दमदार पारी के बदौलत ही इंग्लैंड को सिर्फ 46 रनों की बढ़त मिल पाई। ध्रुव टेस्ट में अपने पहले शतक से चूक गए। वह 90 रनों की पारी खेलकर आउट हुए थे। भारतीय टीम के लिए उनकी इस जुझारू पारी की हर तरफ तारीफ हो रही है। वहीं अब टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ी रिंकू सिंह ने भी ध्रुव जुरेल की जमकर तारीफ की है। रिंकू ने जुरेल के साथ एक पुरानी तस्वीर साझा करते हुए लिखा, मेरे भाई, सपने साकार करने का समय आ गया है। बता दें कि दोनों क्रिकेटर घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश के लिए खेलते हैं और इससे पहले जुरेल ने बताया था कि रिंकू उनके साथी खिलाड़ी हैं।

#### ध्रुव ने भारत की पारी को 307 रन तक पहुंचाया

ध्रुव जुरेल ने रविवार को रांची में चौथे टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड को 46 रन से आगे निकलने के लिए 90 रन बनाए, लेकिन अंत में इंग्लैंड ने भारत को 307 रनों पर समेट दिया। तीसरे दिन की सुबह 219-7 के स्कोर पर बल्लेबाजी शुरू करने वाले जुरेल ने कुलदीप यादव के साथ आठवें विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी की, जिससे इंग्लैंड को निराशा हुई, जिन्होंने अपनी पहली पारी में 353 रन बनाए थे। जेम्स एंडरसन ने इस साझेदारी को तोड़ा, जब कुलदीप 28 रन पर आउट हो गए। कुलदीप का विकेट जेम्स एंडरसन का 698वां टेस्ट विकेट था। अब उन्हें 700 टेस्ट विकेट लेने वाले सिर्फ तीसरे गेंदबाज बनने के लिए सिर्फ 2 विकेट की जरूरत है। उनसे पहले श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन (800) और ऑस्ट्रेलिया के महान शेन वॉर्न (708) हैं। जुरेल, जिन्होंने तीसरे टेस्ट में राजकोट में डेब्यू किया था, ने 149 गेंदों में 6 चौके और 4 छक्के लगाए और अपना पहला टेस्ट अर्धशतक पूरा किया। अनुभवी विराट कोहली और केएल राहुल की अनुपस्थिति में भारत के लिए चमकने वाला यह नए प्रतिभाशाली खिलाड़ी बनकर उभरे हैं।



## सुरेश रैना ने की ध्रुव जुरेल की तारीफ

### बोले- वह अद्भुत है, मैं उसके साथ खेला हूं

**रांची, एजेंसी।** रांची टेस्ट मैच की पहली पारी में भारत के लिए शानदार बल्लेबाजी करते हुए 90 रन बनाने वाले ध्रुव जुरेल की हर कोई तारीफ कर रहा है। ध्रुव जुरेल ने उस समय पर टीम के लिए रन बनाए, जब टीम मुश्किल में थी। पिछले टेस्ट मैच में उन्होंने डेब्यू किया था और वहां तेज गति से रन बनाए थे, लेकिन यहां उन्होंने परिस्थितियों के हिसाब से खेला और 90 रन बनाने में सफल हुए। इसी को लेकर पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने उनकी तारीफ की है। रैना ने रोहित शर्मा को लेकर भी कहा है कि ध्रुव जुरेल को मौका देने के लिए उनकी सराहना भी होनी चाहिए। बाएं हाथ के बल्लेबाज सुरेश रैना ने बात करते हुए कहा, जुरेल अद्भुत रहा है। मैंने यूपी के लिए उनके साथ कुछ मैच खेले हैं, उन्हें टीम का हिस्सा बनाने का श्रेय रोहित शर्मा को भी जाता है। उनकी विकेटकीपिंग से भी मैं बहुत प्रभावित हूं। एक आर्मी परिवार से आने के कारण उनका रवैया निडर है। जुरेल को जब भी मौका मिलता था, वे बड़े शॉट खेलते थे और जब आखिर में वे अकेले बचे तो उन्होंने तेज गति से कुछ रन बनाए, लेकिन टॉम हार्टली की एक खतरनाक नीची रहती हुई गेंद पर वे क्लीन बोल्ड हो गए, अन्यथा उनका शतक बन सकता था।





## प्रमोद भगत ने स्वर्ण जीता, लिन डैन के 5 खिताबों के रिकॉर्ड की बराबरी की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पैरा-बैडमिंटन के सबसे लंबे फाइनल में, टोक्यो पैरालंपिक खेलों के स्वर्ण पदक विजेता प्रमोद भगत ने एसएल3 श्रेणी में इंग्लैंड के डैनियल बेथेल को हराकर थाईलैंड में एनएसडीएफ रॉयल बीच क्लिफ बीडब्ल्यूएफ पैरा-बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप 2024 में अपना स्वर्ण बरकरार रखा। इस जीत से पद्मश्री पुरस्कार विजेता भगत ने कई रिकॉर्ड तोड़ दिए।

इसने न केवल उन्हें बीडब्ल्यूएफ पैरा-बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में लगातार तीन स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले पैरा-एथलीट बनाया, बल्कि विश्व चैंपियनशिप में चीन के महान लिन डैन के पांच खिताबों के रिकॉर्ड की बराबरी भी की। उन्होंने 2009, 2015, 2019, 2022 और 2024 में स्वर्ण पदक जीता है। इन तीन पदकों से उनकी संख्या 14 हो गई है जिसमें सभी श्रेणियों में छह स्वर्ण, तीन रजत और पांच कांस्य पदक शामिल हैं। प्रमोद भगत और डेनियल बेथेल की प्रतिद्वंद्विता जगजाहिर है और यह मैच बिल्कुल वैसा ही साबित हुआ। 1 घंटे 40 मिनट तक चला यह मैच काफी लंबा और कड़ा था और किसी भी पक्ष में जा सकता था। प्रमोद भगत ने खेल की बहुत अच्छी शुरुआत की और लगातार पांच अंक जीतकर अच्छी बढ़त बना ली। लेकिन बेथेल ने जोरदार वापसी करते हुए पहला गेम 21-14 से जीत लिया।

दूसरे गेम की शुरुआत भी उसी आक्रामक अंदाज में हुई, लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा, लंबी रैलियां हुईं और दोनों खिलाड़ियों को कोई ओपनिंग नहीं मिल सकी और उनका डिफेंस शानदार था। किसी तरह भगत ने बेथेल की गलतियों के कारण दूसरा गेम 21-15 से जीत लिया। मैच बराबरी पर होने के साथ, भगत ने बेथेल को भ्रमित करने के लिए निर्णायक गेम में एक बार फिर अपनी रणनीति बदल दी, जिससे उन्हें बढ़त मिल गई और उन्होंने 21-14 से लगातार तीसरी विश्व चैंपियनशिप जीत ली।

स्वर्ण के अलावा, भगत ने सुकांत कदम के साथ पुरुष युगल में कांस्य और मनीषा रामदास के साथ मिश्रित युगल में कांस्य भी जीता। उसी पर टिप्पणी करते हुए, भगत ने कहा, यह जीत विभिन्न कारणों से मेरे दिल में एक बहुत ही विशेष स्थान रखती है। पहला यह कि मैं अपने आदर्श लिन डैन के 5 विश्व चैंपियनशिप के रिकॉर्ड की बराबरी करने में कामयाब रहा हूं और दूसरा यह कि मैं लगातार तीन बार इसे बरकरार रखने में सक्षम रहा हूं। उन्होंने आगे कहा, बेथेल के साथ यह मैच मानसिक और शारीरिक रूप से मेरे लिए सबसे कठिन होगा। मैं पिछले कुछ महीनों से बेथेल के खिलाफ अच्छा नहीं खेल रहा हूं और यह मेरे लिए संदेह करने वालों को गलत साबित करने का समय था। मैच थका देने वाला था और बेथेल ने शानदार खेल दिखाया लेकिन किसी तरह मैं जीत हासिल करने में सफल रहा।

दूसरी ओर, सुकांत कदम ने भी प्रमोद भगत के साथ पुरुष एकल और पुरुष युगल में कांस्य पदक हासिल किया। अन्य परिणामों में, सुहास यतिराज ने इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान को हराकर एसएल4 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने सीधे गेमों में 21-18, 21-18 से जीत हासिल की, भारत के कृष्णा नागर ने एसएल6 वर्ग में चीन के लिन नेली को करीबी मुकाबले में 22-20, 22-20 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। पुरुष युगल एसयू 5 वर्ग में चिराग बरेठा और राज कुमार मलेशिया के मुहम्मद फ़रीज़ अनुआर और चीह लीक होउ से लड़ते हुए हार गए।

## माइकल वॉन ने डीआरएस विवाद को खत्म करने के लिए बताया अनोखा तरीका



**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने डीआरएस विवाद को खत्म करने का अजीबो-गरीब तरीका बताया है। उनका कहना है कि जिस रूम से डीआरएस के फैसले लिए जाते हैं वहां पर कैमरा और माइक्रोफोन चिपका दिए जाएं ताकि जब फैसला हो रहा हो तो सबको पता चल सके कि उस रूम में क्या हो रहा है।

वॉन ने यह बात भारत और इंग्लैंड के बीच जारी टेस्ट सीरीज में हो रही डीआरएस कॉन्ट्रोवर्सी के बीच कही। इस टेस्ट सीरीज में कई फैसले अंपायर्स कॉल पर रहे हैं जो भारत और इंग्लैंड दोनों ही टीमों के लिए काल बना है। इसके अलावा कई फैसले ऐसे थे जिसे देखने के बाद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान खुश नहीं थे। राजकोट टेस्ट में जैक क्रॉली के विकेट पर विवाद हुआ था, वहीं रांची में जारी चौथे टेस्ट में जो रूट के डिसमिसल पर इंग्लैंड का रोना जारी है। इंग्लैंड की दूसरी पारी में जो रूट का शिकार आर अश्विन ने किया। राउंड द विकेट गेंदबाजी करते हुए अश्विन ने रूट को अपने जाल में फंसाया था. मैदान पर मौजूद अंपायर ने तो रूट को आउट नहीं दिया, मगर भारत ने उनके फैसले को चैलेंज देते हुए डीआरएस का इस्तेमाल किया। थर्ड अंपायर ने पाया कि गेंद कि पिच, इंपैक्ट और विकेट तीनों पर रेड हैं तो उन्होंने रूट को आउट करार दिया। हालांकि इंग्लिश क्रिकेट पंडित और फैंस ने बॉल ट्रैकिंग पर सवाल उठाए कि जब गेंद पिच हो रही थी तो वह लाइन के बाहर थी। रूट ने भी उस समय सवाल नहीं उठाए, मगर वह ड्रेसिंग रूम में पहुंचने के बाद जरूर इसे रिचैक कर रहे थे। वॉन ने एक्स पर इस फैसले को हैरान कर देने वाला बताया था हालांकि कुछ देर बाद ही उन्होंने अपना यह पोस्ट डिलीट कर दिया।

माइकल वॉन ने अब टेलिग्राफ के अपने कॉलम में लिखा, सोशल मीडिया पर केवल एक नजर डालने से पता चलता है कि बहुत से लोग इस पर भरोसा नहीं करते हैं। कुछ टीमों के पक्ष या विपक्ष में लिए जाने वाले निर्णयों को लेकर बहुत गुस्सा और संदेह है। मेजबान प्रसारकों और ट्रक (रूम) में कौन है, इसके बारे में संदेह है ऐसा इसके बावजूद है कि टेकनोलॉजी बनाने वाली कंपनियां वास्तव में मेजबान प्रसारक के समान देश से नहीं हैं। उदाहरण के लिए, हॉक-आई यूके की एक कंपनी है लेकिन इस सीरीज में इसका उपयोग किया जा रहा है। उन्हें सिर्फ मेजबान प्रसारक द्वारा लाया गया है।

उन्होंने आगे लिखा, तो यहां पारदर्शिता और जवाबदेही को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए एक सरल समाधान है। ट्रक (रूम) में एक कैमरा और माइक्रोफोन चिपका दें ताकि जब कोई निर्णय लिया जा रहा हो, तो हम सभी जान पाएं कि वास्तव में क्या हो रहा है और इसमें कितने लोग शामिल हैं।

# मुंबई इंडियंस ने गुजरात जायंट्स को 5 विकेट से हराया

#### महिला प्रीमियर लीग 2024

**बेंगलुरु, एजेंसी।** यहां के एम.चिन्नास्वामी स्टेडियम में रविवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 के दूसरे गेम में अमेलिया केर (4-17 और 31) के शानदार हरफनमौला प्रदर्शन और मध्यम गति की गेंदबाज शबनीम इस्माइल (3-18) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत मुंबई इंडियंस महिलाओं ने गुजरात जाइंट्स महिलाओं को 11 गेंद रहते पांच विकेट से हरा दिया।

पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला करते हुए मुंबई इंडियंस को पहले ओवर में ही सफलता मिल गई, क्योंकि शबनीम इस्माइल ने शुरुआती ओवर की चौथी गेंद पर अनुभवी वेदा कृष्णमूर्ति को शून्य पर फंसा दिया। गुजरात जायंट्स नियमित अंतराल पर विकेट खोता रहा और अपने निर्धारित 20 ओवरों में केवल 126/9 ही बना सका। गुजरात के लिए तनुजा कंवर (28), कैथरीन ब्राइस (नाबाद 25) और कप्तान बेथ मूनी (24) मुख्य स्कोरर रहे। केर ने ऑफ-स्टंप के बाहर एक गाजर के साथ एशले गार्डनर को 19 रन पर आउट कर दिया। इवेंट में अपना दूसरा मैच जीतने के लिए 127 रनों का पीछा करते हुए गत चैंपियन मुंबई इंडियंस, जिसने शुरुआती रात में दिल्ली कैपिटल के खिलाफ रोमांचक जीत के साथ की शुरुआत की, कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाबाद 46 और केर के 25 गेंदों में 31 रनों की पारी खेली। स्कोर 8.1 ओवर में 129/5 पर पहुंच गया। यह मुंबई इंडियंस पर एक आरामदायक जीत थी, हालांकि उन्हें शुरुआत में कुछ चिंताजनक क्षणों का सामना करना पड़ा और सलामी बल्लेबाजों यास्तिका भाटिया और हेले मैथ्यूज को सात विकेट पर गंवाकर 21/2 पर खिसक गए।





आठवें ओवर में स्कोर 49/3 था जब नेट साइवर-ब्रंट (22) एक बहुत ही कड़े सिंगल के चक्कर में रन आउट हो गए। हरमनप्रीत और अमेलिया केर ने चौथे विकेट की साझेदारी के लिए 66 रन बनाकर टीम को जीत की ओर अग्रसर किया।संक्षिप्त स्कोर ःगुजरात जायंट्स 20 ओवर में 126/9 (तनुजा कंवर 28, अमेलिया केर 4-17, शबनीम इस्माइल 3-18) 18.1 ओवर में मुंबई इंडियंस से 129/5 से हार गए (हरमनप्रीत कौर 46 नाबाद, अमेलिया केर 31; तनुजा कंवर 2-) 21) पांच विकेट से।

## एक नजर

### अरपीएफ में सिपाही व दारोगा के 4660 पदों पर होगी बहाली

**पटना (नि.सं.)**। रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) में 4206 सिपाही और 452 उप निरीक्षक (दारोगा) की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। कुल 4660 पदों पर बहाली के लिए योग्य उम्मीदवार आरआरबी की वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया 15 अप्रैल से शुरू होगी। 14 मई तक आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार पदों के विवरण से जुड़ी पूरी जानकारी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है। सिपाही पद के लिए आवेदन के इच्छुक अभ्यर्थी को किसी मान्यता प्राप्त संस्थान या बोर्ड से 10वीं पास होना जरुरी है। वहीं एसआई के पद पर आवेदन के लिए किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक होना अनिवार्य है। उम्मीदवार की आयु भी 18 से 28 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आवश्यकतानुसार आयुसीमा में छूट प्रदान की जायेगी। कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) लिखित परीक्षा व स्टेज-2 में शारीरिक दक्षता परीक्षण (पीईटी) और शारीरिक माप परीक्षण (पीएमटी) से गुजरना होगा। सीबीटी स्कोर के आधार पर रिक्तियों के 10 गुना उम्मीदवारों को शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा।

### आपरेशन क्लीन के तहत गिरफ्तार किए गए चार बदमाश

**पटना (नि.सं.)**। रेल पुलिस पटना ने ऑपरेशन क्लीन के तहत चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। अलग-अलग तीन स्टेशनों पर बीते दो दिनों में कार्रवाई कर आरोपितों को दबोचा गया। उनके पास से चोरी के एक लैपटॉप और चार मोबाइल फोन सहित करीब एक लाख 35 हजार मूल्य का सामान बरामद किया गया। वहीं, इस दौरान शराब तस्करी में भी दो तस्करों को पकड़ा गया। रेल अधिकारी ने बताया कि अपराधों की रोकथाम और आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पटना रेल पुलिस द्वारा आपरेशन क्लीन चलाया जा रहा है। रेल पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर 24 से 25 फरवरी को विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान पटना जंक्शन पर एक, गया में दो और बक्सर रेल पुलिस ने एक (कुल चार) बदमाशों को गिरफ्तार किया। उधर रेल पुलिस ने शराब तस्करों के खिलाफ भी कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान दो दिनों में पटना जंक्शन से दो शराब तस्कर दबोचे गए। वहीं, पटना सहित मोकामा, बाढ़ रेल पीपी द्वारा 88.185 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई।

### वोट का महत्व समझाएंगी पांच लाख जीविका दीदियां

**पटना (नि.सं.)**। पटना जिले में मतदान के महत्व को जीविका दीदियां बताएंगी। इसके लिए पांच लाख जीविका दीदियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जीविका से जुडे 41 हजार से अधिक सेल्फ हेल्प ग्रुप और 2725 ग्राम संगठन इकाई को भी सक्रिय किया गया है। इस कार्ययोजना के लिए प्रशासन ने 54 कलस्टर में विभक्त किया गया है ताकि लोगों को जागरूक करने में सहूलियत हो। मतदाता जागरूकता का काम जीविका दीदियों द्वारा शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि इसके अच्छे परिणाम भी आने लगे हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में पटना साहिब संसदीय क्षेत्र में 45.67 प्रतिशत तथा पाटलिपुत्र संसदीय क्षोत्र में 55.93 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस बार जिला प्रशासन पटना साहिब लोकसभा संसदीय क्षेत्र में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए प्रत्येक सेक्टर के अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। इसी कडी में जीविका दीदी भी एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

### आईएससी रसायन शास्त्र विषय की परीक्षा स्थगित, अब 21 को होगी

**पटना (नि.सं.)**। काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) ने सोमवार को रसायन शास्त्र की परीक्षा को स्थगित कर दिया। आईएससी (12वीं) के लिए 26 फरवरी को रसायन शास्त्र की परीक्षा होने वाली थी। इसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया। अब यह परीक्षा 21 मार्च को दोपहर दो बजे होगी। सीआईएससीई ने इस संबंध में वेबसाइट cisce.org पर नोटिस जारी कर दिया है। परीक्षा 12 फरवरी से शुरू है जो तीन अप्रैल तक चलेगी। गौरतलब है कि शहर में बोर्ड की ओर से छह परीक्षा केंद्र सेंट जोसेफ कॉन्वेंट, सेंट जेवियर हाई स्कूल, कार्मेल हाई स्कूल, डॉन बॉस्को एकेडमी और लोहिला नगर माउंट कार्मेल हाई स्कूल में बनाये गए हैं।

# प्रधानमंत्री दो मार्च को आयेंगे औरंगाबाद रतनुआ में करेंगे जनसभा को संबोधित

कार्यालय संवाददाता



औरंगाबाद। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो मार्च को औरंगाबाद आयेंगे। इसके लिए जगह का भी चयन हो गया है। रतनुआ गांव के 20 एकड़ मैदान में मोदी की सभा होगी। 9 वर्षो के बाद दूसरी बार प्रधानमंत्री औरंगाबाद आ रहे है। इससे पहले प्रधानमंत्री 2015 में विधानसभा चुनाव के दौरान बियाडा कैंपस के पास स्थित सीआरपीएफ कैंपस की जमीन पर आए थे। बीजेपी कार्यकर्ता का मोदी के सभा में 3 लाख लोगो के आने का अनुमान है।

इसकी जानकारी जिलापदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने दी है। जिला प्रशासन ने जोरो से तैयारी शुरू कर दी है। सोमवार को डीएम श्रीकांत शास्त्री, एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम सहित अन्य अधिकारी चयनित स्थल पर पहुंचकर जायजा लेते हुए सुरक्षा से संबंधित कई दिशा निर्देश दिए। सभा स्थल पर सुरक्षा बलों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। इधर पीएम की सभा को लेकर जिले की राजनीतिक सरगर्मी भी बढ़ गई है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा-2.0 के बिहार फेज-1 और 2 में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा उतर तथा दक्षिण बिहार की यात्रा से की गई चुनावी फिल्डिंग और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा औरंगाबाद से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को एक साथ लोकसभा-विधानसभा चुनाव कराने की दी गई चुनौती से बनी राजनीतिक परिस्थितियों से निपटने का एनडीए ने गेम प्लान कर लिया है। इसी चुनावी गेम प्लान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के दौरे पर आने वाले है। एनडीए की पुनः बिहार में सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री का राज्य का यह पहला दौरा है।

## पीएम ने अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन, रफीगंज स्टेशन एवं गुरारू स्टेशन का वर्चुअल मोड में किया शिलान्यास

- **रफीगंज स्टेशन पर 14 से 15 करोड़ रुपए से स्टेशन का होगा आधुनिकीकरण।**

कार्यालय संवाददाता




**औरंगाबाद**। देश के 75 वें स्वतंत्रता वर्ष के उपलक्ष्य में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1100 स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा एवं स्टेशन के आधुनिकीकरण के कार्य का शिलान्यास किया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के तहत औरंगाबाद लोकसभा के अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन, रफीगंज स्टेशन एवं गुरारू स्टेशन के विकास एवं यात्री सुविधा का शिलान्यास वर्चुअल मोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में रफीगंज स्टेशन पर मौजूद औरंगाबाद के सांसद सुशील कुमार सिंह ने बताया कि अकेले रफीगंज स्टेशन पर 14 से 15 करोड़ रुपए से स्टेशन के आधुनिकीकरण एवं यात्री सुविधा का कार्य हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार पर मेहरबान हैं। यही कारण है कि यहां 91 हजार करोड़ रुपए की लागत से 3224 रेल परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है और इस वर्ष के बजट में भी साढ़े दस हजार करोड़ रुपया बिहार के लिए अलग से दिया।

## मस्जिद मार्केट में आग लगने से लगभग करोड़ों रुपए के समान जलकर खाक



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद**। नावाडीह मोड़ स्थित मस्जिद मार्केट में अचानक आग लग गई जिसकी चपेट में मार्केट की 6 दुकानें आ गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कोई कुछ कर पाता तब तक इन दुकानों का सारा सामान जलकर खाक हो चुका था।इस अगलगी की घटना में करोड़ों रुपए के जलने का अनुमान लगाया जा रहा है।

बताया जाता है कि आग पहले नीचे के बैग दुकान में लगी जो देखते देखते भभक उठी और उसकी जद में अगल बगल के दुकान भी आ गए। आग की लपटें इतनी तेज थी कि ऊपर की आर्चीज गैलरी भी उसकी चपेट में आ गई। घटना की सूचना मिलते ही नगर थानाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और चार दमकल की गाड़ियों से आग पर काबू पाने की कोशिश की ।लेकिन कोई सफलता नहीं मिल पाई और सारा सामान जलकर राख हो गया।

## एसपी ने किया उपहारा थाना अध्यक्ष को निलंबित

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद**। थानेदार पत्नी की सरकारी गाड़ी से पति का घूमना और लोगों पर धौंस जमाकर पैसों की अवैध उगाही करना बिहार में एक पुलिसवाली को खासा महंगा पड़ गया। पति की करतूत का खामियाजा थानाध्यक्ष पत्नी को भुगतना पड़ गया। एसपी ने इस मामले में फौरन कार्रवाई की साथ ही महिला थानाध्यक्ष को न सिर्फ निलंबित कर दिया है बल्कि उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की शुरुआत भी कर दी गई है। पूरा मामला औरंगाबाद जिला से जुड़ा है। उपहारा थाना में पदस्थापित थानाध्यक्ष किरण कुमारी को सस्पेंड कर दिया गया है। उनके पति विजेन्द्र कुमार अक्सर थाने की गाड़ी पर सवार होकर इलाके में निकल जाते थे और सड़क से गुजरने वालों पर रौब गांठकर उनसे पैसों की अवैध वसूली करते थे। विगत 19 फरवरी को भी थानाध्यक्ष के पति विजेंद्र कुमार ने कुछ ऐसा ही किया। थाने की गाड़ी पर सवार होकर चल पड़े अपने मिशन पर लेकिन उन्हें क्या पता था कि उनकी इस करतूत का आज भंडाफोड़ हो जायेगा। थाना क्षेत्र के बेला गांव के पास आदतन अपने उद्देश्य को अंजाम दे रहे विजेंद्र की इस कारस्तानी का ग्रामीणों ने विरोध कर दिया और जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों के इस विरोध प्रदर्शन का वीडियो किसी ने बना लिया और फिर सोशल मीडिया पर उसे वायरल कर दिया। वायरल वीडियो पर संज्ञान लेते हुए जिले की एसपी स्वप्ना जी मेश्राम ने इसकी जांच का जिम्मा डीएसपी मुख्यालय नभ वैभव को सौंपा और जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का उन्हें निर्देश दिया, जिसके बाद डीएसपी मुख्यालय ने बेला पहुंचकर इस पूरे मामले की जांच की, साथ ही उपहार थानाध्यक्ष किरण कुमारी से भी वार्ता की। जांच में आरोप सही पाया गया जिसकी रिपोर्ट डीएसपी ने एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम को सौंप दी। प्राप्त रिर्पोट के आधार पर एसपी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष किरण कुमारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया और डीआईयू शाखा में पदस्थापित मनेश कुमार को उपहारा थाना का नए थानाध्यक्ष के रूप में प्रतिनियुक्त कर दिया। इतना ही नहीं एसपी ने निलंबित थानाध्यक्ष की इस लापरवाही को बड़ी अनदेखी मानते हुए उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा भी कर दी है।

## ट्रेनों के ठहराव होने से सभी लोगों को यात्रा करने में काफी होगी सुविधा

- **जाखिम, फेसर और रफीगंज स्टेशन स्टेशन पर विभिन्न ट्रेन का ठहराव करवाया गया है।**

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद**। बीजेपी सांसद सुशील कुमार सिंह के प्रयास से लोकसभा क्षेत्र के जाखिम, फेसर और रफीगंज स्टेशन स्टेशन पर विभिन्न ट्रेन का ठहराव करवाया गया है। जाखिम स्टेशन पर ट्रेन नम्बर 13151/52 (जम्मू-तवी-कोलकत्ता एक्सप्रेस)एवं 13009/10 (दून एक्सप्रेस) फेसर स्टेशन पर 13151/52 (जम्मू-तवी-कोलकत्ता एक्सप्रेस) रफीगंज स्टेशन पर 12307/08 (हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस) का स्वीकृति मिल गया है।इस ट्रेन के ठहराव होने पर सांसद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव को धन्यवाद और आभार व्यक्त किया है। सांसद इन तीनों स्टेशनों पर सभी ट्रेनों को शीघ्र ही हरि झंडी दिखाकर ट्रेन को स्टेशन से रवाना करेंगे,बताते चले कि सांसद के प्रयास से लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं और कई महत्वपूर्ण ट्रेन का पूर्व में भी ठहराव करवाया गया है इन सभी ट्रेनों के ठहराव होने से सभी लोगों को यात्रा करने में काफी सुविधा होगी।

## अधिवक्ता गणेशी प्रसाद की 7वीं पुण्यतिथि मनी



निज संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)**। जिला विधिज्ञ संघ, औरंगाबाद में वरीय अधिवक्ता पूर्व स्पेशल पीपी स्व. गणेशी प्रसाद की सातवीं पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय ने की जबकि संचालन महासचिव जगनरायण सिंह ने किया। कार्यक्रम के आरंभ में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर वरीय अधिवक्ता परशुराम सिंह, योगेश किशोर पांडेय, यमुना प्रसाद सिंह, सुदर्शन यादव, उदय नारायण प्रसाद, कमलेश कुमार, बृजा प्रसाद, सतीश कुमार स्नेही, मंतोष कुमार, अवधेश पासवान, अनिल कुमार सिंह, नागेंद्र सिंह, रामनरेश प्रसाद, मिथिलेश कुमार, राकेश उर्फ मुन्ना, राधेश्याम प्रसाद, चंद्रशेखर कुमार, सुरेंद्र प्रसाद, ज्योति कुमारी एवं साकेत कुमार सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## पीएम के कार्यक्रम को सफल बनाने को ले भाजपा ने की बैठक

निजसंवाददाता

**गोह(औरंगाबाद)**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2 मार्च को औरंगाबाद में होनेवाली जनसभा में भारी जन भागीदारी और पीएम के भव्य स्वागत की तैयारी को लेकर भाजपा के गोह स्थित कायालय में सोमवार को एक बैठक हुई 1 बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उमेश पासवान ने की जबकि संचालन महामंत्री बिक्कू त्रिपाठी ने किया। बैठक में ज़िला प्रवक्ता सुनील शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में भाग लेने के लिए बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह और उमंग का वातावरण है। इसलिए उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए पार्टी के नेता-कार्यकर्ता औरंगाबाद में दो मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकर्म की सूचना घर घर जाकर देने कार्य पार्टी का कार्यकर्ता कर रहे हैं 1 इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष धीरज चौहान, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष इंदल चंद्रवंशी, सुरेंद्र शर्मा, रामप्रवेश मिश्रा, प्रमेंद्र सिंह, अशोक शर्मा, सचिन चंद्रवंशी, नीतीश, जितेंद्र शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, पियूष दुबे, मोहरलाल मिश्रा, गोपाल, संतोष समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ई क्षमता एप से दक्ष होंगे नर्सिंग के विद्यार्थी

**पटना (नि.सं.)**। ई क्षमता एप से राज्य के नर्सिंग कॉलेजों के विद्यार्थी का क्षमतावर्द्धन होगा। अब नर्सिंग के विभिन्न कोर्स के विद्यार्थी को संस्थान में ऑफलाइन पढ़ाई के अलावा ऑनलाइन पढ़ने की सुविधा मिलेगी। अभी एएनएम और जीएनएम के विद्यार्थी एप के माध्यम से अध्ययन सामग्री मुफ्त में डाउनलोड भी कर सकेंगे।

## साइबर ठगी के बाद पीड़ित ने दिखाई सतर्कता तो लौटे डेढ़ लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद**। साइबर ठगी के बाद पीड़ित की सतर्कता से पुलिस ने उसके डेढ़ लाख रूपये दिलवाएं। साइबर ठगों ने ऑनलाइन फ्रॉड कर, खाते से 4 लाख 70 हजार रूपए उड़ा लिए थे। दरअसल मामले में पीड़ित ने शीघ्र ही पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई, तो साइबर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए खाते से निकाली गई राशि में से डेढ़ लाख रूपये लौटा दिए। रुपये वापस मिलने पर पीड़ित ने साइबर पुलिस के प्रति आभार जताया। मामला माली थाना क्षेत्र के सरिया गांव की है। उस गांव निवासी रॉबिन कुमार सिंह ने बताया कि बीते दिनों उनके खाते से ऑनलाइन फ्रॉड हुआ था जिसमें उन्होंने तत्काल सूचना साइबर पुलिस को दी जिसके आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुऐ पुलिस ने डेढ़ लाख रूपये की राशि वापस लौटाए। वहीं मामले में एसआई अशोक कुमार ने पीड़ित के 4 लाख 70 हजार रूपए में से डेढ़ लाख रूपये वापास लौटा दीए गए जबकि शेष राशि के लिए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी से भी अपना पासवर्ड, ओटीपी और सीवीवी कोड शेयर न करें। किसी भी अंजान लिंक पर क्लिक करने से बचें। आनलाइन ठगी का शिकार होने पर तत्काल 1930 नंबर पर अथवा नजदीकी थाने के साइबर सेल में अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

जन-जन की वाणी...

सोन वर्षा वाणी

2 राज्य | 4 संस्करण

केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक

प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती

**आवश्यकता :**

25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है।

इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com

नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगे।

प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121

आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546

रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433